RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 154
नई दिल्ली, सोमवार, 12 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके गेंदबाज
स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

# अक्टूबर तक देश में आएंगी 5 नई वैक्सीन

- स्पुतनिक को सबसे पहले मिलेगी मंजूरी, जॉनसन एंड जॉनसन, सीरम की नोवावैक्स, जाइडस कैडिला व भारत बायोटेक की इंट्रानेजल वैक्सीन भी हैं कतार में
- कई राज्यों में टीके की भारी कमी का दावा, प्रधानमंत्री ने 'टीका उत्सव' की शुरुआत की, जनता से की दूसरों की मदद की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रयागराज में रविवार को एक स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोनारोधी टीकाकरण कराती महिला

**कई** राज्यों में टीके की भारी कमी की रिपोर्टों के बीच रविवार को भारत में तीन दिवसीय टीका उत्सव शुरू हुआ। हालांकि इस बीच यह भी संकेत मिले हैं कि भारत को अक्टूबर तक पांच अन्य निर्माताओं से कोविड-19 वैक्सीन मिलेगी।

भारत अभी कोविशील्ड और कोवैक्सीन का निर्माण कर रहा है। एक समाचार एजेंसी ने शीर्ष सरकारी सूत्रों का हवाला दिया है जिसमें उन्होंने कहा, 'भारत स्थानीय स्तर पर कोविशील्ड और कोवैक्सीन का उत्पादन कर रहा है और हमें उम्मीद है कि 2021 की तीसरी तिमाही तक पांच और वैक्सीन मिल जाएंगी। इन वैक्सीन में स्पुतनिक फाइव (डॉ रेड्डी के सहयोग से), जॉनसन एंड जॉनसन वैक्सीन (बायोलॉजिकल ई के सहयोग से), नोवावैक्स वैक्सीन (सीरम इंडिया के सहयोग से), जायडस कैडिला की वैक्सीन तथा भारत बायोटेक की इंटरनसाल वैक्सीन शामिल हैं। देश में कोविड-19 वैक्सीन को आपात उपयोग की मंजूर देने से पहले केंद्र सरकार की मुख्य चिंता सुरक्षा और टीके की प्रभावशीलता है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि 20 टीके विभिन्न क्लीनिकल और प्री-क्लीनिकल चरण में है, स्पुतनिक फाइव को सबसे पहले अगले दस दिनों में मंजूरी मिल सकती है। वैक्सीन की खुराकों के निर्माण के (शेष पेज 9)

## सात राज्यों से हिमाचल जाने वालों के लिए निगेटिव रिपोर्ट जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। शिमला

**हिमाचल** प्रदेश सरकार ने उन सात राज्यों से प्रदेश में आने वाले लोगों के लिए कोविड-19 की नेगेटिव रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य कर दिया है, जहां कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए 16 अप्रैल से हिमाचल प्रदेश आने पर आरटी-पीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट (शेष पेज 9)

## कोरोना मामलों में रिकॉर्ड उछाल दिल्ली में हालात गंभीरः सीएम

- एक दिन में 10,732 केस, बेहद जरूरी हो तभी घर से निकलें
- केजरीवाल ने कहा- 65 प्रतिशत मरीज 45 साल से कम उम्र वाले, केंद्र सभी को टीका लगाने की दे अनुमति



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में कोरोना से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। रविवार को शहर में 10,732 नए मामले आए और 48 लोगों की मौत हो गई है। संक्रमण दर अब 9.43 प्रतिशत हो गई है। इससे पहले बीते साल 11 नवंबर को सबसे अधिक 8,593 मामले सामने आए थे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि शहर में स्थिति गंभीर है। महामारी की चौथी लहर बहुत खतरनाक है। बेहद जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोरोना वायरस की चौथी लहर पिछली लहर से ज्यादा खतरनाक है। सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है। महज कुछ हफ्तों पहले 16 फरवरी को दिल्ली में एक दिन में संक्रमण के 100 से कम मामले आए थे और अब पिछले 10-15 दिनों में मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। केजरीवाल ने कहा कि शहर में महामारी की मौजूदा चौथी लहर इतनी तेजी से फैल रही है कि इसने कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है।

केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कोविड-19 के लिए प्रतिदिन जांच की संख्या 80,000-85,000 से बढ़ाकर एक लाख से अधिक किया गया है। शनिवार को रिकॉर्ड स्तर पर 1.14 लाख से ज्यादा नमूनों की जांच की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण पूरा जोर दिया जा रहा है। उनके पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक शहर में 65 फीसदी मरीज 45 साल से कम उम्र के हैं। इन्हें अभी केंद्र की ओर से टीका लगाने की अनुमति नहीं है। यदि महामारी (शेष पेज 9)

## संतों के कोरोना संक्रमित होने से महाकुंभ में मची खलबली



कुंभ के शाही स्नान की पूर्व संध्या पर हरिद्वार में हर की पैड़ी पर एकत्र श्रद्धालुओं की भारी भीड़

पायनियर समाचार सेवा। हरिद्वार

- हरिद्वार में सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं के भारी भीड़ जुटने की संभावना
- कोरोना संक्रमित महंत नरेंद्र गिरि से मिले यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव

**हरिद्वार** महाकुंभ में सोमवती अमावस्या के शाही स्नान से ठीक एक दिन पहले साधु संतों की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि सहित आधा दर्जन से अधिक संतों के कोरोना संक्रमित होने से संत समाज और मेला प्रशासन में खलबली मच गई है। वहीं महंत नरेंद्र गिरी के कोरोना संक्रमित होने के बावजूद यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव उनसे मिलने निरंजनी अखाड़ा पहुंचे।

इस स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस आयोजन को लेकर चिंता जताई है और उनका मानना है कि यह कार्यक्रम सुपर स्प्रेडर साबित हो सकता है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार कुंभनगरी हरिद्वार में रविवार को निरंजनी अखाड़े के एक और जूना अखाड़ा के दो और संतों में कोरोना महामारी की पुष्टि हुई। नए मामलों को मिलाकर अब तक दोनों अखाड़ों में कुल नौ संत कोविड-19 पीड़ित पाए गए हैं। महाकुंभ मेले के लिए उत्तरदाई अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़ा के महंत नरेंद्र गिरी की रविवार को आई जांच रिपोर्ट में कोविड-19 की पुष्टि होने से महाकुंभ अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

पृथकवास में रह रहे महंत नरेंद्र गिरी के कोविड-19 ग्रस्त होने के बावजूद रविवार को उनसे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने निरंजनी अखाड़ा पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान किसी ने भी उन्हें महंत नरेंद्र गिरी से मिलने से नहीं रोका। इससे पहले, शनिवार देर रात स्वास्थ्य बिगड़ने पर महंत नरेंद्र गिरी को हरिद्वार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका हाल चाल पूछने मेला अधिकारी (शेष पेज 9)

## नोएडा में आग से दो बच्चों की मौत, 150 झुग्गियां राख



नोएडा के बहलोलपुर में झुग्गियों में लगी आग। फोटो: दीपक यादव

रिंकू यादव। नोएडा, लखनऊ

- सिलिंडर फटने से भड़की आग, तेज हवा के कारण फायर विभाग को करनी पड़ी मशक्कत

**नोएडा** फेज-3 के बहलोलपुर में रविवार दोपहर सिलिंडर फटने से झुग्गियों में लगी आग से दो बच्चों की मौत हो गई और 150 से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गई। आग बुझने के बाद फायर ब्रिगेड को दो बच्चों के शव मिले हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के साथ जांच के लिए फोरेंसिक लैब भी भेजा है ताकि डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान हो सके। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित व्यक्तियों को हर सम्भव (शेष पेज 9)

## किल्लत के बीच रेमडेसिविर इंजेक्शन के निर्यात पर रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने कोविड-19 के इलाज में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन रेमडेसिवर के निर्यात पर रोक लगा दी है। देश में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी के कारण आगामी दिनों में वायरल रोधी इंजेक्शन रेमडेसिविर की बढ़ती मांग के साथ घरेलू बाजार में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए यह फैसला लिया है।

कोविड महामारी के हालात में सुधार होने तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा। यह रोक सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) के तहत लागू किया गया है। रेमडेसिविर के निर्यात पर रोक का फैसला केंद्र ने दवा की दुकानों में इसकी कमी के साथ दवा के ब्लैक मार्केट में अधिक कीमत पर बिकने की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए किया है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात और मध्यप्रदेश से ऐसी रिपोर्ट सामने आई हैं। सरकार ने अधिकारियों से दर्जन भर दवा कंपनियों से रेमडेसिविर का मूल्य 11,00 से 1400 के बीच प्रति वॉयल (शेष पेज 9)

## शाह-दीदी के बीच तीखी तकरार जारी

बंगाल चुनाव

- ममता ने कूच बिहार फायरिंग में हुई मौतों को नरसंहार बताया, शाह ने तुष्टीकरण राजनीति को लेकर बोला हमला

सौगर सेनगुप्ता। नादिया



**कूच** बिहार के सीतलकूची में केंद्रीय बलों की फायरिंग मे चार लोगों की मौत को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नरसंहार करार दिया है। उन्होंने घटना के लिए सीधे गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराया और उनके इस्तीफे की मांग की।

पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा कि वह मौतों पर भी तुष्टीकरण की राजनीति कर रही हैं। सिलीगुड़ी में पत्रकारों से बात करते हुए ममता ने कहा कि यह पूर्व नियोजित घटना है, जिसमें निर्दोष लोगों की हत्या की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घटना के विरोध में काला कपड़ा लपेटा हुआ था। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने तस्वीरें देखी हैं, यह नरसंहार है। पैर या जांघ के बजाय केंद्रीय बलों ने सीधे सीने और गले में गोलियां दागी हैं।

इससे साबित होता है कि वे सिर्फ मारने के लिए फायरिंग कर रहे थे। चौथे चरण के मतदान के दौरान शनिवार को कूच बिहार जिले के सीतलकूची में बूथ संख्या 126, जोरपटकी पर कथित रूप से 300 से 400 लोगों की भीड़ ने हमला बोल दिया था। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सीआईएसएफ के जवानों ने गोली चला दी जिसमें चार लोगों की मौत हो (शेष पेज 9)

## उप्र में 30 अप्रैल तक कक्षा 12 तक के स्कूल और कोचिंग बंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कक्षा 1 से 12 वीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल 30 अप्रैल तक बंद किए जाने के निर्देश दिये हैं। टीम 11 के साथ आयोजित कोविड समीक्षा बैठक के दौरान सीएम ने कहा कि स्कूलों के साथ कोचिंग संस्थान भी 30 तक बंद रहेंगे। हालांकि इस अवधि के दौरान स्कूल पूर्व निर्धारित परीक्षाएं करा सकते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रविवार से टीका उत्सव की शुरुआत हुई है। प्रदेश में 6 हजार केन्द्रों पर टीकाकरण कार्य जारी है। 85 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती से बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती तक आयोजित टीका उत्सव के इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इसके लिए लोगों को (शेष पेज 9)

## हरिद्वार में जुटी भीड़ ने बढ़ाई स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

**हरिद्वार** में महाकुंभ में सोमवार को शाही स्नान में भाग लेने के जुटी हजारों की भीड़ ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है। उनको आशंका है कि यह महाआयोजन सुपर स्प्रेडर के रूप में तब्दील हो सकता है। उनका कहना है कि गंगा में डुबकी लगाना कोई समस्या नहीं है लेकिन आम तौर पर ऐसे कार्यक्रमों में भारी संख्या में लोग जुटते हैं तो सोशल डिस्टेंसिंग जैसे नियमों का पालन बिलकुल नहीं किया जाता, ऐसे में यदि कोई व्यक्ति कोरोना से पीड़ित है तो वह कई और लोगों को संक्रमित कर सकता है। सफदरजंग अस्पताल के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. जुगल किशोर ने कहा कि ऐसे लोग न केवल मेले में इकट्ठा लोगों को संक्रमित करेंगे बल्कि वे जब अपने घर जाएंगे तो परिवार के सदस्यों और अन्य को भी संक्रमित करेंगे। कोविड-19 का नया वैरिएंट बेहद संक्रामक है। इस साल कुंभ मेला में 15 लाख लोगों के भाग लेने की संभावना है।

फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम के डॉ. राहुल भार्गव ने कहा 'वहां से आ रही तस्वीरों से जाहिर है कि कोविड-19 प्रोटोकॉल का मुश्किल से पालन हो रहा। बहुत कम लोग मास्क का इस्तेमाल कर रहे हैं और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा है।' एमआईटी के एक अध्ययन के मुताबिक बड़ी संख्या में जुटने वाली भीड़ का असर उम्मीद से कहीं ज्यादा होता है। अध्ययन में बताया गया है कि 60 सुपर स्प्रेडिंग कार्यक्रमों में पाया गया कि एक व्यक्ति से छह अन्य लोग संक्रमित होते हैं।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,591 | |
| निफ्टी | 14,834 | |
| सोना | 46,257 | /10g |
| चांदी | 66,253 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सुशील चंद्रा का अगला मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनना तय

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा का देश का अगला मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनना तय हो गया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सबसे वरिष्ठ आयुक्त को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त करने की परंपरा के अनुरूप माना जा रहा है कि विधि मंत्रालय ने निर्वाचन सदन में शीर्ष पद के लिए उनके नाम को स्वीकृति दे दी है। सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में आदेश किसी भी समय जारी हो सकता है। चंद्रा 13 अप्रैल को पदभार संभालेंगे। फिलहाल निर्वाचन सीईसी सुनील अरोड़ा यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं। चंद्रा को लोकसभा चुनावों से पहले 14 फरवरी 2019 को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। वह 14 मई 2022 को अपने इस पद पदभार से मुक्त होंगे। उनके नेतृत्व में निर्वाचन आयोग गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराएगा।

## बोर्ड परीक्षा कराने की अनुमति पर राजनीतिक दल चिंतित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- कांग्रेस की रद्द करने की मांग, शिवसेना का एक समान फैसला लेने का अनुरोध

**कोरोना** महामारी के दौरान सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा कराने के केंद्र सरकार के फैसले को राजनीतिक पार्टियों ने गंभीरता से लेते हुए चिंता जाहिर की है। कांग्रेस ने बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित कराने की मांग करते हुए कहा है कि भीड़ वाले परीक्षा केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना असंभव है। शिवसेना ने केंद्र से 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा पूरे देश में एक समान निर्णय लेने की अपील की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए 4 मई से सीबीएसई परीक्षा कराने पर सरकार को फिर से विचार करना चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शिक्षामंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर बोर्ड परीक्षा निरस्त करने को कहा है। उन्होंने कहा कि नेता होने के नाते युवाओं की सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। सीबीएसई परीक्षा 2021 की संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 10वीं बोर्ड की परीक्षा 4 मई से 7 जून के बीच कराई जाएगी, वहीं 12वीं बोर्ड की परीक्षा 4 मई से 15 जून के बीच होंगी। सीबीएसई अधिकारी के अनुसार छात्रों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित कराने के लिए पूरे देश में परीक्षा केंद्रों की संख्या 40 से 50 फीसदी बढ़ाई जाएगी। आईसीएसई बोर्ड परीक्षा भी कई प्रदेशों में अगले दो माह के दौरान कराई जाएगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पूछा की कोरोना महामारी के दूसरे लहर के बीच परीक्षा कराने के निर्णय सीबीएसई को फिर से विचार करना चाहिए। इस तरह भारत के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है। प्रियंका ने शिक्षा मंत्री को लिखे पत्र में प्रियंका ने कहा कि बढ़ती महामारी के बीच बच्चों को परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर करने से पहले भारत सरकार और सीबीएसई बोर्ड को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि अगर कोई परीक्षा केंद्र कोरोना हॉटस्पाट बनता है और बड़ी संख्या में बच्चे संक्रमित होते हैं तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। शिवसेना ने केंद्र से पूरे देश में एक समान बोर्ड परीक्षा पर निर्णय लेने की अपील की है। इस संबंध में शिवसेना ने शिक्षा मंत्री निशंक को पत्र लिखा है।

## 72 घंटों में चार मुठभेड़, 12 आतंकवादी ढेर

- सुरक्षा बलों के अभियान से आतंकी गुटों को झटका, एक संगठन का पूरी तरह खात्मा

मोहित कंधारी। जम्मू



अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़ के बाद क्षतिग्रस्त मकान

**दक्षिणी** कश्मीर जिले के शोपियां, पुलवामा और अनंतनाग में 72 घंटों में एक के बाद एक हुई चार मुठभेड़ में एक दर्जन दहशतगर्द हलाक हो गए हैं। सुरक्षा बलों की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा, अल-बद्र और अंसार गजवत-उल-हिंद को इस साल अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। रविवार तड़के शोपियां में हुई मुठभेड़ में सबसे कम उम्र का आतंकी भी मारा गया, जिसकी पहचान फैसल गुलजार गनाई के रूप में हुई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गनाई मंगलवार को ही कथित तौर पर घर से गायब हुआ था और उसी दिन वह आतंकी संगठन में शामिल हुआ था। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों और गनाई के माता-पिता ने उसे आत्मसमर्पण करने के लिए मनाने की खूब कोशिश की, लेकिन अन्य आतंकवादियों ने उसे ऐसा करने की अनुमति नहीं दी।

सुरक्षा बलों ने 28 जून से वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की शुरुआत से पहले आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की है ताकि श्रद्धालुओं के लिए अनुकूल और सुरक्षित माहौल बने। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को त्राल में सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए अंसार गजवत-उल-हिंद के मुखिया इम्तियाज शाह को अमरनाथ यात्रा पर हमला करने का काम सौंपा गया था। तीनों आतंकी संगठनों में से अंसार गजवत-उल-हिंद के सबसे अधिक सात आतंकी मारे गए हैं। अल बद्र के तीन और लश्कर के दो दहशतगर्द इन मुठभेड़ में ढेर हुए हैं। ये सभी सुरक्षा बलों पर हमलों और स्थानीय आबादी को डराने-धमकाने में शामिल थे। वे स्थानीय युवकों को पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों में भर्ती कराने का काम भी कर रहे थे।

गुरुवार और शुक्रवार को हुई पहली दो मुठभेड़ में सात आतंकी ढेर हुए। दो और ऑपरेशन शोपियां में शनिवार शाम को शुरू हुए। इनमें एक आतंकी मारा गया जबकि शोपियां और अनंतनाग में रविवार तक जारी रही मुठभेड़ में चार अन्य दहशतगर्दों को सुरक्षा बलों ने मार डाला। इनमें टेरिटोरियल आर्मी के जवान मोहम्मद सलीम अखून की जान लेने वाले दो आतंकी भी शामिल हैं। क्षेत्र में आतंकवाद रोधी ग्रिड के अधिकारियों की पीठ थपथपाते हुए पुलिस महानिदेशक दिलबाग ने कहा कि इस अभियान के साथ अंसार गजवत-उल-हिंद (शेष पेज 9)

# गाजियाबाद में 110 केंद्रों पर शुरू हुआ वैक्सीनेशन

## 80 हजार टीके की पहुंची डोज, केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने किया निरीक्षण

● जिला प्रशासन ने स्वास्थ्यकर्मियों का रद्द किया रविवार का साप्ताहिक अवकाश



संजय नगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री और गाजियाबाद से सांसद जनरल वी.के. सिंह।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लखनऊ से कोरोना की लगभग 80 हजार वैक्सीन की डोज पहुंचते ही यहां के 110 टीकाकरण केंद्रों पर वैक्सीनेशन शुरू हो गया है। कोरोना की वैक्सीन यहां शनिवार को देर शाम तक पहुंची थी। टीकाकरण की आवश्यकता को देखते हुए रविवार को सभी स्वास्थ्य कर्मियों का साप्ताहिक अवकाश प्रशासन ने निरस्त कर दिया। प्रत्येक केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मी सैनिकों की तरह मुस्तैद दिखाई दिए।

जिला अधिकारी अजय शंकर पांडे ने बताया कि 14 अप्रैल तक चलने वाले टीका उत्सव को ध्यान में रखते हुए सभी केंद्रों पर टीकाकरण किया जा रहा है और किसी भी केंद्र पर वैक्सीन की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जिन 110 टीकाकरण केंद्रों पर टीकाकरण किया जा रहा है उनमें से 62 सरकारी और 39 निजी टीकाकरण केंद्र शामिल है। टीकाकरण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रविवार को गाजियाबाद के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने संजय नगर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय पर टीकाकरण की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया।

इस अवसर पर वीके सिंह ने कहा कि वैक्सीनेशन कराने का यह मतलब कतई नहीं है कि आप स्वतंत्र होकर बिना किसी नियम कायदे के घूमें। उन्होंने कहा कि टीका केवल सेफ्टी बेल्ट का काम करती है। इसके बावजूद भी हमें खुद व परिवार के लिए सावधान रहना है।

आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में 11 अप्रैल ज्योतिबा फुले की जयंती से लेकर 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक टीकाकरण पर्व मनाया जा रहा है। जिला संयुक्त चिकित्सालय संजय नगर टीकाकरण की विंडो पर भीड़ को देखकर जनरल वीके सिंह ने लोगों से कहा कि वे मास्क और सोशल डिस्टेंसी का पालन करें।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में विंडो के बाहर भीड़ एकत्र ना हो इसके लिए टोकन नंबर की डिस्प्ले मशीन बाहर लगाएं। निरीक्षण के उपरांत जनरल वीके सिंह ने जिलाधिकारी अजय शंकर पाण्डेय और मुख्य चिकित्साधिकारी से टीकाकरण अभियान की बेहतर व्यवस्था के लेकर चर्चा की।

# नोएडा में टीकाकरण महोत्सव का डीएम ने की शुरुआत

● 45 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले लोगों को ही लगेगी वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नागरिकों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बड़े स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में रविवार को जनपद में कोरोना को लेकर टीकाकरण महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। यह महोत्सव आगामी 14 अप्रैल तक संचालित रहेगा।

जिलाधिकारी द्वारा भंगेल सीएचसी पर पहुंचकर कोरोना टीकाकरण महोत्सव का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों का आह्वान करते हुए कहा कि संक्रमण से नागरिकों को सुरक्षित बनाने के लिए शासन निरंतर स्तर पर कृत संकल्पित है और इसी उद्देश्य से आज 11 अप्रैल से आगामी 14 अप्रैल तक कोरोना टीकाकरण महोत्सव संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जनपद के सभी केंद्रों पर निरंतर रूप से लक्षित 45 वर्ष एवं उससे अधिक के आयु वाले नागरिकों को कोरोना टीकाकरण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पात्र नागरिक सरकार के इस कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाकर कोरोना का टीका लगवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि टीका लगने के उपरांत भी सभी नागरिकों के द्वारा कोविड.19 प्रोटोकॉल का अनुपालन भी लगातार सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण के मरीज जनपद में बढ़ रहे हैं। अत: जरूरी है कि सभी नागरिक घर से बाहर निकलने पर घरेलू गमछे एवं मास्क का प्रयोग करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का भी अनुपालन सुनिश्चित करें। इसके अलावा बार-बार अपने नित्य जीवन में हाथ धोते रहें ताकि सभी नागरिक कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षित बने रहें।

# जान पर खेलकर बचाई तीन लोगों की जिंदगी

## जलती कार से ट्रैफिक सिपाही ने निकाला सुरक्षित, खुद झुलसा


हादसे वाले स्थान पर जलती कार।

**विभु मिश्रा।** गाजियाबाद

### कार सवारों की जान की थी चिंता


कॉन्स्टेबल अरुण सिंह

*तीन लोगों की जान बचाने वाले कॉन्स्टेबल अरुण सिंह ने बताया कि हादसे वाली जगह से वो करीब दो सौ मीटर दूर ड्यूटी कर रहे थे। तभी उन्होंने कार को पलटते हुए देखा। जिसके बाद वो भागते हुए वहां पहुंचे और कार सवारों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि कार में पीछे बैठी महिला को निकालने में काफी दिक्कत हुई और महिला के कार से निकलते ही कार आग का गोला बन गयी। उसी में वो भी झुलस गए। लेकिन कार सवार तीनों लोगों को मामूली खरोंचे ही आयीं। अरुण ने बताया कि उन्हें उस समय सिर्फ ये याद था कि उन्हें कार सवारों की जिंदगी बचानी है। चाहे उनकी जान चली जाए।*

मसूरी थाना क्षेत्र स्थित सुंदरदीप कॉलेज के पास शनिवार रात एक भयंकर हादसा हो गया। तेज रफ्तार दो कारे आपस में टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गईं। इनमे से एक कार में आग लग गई। इस कार के अंदर एक महिला समेत 3 लोग फंस गए थे। ट्रैफिक सिपाही अरुण सिंह ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए ड्यूटी पॉइंट से काफी दूर जाकर इन लोगों को जलती कार से बाहर निकाला। इस घटना में सिपाही अरुण भी बुरी तरह झुलस गया। इस बहादुरी पर डीआईजी/एसएसपी अमित पाठक ने अरुण को प्रशस्ति पत्र और 10 हजार रुपये नकद से सम्मानित करने की घोषणा की है।

मसूरी के डासना में नेशनल हाईवे-9 पर शनिवार रात करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। हाईवे पर तेज रफ्तार दो गाड़ियां आपस में टकरा गई और पलट गई। इनमे से एक वैगनआर कार में आग लग गई। इसमें एक महिला समेत तीन लोग सवार थे। पास में ही ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी अरुण ने तुरंत मौके पर पहुंचकर गाड़ी में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल लिया। इस दौरान अरुण भी काफी झुलस गया। अरुण को साथियों ने तुरंत शिवालिक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां से रविवार सुबह उन्हें छुट्टी दे दी गयी। इस हादसे में अरुण के दोनों हाथ, एक पैर और मुंह झुलस गया।

बता दें कि वहां से थोड़ी दूरी पर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे है। जहां पर किसान धरने पर बैठे हुए थे। इस वजह से काफी ट्रैफिक नेशनल हाईवे-9 पर डायवर्ट किया गया था। वक्त रहते पुलिसकर्मी ने हौसला नहीं दिखाया होता तो हादसा काफी भयंकर हो सकता था।

**बाइक पर पहुंचाया अस्पताल**

अरुण के साथी ट्रैफिक कॉन्स्टेबल सूर्यकांत त्यागी ने बताया कि जब ये हादसा हुआ तब वो भी डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर ड्यूटी कर रहे थे। जब तक वो वहां पहुंचे अरुण की वर्दी में आग लगी हुई थी। सूर्यकांत ने बताया कि उन्हें बहुत हैरानी और दुख हुआ जब अरुण की हालत देखने के बाद भी वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने अरुण को हॉस्पिटल पहुंचाना तक मुनासिब नहीं समझा। सूर्यकांत ने बताया कि बाद में उन्होंने अपने एक अन्य साथी कॉन्स्टेबल नरेंद्र के साथ बाइक पर बैठकर अरुण को शिवालिक हॉस्पिटल पहुंचाया।

## संक्षिप्त समाचार


रविवार को भोपुरा में आग लगने के बाद धू-धूकर जलतीं झुग्गियां।

### भोपुरा स्थित झुग्गियों में लगी भयंकर आग

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के भोपुरा इलाके स्थित झुग्गियों में रविवार तड़के भयंकर आग लग गई। इसमें 50 से ज्यादा झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। राहत इस बात की रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि दूर से ही देखी जा सकती थीं। इस दौरान वहां भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है कि आग आधी रात के बाद उस समय लगी, जब ज्यादातर झुग्गीवासी नींद में थे। अचानक कुछ लोगों ने आग भड़कती देखी और शोर मच गया। इसके बाद झुग्गी में मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। मौके पर काफी अफरातफरी मच गई। लोगों को कुछ समझ नहीं आया कि किधर जाएं। फायर ऑफिसर सुनील कुमार ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।


शराब के ठेके के विरोध में प्रदर्शन करते लोगों को समझाते अधिकारी।

### शराब ठेका हटाने को लेकर प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ रोड हाईवे पर अंबेडकर पार्क के पास खुले शराब के ठेके को अब तक बंद ना कराये जाने से गुस्साए स्थानीय लोगों ने रविवार को फिर ठेके के बाहर प्रदर्शन किया। लोगों के गुस्से को देखते हुए मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों को जल्द ठेके को वहां से हटवाने का आश्वासन देकर शांत किया। घटनाक्रम के अनुसार स्थानीय लोगों ने इकट्ठा होकर शराब की दुकान के बाहर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। जिसके बाद हालात को संभालने के लिए मुरादनगर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शन के बाद लोग अपनी समस्याओं को लेकर मोदीनगर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देने भी पहुंचे। लोगों ने बताया कि अंबेडकर पार्क के पास खुले इस शराब के ठेके से इलाके के लोगों का बाहर निकलना दूभर हो गया है। वहीं इलाके में आए दिन छेड़छाड़ की घटनाएं भी बढ़ने लगी है।

### हरियाणा से लाई जा रही लाखों की शराब बरामद

**गाजियाबाद।** पंचायत चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग में पुलिस द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के दौरान रविवार को डासना चेक पोस्ट से हरियाणा से लाई जा रही लाखों की शराब बरामद की गई है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान डासना चेक पोस्ट से एक अशोक लीलैंड गाड़ी पकड़ी गई। जिसमे लाखो रुपए कीमत की शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब ला रहे तस्कर अमित पुत्र प्रदीप निवासी संत कबीर बस्ती को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि वाहन से 63 पेटियों में 756 बोतल अवैध विदेशी शराब ऑफीसर्स चॉइस व्हिस्की, 74 पेटियों में 3700 पौवे अवैध देशी शराब, 20-20 मेट्रो ब्रांड हरियाणा राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य बरामद हुई।


अवैध शराब के साथ दबोचे गए आरोपी

# पुलिस हिरासत से भागे शख्स को एटा से किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



पुलिस अभिरक्षा से भागे एक अभियुक्त को थाना कासना पुलिस ने एटा जिले से गिरफ्तार कर लिया। अपर उपायुक्त (जोन तृतीय) विशाल पांडे ने रविवार को बताया कि थाना ईकोटेक- 3 पुलिस ने एक छात्रा को घर में घुसकर धमकी देने के आरोप में राजन नाम के शख्स को मार्च में गिरफ्तार किया था।

उन्होंने बताया कि राजन जिला कारागार लुक्सर में बंद था और उसकी तबीयत खराब होने पर उपचार के लिए उसे आठ अप्रैल को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग गया।

अपर उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में चार पुलिसकर्मियों को पुलिस आयुक्त आलोक सिंह ने निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अभिरक्षा से भागे कैदी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई थी और शनिवार देर रात को पुलिस की एक टीम ने एटा जिले से राजन को गिरफ्तार कर लिया। पांडे ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा से भागने के बाद अभियुक्त एटा में रहने वाली अपनी नानी के घर जाकर छुप गया था।

# संपत्ति कर के विरोध में लामबंद हुए पार्षद

● शासन से नहीं मिला बढ़ोतरी का आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




नगर निगम प्रशासन द्वारा चालू वित्त वर्ष से संपत्ति कर में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी को लेकर विवाद शुरू हो गया है। यदि निगम प्रशासन का कर बढ़ोतरी वाला यह फैसला लागू हो जाता है तो इस फैसले से महानगर के तीन लाख 68396 भवन स्वामी प्रभावित होंगे। पक्ष और विपक्ष से जुड़े अधिकांश पार्षद निगम प्रशासन के इस फैसले के विरोध में लामबंद हो गए हैं।

खास बात यह है कि 2014 में नगर निगम ने प्रत्येक 2 साल में हाउस टैक्स में 10 फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला लिया था उसी समय लगभग आधा दर्जन पार्षद हाईकोर्ट में पहुंच गए थे और एक याचिका दायर कर उस फैसले का विरोध किया था। उस समय हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एक अहम फैसला सुनाते हुए नगर निगम गाजियाबाद को आदेश दिया था कि वह संपत्ति कर में किसी भी बढ़ोतरी से पहले उत्तर प्रदेश शासन से अनुमति ले। उसके बाद ही कर बढ़ोतरी का फैसला निगम प्रशासन लागू कर सकता है लेकिन, आज तक संपत्ति कर बढ़ोतरी के लिए उत्तर प्रदेश शासन से कोई भी अनुमति नहीं ली गई है।

साफ जाहिर है कि नगर निगम उत्तर प्रदेश शासन की अनुमति के बगैर कर बढ़ोतरी का एकतरफा फैसला नहीं ले सकता। नगर निगम में सत्तारूढ़ भाजपा दल के सचेतक हिमांशु मित्तल ने बताया कि उस समय हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वालों में वह खुद शामिल थे इसलिए जब तक शासन से अनुमति नहीं मिलेगी हम नगर निगम प्रशासन के इस तुगलकी फरमान को लागू नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि आगामी बोर्ड और निगम कार्यकारिणी बैठक में इसका वरोध किया जाएगा। इसी क्रम में कांग्रेस पार्षद व निगम कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य मनोज चौधरी ने कहा कि नगर निगम अब नियम विरुद्ध काम कर रहा है और आम जनता का गला घोट रहा है। कोरोना के कारण लोग बेरोजगार हो गए हैं। ऐसे में संपत्ति कर बढ़ोतरी के इस फैसले को किसी भी कीमत पर लागू नहीं करने दिया जाएगा, जरूरत पड़ी तो वह निगम मुख्यालय पर आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे।

# दुजाना गांव में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

## शांतिपूर्ण चुनाव के लिए की अपील, उम्मीदवारों को सख्त हिदायत

**पंचायत चुनाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा पुलिस ने शनिवार को बादलपुर थाना क्षेत्र के दुजाना समेत कई गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। डीसीपी और एसीपी की अगुवाई में सैकड़ों पुलिस कर्मियों ने बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के कई गांवों में पैदल गश्त किया। इस दौरान लोगों से संवाद किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत की जिसमें शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग देने की अपील की। उम्मीदवारों को चुनाव आचार संहिता का पालन करने की सख्त हिदायत भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अगर किसी उम्मीदवार के खिलाफ शिकायत मिलेगी, तो पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।


त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर दुजाना में फ्लैग मार्च निकाले पुलिस के जवान।

बताते चलें कि गौतमबुद्धनगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। खासतौर पर ग्रेटर नोएडा पुलिस शहर के बाहरी और ग्रामीण इलाकों में लगातार फ्लैग मार्च निकाल रही है। लोगों को शांतिपूर्ण मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उम्मीदवारों से किसी भी तरह की अनैतिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने की हिदायत दी जा रही है।

पुलिस खासतौर पर उन गांवों को लेकर सतर्क है, जो अतिसंवेदनशील और अतिसंवेदनशील प्लस की श्रेणी में हैं। उन सभी गांवों पर प्रशासन की पैनी नजर है। जिले में कुल 88 गांवों में ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं। जिले में 28 मतदान केंद्र अति संवेदनशील प्लस की श्रेणी में हैं। इसके अलावा 45 केंद्र अति संवेदनशील हैं। 59 मतदान केंद्रों को संवेदनशील कैटगरी में रखा गया है। बड़ी बात यह है कि जिले में एक भी मतदान केंद्र सामान्य श्रेणी में नहीं है।

# 24 घंटे बाद केएमपी एक्सप्रेसवे पर आवागमन हुआ सुचारू

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

डासना टोल प्लाजा के पास शनिवार सुबह से 24 घंटे के लिए केएमपी एक्सप्रेसवे को बंदकर बैठे किसानों ने रविवार सुबह एक्सप्रेसवे को खोल दिया। जिसके बाद वहां से वाहनों का संचालन सुचारू हो सका।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान 10 अप्रैल सुबह 8 बजे से 11 अप्रैल सुबह 8 बजे तक केएमपी पर जाम लगाकर बैठे थे। डासना टोल प्लाजा के पास केएमपी एक्सप्रेसवे को बंदकर बैठे किसानों का नेतृत्व कर रहे किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि 24 घंटे के बाद अब उन्होंने केएमपी एक्सप्रेसवे को खोल दिया है।

उन्होंने दावा किया कि केएमपी बंद का आह्वान पूरे देश में सफल रहा है। किसानों ने कहा कि अगर सरकार पर किसान आंदोलन या बड़े विरोध प्रदर्शनों से कोई फर्क नहीं पड़ता है, तो उनकी अगली रणनीति संसद घेरने की होगी।


केएमपी पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर धरने के दौरान चारपाई पर लेटकर साथियों के साथ चर्चा करते राकेश टिकैत।

इससे पहले भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत, किसान नेता जगतार बाजवा आदि ने किसानों के साथ रात एक्सप्रेसवे पर ही गुजारी।

# मिट्टी के अवैध खनन के आरोप में आठ गिरफ्तार

**नोएडा।** रबूपुरा थाना पुलिस ने अवैध रूप से मिट्टी खनन करने के आरोप में 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध खनन में इस्तेमाल होने वाले पांच डंपर तथा तीन पोपलेन मशीन बरामद की हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त (तृतीय जोन) विशाल पांडे ने बताया कि बीती रात रबूपुरा थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कविराज, रविंद्र, जगदेव, देवेंद्र, सौरव, जगदेव, विकास और संतोष को गिरफ्तार कर लिया।

पांडे ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध खनन के में प्रयोग होने वाले पांच डंपर और तीन पोपलेन मशीन आदि सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग काफी दिन से अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रहे थे।

# ग्रेनो वेस्ट के साप्ताहिक बाजार बने लोगों के लिए सिरदर्द

## खरीदारी के लिए जमकर उमड़ी भीड़, कोरोना प्रोटोकॉल की उड़ाई जा रही धज्जियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर में कुछ दिनों से कोरोना के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। जिले में अब रोजाना 200 से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। जिसके कारण डीएम सुहास एलवाई ने जिले में नाइट कर्फ्यू लगा दिया है। लेकिन फिर भी लोगों को कोरोना संक्रमण का डर नहीं है। लोग खुलेआम कोरोना प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रही है। यह फोटो ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित ऐस सिटी हाउसिंग सोसायटी के पास लगा रहे साप्ताहिक बाजार का बताया जा रहा है। इस फोटो में साफ तौर पर दिख रहा है कि लोग खुलेआम घूम रहे हैं। लोग कोविड़-19 के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस फोटो के वायरल होने के बाद लोगों के जिला प्रशासन पर काफी सवाल खडे हो गए हैं। आपको बता दें कि जिले में कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पिछले 4 दिनों से जिले में कोरोना के काफी डरावने मामले सामने आए हैं। ऐसे में डीएम ने नाइट कर्फ्यू लगा दिया है। इस नाइट कर्फ्यू के अनुसार अब कोई भी व्यक्ति बिना किसी जरुरी काम से अपने घर से बाहर नहीं निकल सकता, अगर कोई भी बिना जरुरी कार्य के अपने घर से बाहर निकला तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।


ग्रेनो वेस्ट स्थित ऐस सिटी हाउसिंग सोसाइटी के बाहर लगे साप्ताहिक बाजार में वायरल वीडियो का दृश्य।

इसके आलावा पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रोजाना गौतमबुद्धनगर में पुलिस चैकिंग अभियान चला रही है। जिसके तहत जो लोग बिना मास्क के सार्वजनिक स्थान पर घूमते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार और शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर पुलिस ने लोगों का बिना मास्क और कोरोना प्रोटोकॉल का उंल्लघन करने वाले सैकडों लोगों से लाखों रुपये वसूले हैं।

# विजयनगर जोन में सरकारी अस्पताल बनाने का रास्ता साफ

● नगर विकास विभाग ने जारी किया एनओसी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विजयनगर जोन में बहुत जल्द एक और सरकारी अस्पताल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस अस्पताल के निर्माण के लिए नगर विकास मंत्रालय के नगर विकास विभाग ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जिला प्रशासन को जारी कर दिया है। इस इलाके में 50 बेड की क्षमता का अस्पताल होगा जिसमें सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं होंगी।

उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री व विधायक अतुल गर्ग ने बताया कि 2018 से यहां अस्पताल बनाने के लिए प्रयास चल रहा था। जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद इस मामले में पहल करते हुए यहां अस्पताल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि वह खुद इस अस्पताल के निर्माण के लिए प्रयासरत थे और उन्हीं के प्रयास के फलस्वरूप यह सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि अभी तक जीटी रोड स्थित जिला एमएमजी अस्पताल और संजय नगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल पर ही शहर की जनता निर्भर रहती थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# अस्पतालों में बेड कम पड़े तभी लगेगा लॉकडाउन

- मुख्यमंत्री ने लोगों से की कोविड नियमों का पालन करने की अपील
- केंद्र सरकार से मांगी घर-घर जाकर सभी को टीका लगाने की इजाजत



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

कोविड-19 महामारी से दिल्ली के हालत गंभीर होते जा रहे हैं। बढ़ते खतरे को देखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए उनकी सरकार तमाम कोशिश कर रही है। वह पहले भी कह चुके हैं कि उनकी सरकार लॉकडाउन के पक्ष में नहीं है क्योंकि यह महामारी का समाधान नहीं है। हां, यदि अस्पतालों में बेड कम पड़े, तभी लॉकडाउन लगाने की नौबत आएगी।

मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और बार-बार हाथ धोने का अनुरोध किया है, ताकि बीमारी को काबू किया जा सके। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को डिजिटल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अस्पतालों में अभी बेड काफी संख्या में उपलब्ध हैं।

पूरी व्यवस्था नियंत्रण में रही तो दिल्ली में लॉकडाउन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यदि अस्पतालों में बेड की कमी होने लगी और मरीजों को बेड नहीं मिलेंगे तो लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है। व्यक्तिगत रूप से वह लॉकडाउन लगाना नहीं चाहते हैं लेकिन महामारी को काबू करने के लिए दिल्ली वालों का सहयोग चाहिए।

## बहुत जरूरी होने पर ही अस्पताल में हों भर्ती: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

- दिल्ली में दुनिया के सबसे अच्छे होम आइसोलेशन का उठाएं फायदा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जरूरी होने पर ही संक्रमित व्यक्ति अस्पताल में भर्ती हों। कुछ लोग सिर्फ निजी अस्पतालों की तरफ दौड़ रहे हैं। यह प्रवृति भी ठीक नहीं है। निजी अस्पतालों में बेड कम होते हैं। पिछले पांच साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने सरकारी अस्पतालों की कायापलट कर दी है।

अस्पतालों में बहुत अच्छा इलाज हो रहा है। पैसे वाले लोग भी सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील है कि वे सिर्फ प्राइवेट अस्पतालों की तरफ न भागें, सरकारी अस्पतालों में भी अच्छा इलाज मिलेगा। यदि ऐप दिखाता है कि सरकारी अस्पताल में बेड खाली है, तो मरीज सरकारी अस्पताल में जाएं, लेकिन अस्पताल में तभी जाएं, जब मरीज को जरूरत हो। वरना होम आइसोलेशन में रहिए।

सभी लोग अस्पताल की तरफ भागने लगेंगे तो अस्पतालों में बेड, आईसीयू और वेंटीलेटर कम पड़ जाएंगे। अस्पताल के बेड केवल गंभीर मरीजों के लिए रहने दीजिए। अगर साधारण लक्षण वाले अस्पताल चले गए, तो उन्होंने एक बेड को घेर लिया, जबकि उनका इलाज घर पर हो सकता है।

ऐसी स्थिति में अगर कोई गंभीर मरीज आता है, तो उसे बेड नहीं मिलेगा, उसे इंतजार करना पड़ेगा। उसकी मौत भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से कहा कि हल्के लक्षण होने पर होम आइसोलेशन में रहे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम मरीज से संपर्क करेगी और सारे दिशा-निर्देश बताएगी।

केजरीवाल ने सभी राजनीतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं है, बल्कि मिलकर सेवा करने का है। वह लॉकडाउन लगाना नहीं चाहते हैं, लेकिन इसमें सभी का सहयोग चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वक्त वह मोटे तौर पर तीन स्तर पर काम कर रहे हैं। पहला, किस तरह से कोरोना को फैलने से रोका जाए।

इसमें खासतौर से सरकार अकेले बहुत कुछ नहीं कर पाएगी, इसमें आम लोगों को सहयोग देना पड़ेगा। यह सहयोग किसी और के लिए नहीं, बल्कि हमें अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य के लिए बढ चढ़कर कोरोना के सभी दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए। अपनी सेहत अपने हाथ में हैं। उन्हें भरोसा है कि जैसे पिछली 3 लहर चली गई, उसी तरह यह चौथी लहर भी चली जाएगी।



## आज से मुश्किल हो सकता है बस और मेट्रो में सफर

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

रविवार को यात्रियों के पचास प्रतिशत क्षमता के अनुसार बसें और मेट्रो चली। छुट्टी का दिन होने के कारण लोगों को खास दिक्कत तो नहीं आई लेकिन सोमवार को पहला कार्यदिवस होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

बस और मेट्रो को लेकर देर शाम को आए आदेशों के बारे में सुबह के समय लोगों को कम ही जानकारी थी। नतीजन कुछ लोग चालक और परिचालकों से उलझते नजर आए। बस स्टैंड पर चालकों ने केवल पचास प्रतिशत सवारों को बिठाया, जितने सवारी उतरती उतने ही लोगों को बसों में बिठाया जाता। वहीं मेट्रो में भी सख्ती देखने को मिली। डीएमआरसी ने नियमों को पालन कराने के लिए कर्मचारियों को उतारा। केवल रिजर्व सीटों पर यात्री बैठे, इसके लिए लगातार मेट्रो में जानकारी दी जाती रही। सोमवार को सप्ताह का पहला कार्यदिवस है।

अधिकतर लोग दफ्तरों और दुकानों पर जाने के लिए बसों और मेट्रो का प्रयोग करते है। अभी नाइट कर्फ्यू है लेकिन दिन में पूरी क्षमता के साथ दफ्तर और बाजार खुले है। काम करने वाले लोगों को वर्किंग ओवर में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



टीकाकरण के बाद प्रमाणपत्र संग फोटी खिंचवाती महिला।

## तीनों जेलों में 200 कैदियों को लगा टीका

**नई दिल्ली।** राजधानी में तीन जेलों के लगभग 200 पात्र कैदियों को कोरोना वायरस से बचाव के लिए टीका लगाया गया है और उनमें से किसी में भी कोई प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिला है।

दिल्ली की जेलों में कुल 326 कैदी 60 साल से ऊपर के हैं, और 45-59 आयु वर्ग में 300 से अधिक कैदी हैं। ए दोनों श्रेणियों के लोग इस समय जारी राष्ट्रव्यापी अभियान में टीकाकरण के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली कारागार विभाग ने कैदियों को टीका लगाने के लिए तिहाड़ जेल में एक कोविड-19 टीकाकरण केंद्र स्थापित किया था। इसे केंद्रीय जेल अस्पताल में जेल नंबर तीन में स्थापित किया गया था।

## टीकाकरण में देशवासियों को प्राथमिकता दे केंद्र : चड्ढा

- वैक्सीन को विदेशों में भेजे जाने पर आप नेता ने उठाए सवाल, पीएम को लिखा पत्र



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा ने देश में सभी को कोविड-19 रोधी टीका लगाए जाने और टीकाकरण में देशवासियों को प्राथमिकता दिए जाने को समय की जरूरत बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि टीकों की उपलब्धता के मामले में पहले-भारत की ठोस नीति अपनाई जानी चाहिए और दूसरे देशों को टीकों का निर्यात करने के बजाय अपने देश के नागरिकों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। आप नेता ने पत्र में कहा कि केन्द्र सरकार ने 84 देशों को टीकों की छह करोड़ 40 लाख से अधिक खुराक देने का फैसला किया, जबकि देश के नागरिक ऐसा टीकाकरण केन्द्र शिद्दत से खोज रहे हैं, जो अब भी खुला हो।

चड्ढा ने कहा, मैं भारत सरकार से पूछना चाहता हूं कि उसकी प्राथमिकता देश की जनता है या दूसरे देश की जनता की ? उन्होंने सरकार से महत्वहीन अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा बटोरने से पहले भारत की समस्त 135 करोड़ आबादी के टीकाकरण को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। चड्ढा ने कहा, टीके की खुराकों को दूसरे देशों में भेजकर टीकाकरण केन्द्रों को बंद मत होने दीजिए।

## प्रदूषण से न घुटे दम, ऑनलाइन राउंड टेबल कांफ्रेंस आज से

**नई दिल्ली।** सर्दियों में प्रदूषण से दिल्ली वालों को दम नहीं घुटे इसके मद्देनजर दिल्ली सरकार सोमवार से दो दिवसीय ऑनलाइन राउंड टेबल कांग्रेस बुलाई है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में अगले पांच साल में प्रदूषण को एक तिहाई कम करने का लक्ष्य रखा है।

इस सम्मेलन में विशेषज्ञों और संगठनों से मिले सुझावों के आधार पर दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए दीर्घकालीन कार्य योजना बनाएगी। कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए पर्यावरण विभाग ने इस सर्दियों की शुरुआत से पहले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए किए जाने वाले उपाय विषय पर ऑन लाइन राउंड टेबल कांफ्रेंस आयोजित कर रही है। इस सम्मेलन में शैक्षणिक संस्थानों से विशेषज्ञ और स्वयंसेवी संगठनों व गैर सरकारी संगठनों, प्रमुख सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

## कर्फ्यू उल्लंघन में 2,500 से अधिक लोगों के खिलाफ मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा लगाए गए रात्रिकालीन कर्फ्यू का कथित तौर पर उल्लंघन करने के लिए 2,500 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस संबंध में शनिवार रात 10 बजे से रविवार की सुबह पांच बजे तक 222 मामले दर्ज किए गए ।दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त जनसंपर्क अधिकारी अनिल मित्तल ने कहा कि



दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 65 और सीआरपीसी की धाराओं 107 और 151 के तहत कुल 2,523 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने कोविड-19 मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लोगों को 520 चालान जारी किए दिल्ली सरकार ने मंगलवार को सात घंटे का रात्रि कर्फ्यू लगाए जाने की घोषणा की थी। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वाराकोविड-19 स्थिति की समीक्षा किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया।



टीकाकरण के बाद महिलाओं को जूस देते नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी।

## वैक्सीनेशन केंद्रों पर टीका उत्सव का उत्साह

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

- टीका लगाने आने वालों का फूल मालाओं व जूस देकर किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 11 से 14 अप्रैल तक टीका उत्सव मनाने की अपील पर दिल्ली में वैक्सीनेशन सेंटर पर उत्सव का महौल रहा। वैक्सीन की खुराक लेने के लिए आने वालों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें फल, जूस के साथ मास्क भी बांटे गए ताकि अधिक से अधिक लोग टीकाकरण को लिए आगे आएं।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की महापौर अनामिका ने रविवार को बदरपुर बॉर्डर पर स्थित निगम टीकाकरण केंद्र में वैक्सीनेशन के लिए आए लोगों का स्वागत किया। इन लोगों का माला पहनाकर स्वागत किया गया और फल, जूस के साथ-साथ मास्क भी दिये गए ताकि उन्हें याद रहे कि टीकाकरण के बाद भी सभी एहतियत बरतनी है।

इस अवसर पर अनामिका ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 11 अप्रैल को समाज सुधारक और प्रेरक ज्योतिराव फुले के जन्म दिन से टीका उत्सव की शुरुआत की है जो 14 अप्रैल को महान संविधानवेत्ता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन तक चलेगा। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मकसद अधिक से अधिक लोग टीकाकरण केंद्र पर पहुँचे और टीका लगवाएं। लोगों को खासकर जिनकी उम्र 45 वर्ष से अधिक हैं उन्हें टीकाकरण केंद्रों तक आने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की वे अपने क्षेत्र में चलाए जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम चलाएं।

## घर में लगी आग, 5 लोगों को सुरक्षित निकाला

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में एक घर में रविवार तड़के आग लगने के बाद पांच लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने के बारे में सुबह चार बजकर 18 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की चार गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया।

उन्होंने बताया कि ग्रेटर कैलाश-2 में एक इमारत की पहली मंजिल में आग लगी और इससे ऊपर की मंजिल में रह रहे लोग अंदर फंस गए। एक वरिष्ठ दमकल अधिकारी ने बताया कि दूसरी मंजिल से पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उनकी पहचान शिवानी (27), भारत (35), नवनीत (31), सी आर राम (60) और रोमिल (57) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों को बचाव करने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। लेकिन कर्मियों ने अपनी जान पर खेलते हुए काम को अंजाम दिया।

### शास्त्री पार्क में 200 फर्नीचर की दुकानें जलकर खाक

डीएफएस को देर रात 12 बजकर 45 मिनट पर शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास विजय कोर्ट में फर्नीचर मार्केट में आग लगने की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि दमकल की 27 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। घटना में करीब 200 दुकानें जलकर खाक हो गई।



## मार्च में दमकल सेवा के पास आई 2500 से अधिक कॉल

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली के दमकल विभाग के पास मार्च में 2,573 कॉल आई, जो पिछले साल के इसी महीने में आई करीब 1,600 कॉल की तुलना में काफी अधिक है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में पिछले महीने औसत अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले 11 वर्षों में सबसे गर्म मार्च रहा। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, उसके पास जनवरी में 1,851 कॉल आई, फरवरी में 1,700 और मार्च में 2,573 कॉल प्राप्त हुए, जबकि पिछले साल मार्च में 1,638 कॉल आई थी।

डीएफएस के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि तापमान में वृद्धि के साथ कॉल की संख्या बढ़ती गई और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। गर्ग ने कहा, फरवरी के बाद से कॉल लगभग दोगुनी हो गई हैं। मार्च के पहले सप्ताह से कॉल की संख्या बढ़ गई। अब, मार्च के अंतिम सप्ताह से हमें अधिक संख्या में कॉल आ रही हैं।

## किन्नर की हत्या के लिए दी थी 55 लाख की सुपारी


मृतका की फाइल फोटो

- वारदात में वांछित मास्टरमांइड और सहयोगी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

जीटीबी एन्क्लेव इलाके में पिछले साल सितंबर में एक किन्नर की क हत्या के मामले में वांछित अपराधी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। यह हत्या किन्नरों के दो समूहों के बीच सामाजिक अवसरों पर लोगों से पैसा इकट्ठा करने को लेकर प्रतिद्वंद्विता के चलते हुई थी। जांच में पता चला है कि हत्या के लिए 55 लाख की सुपारी दी गई थी।

पुलिस ने बताया कि इन गिरफ्तारियों के साथ ही इस मामले में अभी तक छह लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पश्चिम विहार के पश्चिम पुरी निवासी गगन भारद्वाज उर्फ गगन पंडित और लाल कुआं क्षेत्र निवासी वरुण (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि किन्नर एकता जोशी की पांच सितंबर 2020 को जीटीबी एंक्लेव इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि पंडित और आमिर नाम के एक अन्य व्यक्ति ने उस पर कथित तौर पर गोली चलाई थी। उन्होंने बताया कि एकता, उसकी सौतेली मां अनीता जोशी और सौतेला भाई आशीष जोशी लक्ष्मी



नगर से अनीता के घर आए थे, तभी यह घटना हुई थी। उन्होंने कहा कि रात लगभग 8.30 बजे, दो व्यक्ति एक स्कूटर पर आए और कई गोलियां चलाईं जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रमोद सिंह कुशवाह ने कहा, पुलिस को आरोपियों के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी और शनिवार को पुलिस ने निरंकारी समागम मैदान के पास जाल बिछाया। आरोपी सुबह करीब पांच बचे मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन की तरफ से एक कार में देखे गए। उन्हें रुकने का इशारा किया गया, लेकिन आरोपियों ने अपनी पिस्तौलें निकाल लीं और पुलिस पर गोली चला दी। हालांकि, पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान पंडित का नाम 55 लाख रुपए लेकर एकता की हत्या की योजना के मुख्य षड्यंत्रकर्ता के तौर पर आई।

डीसीपी ने कहा कि किन्नरों के एक समूह के सदस्य मंजूर इलाही ने प्रतिद्वंद्वी समूह की अनीता और एकता को मारने के लिए उससे संपर्क किया था। पुलिस ने कहा कि हत्या के लिए इलाही, पंडित को 55 लाख रुपए देने को तैयार हो गया। पुलिस ने बताया कि फरीदाबाद की सोनम और वर्षा और जीटीबी एंक्लेव के कमल और मंजूर इलाही किन्नरों के उस समूह से थे जो एकता और अनीता का प्रतिद्वंद्वी समूह था।

### नशे में गाली-गलौज फिर कर दी हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में शराब पीने के बाद गाली-गलौज करने पर 35 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी प्रदीप और राजू दोनों मंगोलपुरी के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि चंद्रभान का शव सोमवार सुबह 9.35 बजे पाया गया था। उसके शरीर पर चोट के कई निशान थे। पुलिस उपायुक्त परमिंदर सिंह ने कहा, जांच के दौरान, यह पाया गया कि मृतक को आखिरी बार मोटरसाइकिल पर दो लोगों के साथ देखा गया था, जिनकी पहचान प्रदीप और राजू के रूप में हुई है।

## वर्ल्ड मेट्रो सिस्टम का होगा सर्वे, डीएमआरसी ने भी मांगे सुझाव

### कॉमेट और नोवा की प्रबंधक एजेंसी 12 अप्रैल से 9 मई तक 8वां उपभोक्ता संतुष्टि सर्वे आयोजित करेगी



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

- राय के आधार पर और सेवा में होगा सुधार

दुनिया भर के मेट्रो रेल संस्थानों के मानक संगठन कॉमेट और नोवा की प्रबंधक एजेंसी ट्रांसपोर्ट स्ट्रेटेजी सेंटर, इंपीरियल कॉलेज, लंदन इस वर्ष 12 अप्रैल से 9 मई 2021 तक 8वां उपभोक्ता संतुष्टि सर्वे आयोजित करने जा रही है। इस सर्वेक्षण का मकसद यात्रियों की मेट्रो परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर उनकी राय से अवगत होना है ताकि उनके सुझावों से मेट्रो सेवा की गुणवत्ता को और सुधारा जा सके।

इसी के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो ने अपने यात्रियों से राय मांगी है जो मेट्रो यात्री इस सर्वे का हिस्सा बनना चाहते हैं, उन्हें दिल्ली मेट्रो की www.delhimetrorail.com वेबसाइट पर सर्वे को लिंक के जरिए ऑनलाइन पूरा भरना होगा।

यह सर्वेक्षण हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध रहेगा। मेट्रो प्रवक्ता अनुज दयाल के मुताबिक जिन महत्वपूर्ण पहलुओं पर सर्वे में राय मांगी गई है, उनमें समग्र संतुष्टि, उपलब्धता, पहुंच, भरोसा, सूचना उपलब्धता, सेवा गुणवत्ता, ग्राहक सेवा, संरक्षा व सुरक्षा, उपयोग में आसानी, यात्रा पूर्व और यात्रा के दौरान सूचना उपलब्धता, सुविधा, भीड़भाड़ सुरक्षा और कोविड महामारी के दौरान अनुभव आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। डीएमआरसी के मुताबिक टीएससी द्वारा यह सर्वे विश्व भर की चुनिंदा मेट्रो में एक साथ किया जाता है ताकि दुनिया भर के मेट्रो यात्रियों की राय मिल सके। इससे दुनिया भर के मेट्रो सिस्टम आने वाले समय में यात्रियों के सुझाव का आदान प्रदान कर अपनी सेवा की गुणवत्ता में और सुधार कर सकेंगे। ज्ञात हो कि डीएमआरसी अपने सेवा में गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयासरत है।

# सिलेंडर फटने से झुग्गियों में लगी आग, सब खाक

## मानेसर के पास गांव नाहरपुर के खेतों में बनी झुग्गियों में लगी आग

## फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से बुझाई आग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के मानेसर के पास गांव नाहरपुर के खेतों में बनी झुग्गियों में लगी भयंकर आग।

**गर्मी** प्रचंड होने के साथ ही अब आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। एक सप्ताह में गुरुग्राम में आगजनी की दो बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। बुधवार की रात को शहर के बीचों-बीच पांच मंजिला दुकान के साथ अन्य दुकानें जलकर राख हो गई, वहीं रविवार को मानेसर के पास गांव नाहरपुर के खेतों में बनी झुग्गियों में सिलेंडर फटने से आग लगी और सभी झुग्गियां जलकर राख हो गई।

रविवार दोपहर करीब 12 बजे इन झुग्गियों में आग लगी। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, आग ने सभी झुग्गियों को अपने आगोश में ले लिया। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग लगने के कारण झुग्गियों में रखे छोटे सिलेंडर एक के बाद एक फटने लगे और आग बढ़ने लगी। रविवार को हवा भी चल रही थी, इस कारण आग हवा के रुख के साथ फैलती रही। कूड़ा बीनकर अपना गुजारा करने वाले लोगों के सपने अपने सामने ही जलते नजर आए क्योंकि उन्होंने बहुत सारा सामान कूड़ा से निकालकर यहां कबाड़ के रूप में एकत्रित कर रखा था। जिसे वे बेचते थे। सबसे अधिक यहां प्लास्टिक की खाली बोतलें थीं। आग बुझाने को दमकल विभाग के लिए कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गनीमत रही कि आग लगने की सूचना के साथ ही झुग्गियों से लोग बाहर आ निकले। खूब शोर-शराबा मच गया। भगदड़ मची रही। पीड़ित लोग वहां चीख-पुकार मचा रहे थे। जिनकी झुग्गियां जली, उन्होंने पुलिस नियंत्रित करने के प्रयास कर रही थी। खेड़कीदौला पुलिस थाना के एसआई अजय सिंह दलबल सहित मौके पर तैनात रहे। वहां उन्होंने लोगों की भीड़ को तितर-बितर किया। सुनिश्चित किया कि कोई व्यक्ति झुग्गियों के अंदर तो नहीं है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम के दमकल केंद्रों के अलावा हौंडा कंपनी व मानेसर फायर ब्रिगेड से कुल 10 गाड़ियां आग बुझाने को बुलाई गई। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# गुरुग्राम से चंडीगढ़ तक ट्रेन चलाने की करेंगे मांग: डा. डीपी गोयल



गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल का स्वागत करते लोग व स्टेशन स्टाफ।

## रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**गुरुग्राम।** रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन का दौरा करके वहां की समस्याओं को जाना और कर्मचारियों, अधिकारियों व आम नागरिकों द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान से सुना। आश्वासन दिया कि सभी के सुझावों पर काम होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि गुरुग्राम से सीधे चंडीगढ़ के लिए कोई ट्रेन नहीं है। अधिकारियों, कर्मचारियों व आम जनता को काम के लिए चंडीगढ़ जाना पड़ता है। इसलिए चंडीगढ़ तक ट्रेन चलवाने की मांग सरकार से की जाएगी।

डा. डीपी गोयल ने रेलवे के अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन का बारीकी से निरीक्षण किया। जहां पर स्वच्छता की कमी नजर आई, वहां सफाई के निर्देश दिए। उन्हें बताया गया कि स्टेशन पर सफाईकर्मी नहीं हैं। पिछला टेंडर खत्म हो चुका है। इस पर डा. डीपी गोयल ने कहा कि जल्द ही नगर निगम की ओर से यहां सफाईकर्मी लगवाए जाएंगे, ताकि स्वच्छता बनी रहे। फिलहा उन्होंने स्टेशन पर 28 डस्टबिन भी रखवाए।

# संक्षिप्त समाचार

## मंडी आढ़ती से गन प्वाइंट पर हुई हजारों की लूट

**पलवल।** अनाज मंडी में आढ़त की दुकान करने वाले आढ़ती से बाइक सवार चार युवक गन प्वाइंट पर हजारों रुपये की नकदी को लूटकर फरार हो गए। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी महेंद्र के अनुसार ओमेक्स सिटी में रहने वाले संजय गर्ग ने शिकायत दर्ज कराई है कि मंडी में 22 नंबर आढ़त की दुकान है। पीड़ित 9 अप्रैल को रात को अपनी आढ़त से बाइक पर सवार होकर घर के लिए आ रहा था। रात करीब 12 बजे के करीब जिंदल नर्सिंग होम से थोड़ा आगे नाले के पास बाइक सवार चार युवकों ने पीड़ित को रोक लिया। गन प्वाइंट पर 19 हजार 300 रुपये की नकदी को लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कई थाना क्षेत्रों में दो महिला और एक बालिग लड़की हुई लापता

**पलवल।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो महिला व एक बालिग लड़की रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान के अनुसार एक पीड़ित व्यक्ति ने चांदहट थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 20 वर्षीय बेटी आठ अप्रैल को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसको काफी तलाश किया गया, लेकिन कहीं कुछ सुराग नहीं लगा। इसी प्रकार दूसरी शिकायत एक पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पत्नी बीती सात अप्रैल को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसका आज तक कहीं कुछ पता नहीं चला। इसी प्रकार तीसरी शिकायत एक पीड़ित ने कैंप थाना पुलिस को दर्ज कराई है कि उसकी 32 वर्षीय पत्नी चार अप्रैल को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। पीड़ित ने अपनी पत्नी को काफी तलाश किया, लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गाली देने और झूठे केस में फंसाने की धमकी, केस दर्ज

**पलवल।** घर में घुसकर गालियां देने व दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी राजेश के अनुसार हुडा सेक्टर-2 निवासी दिनेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि 9 अप्रैल को एक युवक बगैर किसी अनुमति के घर के अंदर आ गया और पत्नी मंजू को गालियां देने लगा। सूचना पाकर पीड़ित मौके पर पहुंचा तो देखा कि आरोपी युवक गंदी-गंदी गालियां दे रहा था। पूरा पड़ोस एकत्रित हो रखा था। पीड़ित ने जैसे-तैसे आरोपी युवक को घर से बाहर निकाला। जो कि जाते-जाते परिवार को जान से मारने व पुत्र को झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देता हुआ चला गया। पीड़ित ने शिकायत में कहा कि घर में घुसकर गालियां देने व धमकी देने वाले का नाम अमित शर्मा निवासी पंचवटी कालोनी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सट्टा खाईवाड़ी करते एक युवक गिरफ्तार

**पलवल।** कैंप थाना पुलिस ने एक युवक को सट्टा खाईवाड़ी करते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी कुलदीप के अनुसार उन्होंने पलवल के हरी नगर निवासी दीपक को पड़ोस में ही सट्टा खाईवाड़ी करते काबू किया। साथ ही उसके कब्जे से 730 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नौ दिन होगी मां जगदंबा के स्वरूपों की पूजा

**गुरुग्राम।** चैत्र मास के नवरात्रे आगामी 13 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। इन नवरात्रों में एक भी तिथि क्षय नहीं है यानि कि पूरे 9 दिन मां दुर्गा की आराधना श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी। इसे श्रद्धालुओं के लिए सुख-समृद्धि का संकेत माना जा रहा है। हालांकि कोरोना का संकट नवरात्रों पर भी मंडराता दिखाई दे रहा है। वैसे अभी तक प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन ने मंदिरों को लेकर कोई विशेष दिशा-निर्देश अभी जारी नहीं किए हैं। केवल फेस मास्क व सामाजिक दूरी का पालन करने व सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने के दिशा-निर्देश दिए हैं। पंडित मुकेश शर्मा का कहना है कि चैत्र नवरात्र के साथ हिंदुओं का नव संवत 2078 भी प्रारंभ होगा। इसमें भी कई शुभ संकेत बन रहे हैं, जो बड़े विशेष हैं। उनका कहना है कि श्रद्धालु पूरे 9 दिन तक 9 देवियों मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर मनवांछित फल पाएंगे। पंडित जी का कहना है कि मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना की जानी चाहिए, तभी मनवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र नवरात्र के पहले दिन सृष्टि का आरंभ हुआ था। इसी दिन देवी ने ब्रह्मा को सृष्टि की रचना करने का कार्यभार सौंपा था व इसी दिन से काल गणना भी शुरू हुई थी। देवी भागवत पुराण के अनुसार इसी दिन देवी मां ने सभी देवी-देवताओं के कार्यों का बंटवारा किया था। इसीलिए चैत्र नवरात्र पर हिंदू नववर्ष का प्रारंभ माना जाता है। सृष्टि आरंभ से पूर्व अंधकार का साम्राज्य था। तब आदिशक्ति जगदंबा अपने कुष्मांडा अवतार में विभिन्न वनस्पतियों और वस्तुओं को संरक्षित करते हुए सूर्य मंडल के मध्य में स्थापित हुई थी।

## गोशाला में जल्द ही शेड का निर्माण कराएंगे: प्रदीप महाराज

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर स्थित श्रीगोशाला पहुंचने पर महाबल धाम आश्रम एवं श्री हनुमान मंदिर के संचालक प्रदीप महाराज के पहुंचने गऊशाला प्रबंधन कमेटी ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर गऊशाला कमेटी ने कहा कि प्रदीप जी महाराज गऊशाला में हर तरह से सहयोग करते रहे हैं।

# ईश्वर आराधना से बड़ा कोई ज्ञान नहीं: शास्त्री

कैलाश मंगला। होडल

**वाटर** वक्स कालोनी स्थित सैनी धर्मशाला के प्रांगण में पिछले सात दिनों से चल रही भागवत कथा का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। भागवत कथा समापन के मौके पर धर्मशाला के प्रांगण में भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर भागवत कथा व्यास महेश चंद शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा सुनने से जहां मनुष्य के पाप समाप्त होते हैं वहीं मनुष्य के लिए, मोक्ष के द्वार भी खुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की आराधना से बड़ा कोई ज्ञान नहीं है। हमें भगवान की पूजा-अर्चना के साथ-साथ भगवान का नाम रटते रहना चाहिए। भागवत कथा के इस मौके पर आसपास कालोनियों से हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज के प्रधान नारायण सैनी ने की। इस मौके पर सैनी समाज चौबीसी के प्रधान सुभाष सैनी, मुला सैनी, गोविन्द, रोहताश, भजनलाल, कृष्णा, देवकरण, प्रेम सैनी, देवेंद्र, रानी, पुष्पा सैनी, कमलेश, शीला के अलावा सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

# श्याम बाबा के कीर्तन महोत्सव में झूमे भक्त

## मंडल के सदस्यों ने बाबा के दर्शन कर भजनों का रसपान किया

कैलाश मंगला। होडल



श्याम बाबा के कीर्तन महोत्सव में श्याम बाबा का सजा भव्य दरबार।

**कस्बा** हसनपुर में स्थित दाऊजी मंदिर के प्रांगण में शनिवार को लखदातार श्याम मंडल के तत्वावधान में श्याम बाबा का कीर्तन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कीर्तन के इस मौके पर श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। कीर्तन में कस्बे के साथ-साथ होडल, हथीन, पलवल, बल्लभगढ, फरीदाबाद के अलावा अन्य दूरदराज से पहुंचे मंडल के सदस्यों ने बाबा के दर्शन कर भजनों का रसपान किया।

हसनपुर स्थित लखदातार श्याम मंडल द्वारा शनिवार को दाऊजी में आयोजित श्याम बाबा का कीर्तन महोत्सव का शुभारंभ श्याम बाबा की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर किया गया। कीर्तन महोत्सव पर दूर-दराज से पहुंचे कलाकारों द्वारा श्याम बाबा का भव्य स्वरूप सजाया गया। कीर्तन में फरीदाबाद से पहुंचे। भजन गायक कोमल चौपड़ा ने खाटू वाले की बात निराली, नीले वाले की बात निराली व नगाड़ा, नगाड़ा, नगाड़ा बजा जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने-नाचने पर मजबूर कर दिया वहीं खाटू नगरी से पहुंचे भजन गायक अजहर अली ने श्रद्धालुओं को श्याम बाबा के भजनों में बाबा की लीला से अवगत कराया। इस मौके पर कीर्तन में हसनपुर समस्त श्याम प्रेमी मंडल का विशेष सहयोग रहा। कीर्तन के इस मौके पर बांकी भाई, भान प्रकाश अग्रवाल, कुंजबिहारी गोयल, नवीन गर्ग, नरेंद्र मंगला, अंकित गोयल, मुकेश बघेल, विष्णु गोयल, पलवल एकादशी निशान यात्रा मंडल से कपिल गर्ग, होडल श्रीखाटू के दिवाने मंडल से सुनील गोयल, नरेश नागल, संजय बंसल, तपेंद्र कढेरा, प्रमोद गोयल के अलावा हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

# नि:संकोच होकर लगवाएं कोरोना की वैक्सीन

## कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक ने स्वयं भी लगवाई वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की मियांवाली कालोनी में शिविर में वैक्सीन लगवाते डा. डीपी गोयल और उमड़ी भीड़।

**कैनविन** फाउंडेशन की ओर से चार स्थानों पर कोरोना वैक्सीनेशन कैंप, चेकअप कैंप, आयुष्मान योजना के कैंप लगाए गए। इन कैंपों में सैंकड़ों लोगों को वैक्सीन भी लगाई गई। चेकअप के साथ-साथ सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूक भी किया गया। कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने खुद भी मियांवाली कालोनी के सामुदायिक केंद्र में लगाए गए शिविर में वैक्सीन लगवाई।

डा. डीपी गोयल ने लोगों से कहा कि सुरक्षित है, नि:संकोच होकर दोनों में से कोई भी वैक्सीन लगवाएं। दोनों का ही हमारे शरीर में फायदा है। उन्होंने कहा कि हम सब इस बात से वाकिफ हैं कि कोरोना महामारी का फैलाव हो रहा है। देश के कई राज्यों में बहुत अधिक केस आ रहे हैं। हमें सामाजिक दूरी रखने के साथ मास्क का प्रयोग, सेनिटाइजर का प्रयोग जरूर करना होगा। डा. डीपी गोयल ने कहा कि वार्ड-18 से युवा समाजसेवी दंपति गगन गोयल-आशा गोयल लगातार समाजसेवा में लगे रहते हैं। यहां कैंप में 225 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। अपने आप में यह रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि कैनविन फाउंडेशन का यही उद्देश्य है कि हर व्यक्ति स्वस्थ रहे, सुखी रहे। इसी आधार पर काम किया जा रहा है। कोरोना महामारी काल में हमें और अधिक सक्रिय रहने की जरूरत है, ताकि हम कोरोना को हरा सकें। उन्होंने बताया कि कोरोना की शुरुआत से लेकर अब तक कैनविन फाउंडेशन ने चरणबद्ध तरीके से काम किया है। रक्तदान, प्लाज्मा दान, दवाओं की होम डिलीवरी आदि बिना किसी बाधा के किए हैं। डा. डीपी गोयल ने कहा कि कोरोना वैक्सीन लगवाने वाले लोग भी एक तरह से योद्धा हैं। वे वैक्सीनेशन के बाद लोगों में अधिक से अधिक अपना प्रचार करें और बताएं कि कोरोना वैक्सीन से कोई नुकसान नहीं है। अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सभी नियमों के मुताबिक वैक्सीन लगवाएं।

गगन गोयल ने बताया कि कैंप में वैक्सीनेशन सेंटर पर सेल्फी बूथ भी बनाए गए, जहां पर वैक्सीनेशन के बाद लोगों ने सेल्फी बूथों पर तस्वीरें लेकर सोशल मीडिया पर सकारात्मक संदेश देने को अपलोड की। अपनी तस्वीरों को लोगों ने अपने वाट्सअप व अन्य सोशल अकाउंट्स पर डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) भी बनाया, ताकि लोग कोरोना वैक्सीनेशन के प्रति जागरुक हो सकें।

# अवैध हथियार सहित अलग-अलग जगह से तीन युवक गिरफ्तार

**पलवल।** अपराध जांच शाखा पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन लोगों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सीआईए इंचार्ज अशोक कुमार के अनुसार उन्हें मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो भाई हत्या के मामले में जमानत पर हैं, जिनके पास अवैध हथियार हैं। वे पलवल आए हुए हैं। फिलहाल बस स्टैंड की तरफ से मीनार गेट चौक की तरफ आ रहे हैं।

सूचना मिलते ही मीनार गेट चौक पर नाकाबंदी की गई। मुखबिर के इशारे पर दोनों युवकों को काबू किया गया। जिनकी तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा व एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विष्णु उर्फ पतंगा व रविंद्र उर्फ लबू निवासी गांव मंढ़नाका बताया। इसी प्रकार दूसरी सूचना प्राप्त हुई कि गांव स्वीमका मोड से एक युवक अवैध हथियार सहित गुजरने वाला है।

# मंदिर के पुजारी और तीन बच्चों को प्रसाद में दिया जहर

## पुजारी और बच्चों को अलग-अलग अस्पताल में कराया गया भर्ती

मुकेश बघेल। पलवल

**सदर** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदिर के पुजारी व तीन बच्चों को मिठाई में जहर देने का मामला प्रकाश में आया है। मिठाई के प्रसाद को खाने के बाद पुजारी व बच्चे बेहोश हो गए। जिनको अलग-अलग अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पुजारी की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस जांच अधिकारी ब्रहमपाल के अनुसार गांव भिड़की निवासी माया ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने परिवार के साथ गुगर मिल के पास स्थित शिव संस्कृत महाविद्यालय में बने शिव मंदिर में रह रहे हैं। मंदिर में पीड़िता का पति हुकमचंद पिछले 20 वर्ष से पूजा पाठ कर उसकी देखरेख कर रहा है। 9 अप्रैल को पीड़िता का पति व पुत्र शेर सिंह व नीरज के बच्चे पीयूष, चीकी व आदित्य मंदिर में बैठे हुए थे। उसी दौरान एक अनजान व्यक्ति विक्की पर सवार होकर आया। वह मिठाई का डिब्बा देकर चला गया।

डिब्बे में कुछ प्रसाद पीड़िता के पति हुकम चंद ने खाया और कुछ को बच्चों को खिला दिया। जिसको खाने के बाद पीड़िता का पति व तीनों बच्चे बेहोश हो गए। जिनको उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। जिनको नल्लहड़ नूंह के लिए रेफर कर दिया गया।

नल्लहड़ अस्पताल में हुकमचंद को तो दाखिल कर लिया गया लेकिन तीनों बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्कूल में विद्यार्थी खेल-खेल में प्राप्त करेंगे शिक्षा



**सोहना।** सोहना के गांव रायसीना स्थित राजकीय प्रकाशपुरी मिडिल स्कूल में विद्यार्थी खेल-खेल में शिक्षा प्राप्त करेंगे। स्कूल परिसर में बने भवनों पर फेश लिफ्टिंग के माध्यम से पेंटिंग कराई गई हैं। पेंटिंग के द्वारा यहां के भवनों की दीवारों पर सौर मंडल से लेकर देश की आजादी की वीर गाथा, प्रकृति में रहने वाले कनव प्राणियों से लेकर आदि काल तक के जीवों को चित्रित कराया गया है।

रायसीना के राजकीय प्रकाशपुर मिडिल स्कूल के विद्यार्थी पाठ्यक्रम की पुस्तकों के साथ-साथ परिसर में बने भवनों की दीवारों पर बनी पेंटिंग के माध्यम से भी पढ़ाई करेंगे। स्कूल के अंदर बनें सभी भवनों की दीवारों पर फेस लिफ्टिंग के द्वारा पेंटिंग कराई है। जिससे स्कूल भवनों का सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ विद्यार्थी अपने क्लास से बाहर जाते व आते समय भी पाठ्यक्रम से संबंधित ज्ञान दीवारों पर पेंटिंग से ज्ञान प्राप्त करेगा।

> **स्कूल** का सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ यहां शिक्षा प्राप्ति के लिए आने वाले विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ज्ञान पेंटिंग के द्वारा भी समझना आसान होगा।
>
> सीपी सिन्हा, स्कूल प्रभारी

## पाठ्यक्रम से संबंधित हैं पेंटिंग

**स्कूल** के अंदर बनें भवनों की दीवार और बरामदों में शानदार पेंटिंग की गई है। पेंटिंग के माध्यम से यहां के विद्यार्थी सौर मंडल से लेकर देश की आजादी में हंसते-हंसते अपनी कुर्बानी देने वाले वीर सपूतों की फोटो छपी है। इसके अलावा कक्षा प्रथम से लेकर पांच में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी शब्दों की वर्णमाला, सप्ताह के नाम, महीनों के नाम, वन्य जीव प्राणी, भारत द्वारा अंतरिक्ष में किए गए आविष्कार आदि को दर्शाया गया है।

# भाजपा विधायक प्रवीण डागर पहुंचे हथीन अनाज मंडी

**हथीन।** भाजपा विधायक प्रवीण डागर ने हथीन अनाज मंडी में हो रही गेहूं की खरीद का रविवार को औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर भाजपा विधायक ने हथीन अनाज मंडी के सचिव अजय सिंह से गेहूं की खरीद बारे जानकारियां लीं। उन्हें निर्देशित किया कि किसानों को उनकी फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। पीने के पानी व अन्य सुविधाओं पर लगातार गौर करें।

इस अवसर पर विधायक ने हथीन अनाज मंडी के आढ़तियों से भी विचार-विमर्श किया। कहा कि हथीन अनाज मंडी के अंदर व प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गेहूं की खरीद एमएसपी पर की जा रही है। हरियाणा प्रदेश के प्रत्येक किसान का संपूर्ण गेहूं सरकार एमएसपी पर खरीदेगी। 48 घंटे के अंदर सीधे किसानों के खाते में उनका पैसा दिया जाएगा। देरी की सूरत में 9 फीसद ब्याज के साथ किसान का पैसा के खाते में डाला जाएगा। हमारे आढ़ती भाइयों को भी कोई परेशानी इस गेहूं की खरीद के सीजन में नहीं आने दी जाएगी,उनको प्रत्येक सुविधा फड, बारदाना, उठान की संपूर्ण व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है।

# मारपीट और धमकाने के दो मामलों में हुए छह नामजद

**पलवल।** अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाठी-डंडा से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के दो मामले प्रकाश में आए हैं। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान के अनुसार जवाहर नगर कैंप निवासी रमेश छाबड़ा ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि मीन बाजार में उसका राम स्वीटस के नाम से दुकान है। बाजार निवासी सुरेंद्र सिंगला पिछले कई दिनों से परेशान कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने 23 फरवरी व 19 मार्च को पुलिस को दी हुई है लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई अमल में नहीं आने पर सुरेंद्र सिंगला के हौंसले और बुलंद हो गए। 7 अप्रैल को सुरेंद्र सिंगला पीड़ित की दुकान पर आया और पुत्र चिराग को गाली गलौज देने लगा। उसके बाद सुरेंद्र डंडा लेकर आया और दुकान के कारीगरों के साथ मारपीट करने लगा। पीड़ित के पुत्र चिराग ने कारीगरों को बचाया। कुछ देर बाद पीड़ित भी दुकान पर आ गया जिसको देख सुरेंद्र बर्फ वाला सूआ ले आया। जिसको लोगों ने रोक लिया। लोगों के जाने के बाद सुरेंद्र टिक्की बनाने वाला पलटा लेकर आया पीड़ित के सिर पर उससे हमला कर दिया। पीड़ित के पुत्र ने बचाने का प्रयास किया तो उस पर भी हमला कर दिया। उस समय सुरेंद्र के साथ जानो, नने व राजू भी मौजूद थे। इसी प्रकार इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी सुरेंद्र ने गदपुरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि नौ अप्रैल की रात को गांव नंगला भिकू स्थित कंपनी में अपनी सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी पर तैनात था। उसी समय एक व्यक्ति अपने पुत्र का खाना देने के लिए गेट पर आया। जिसको पीड़ित ने अंदर भेज दिया। उसके साथी को बाहर गेट पर ही रोक दिया।

पीड़ित ने कंपनी से बाहर सड़क पर देखा तो दो लोग एक व्यक्ति को पीट रहे थे। पीड़ित जब इस युवकों को देखने लगा तो उन्होंने पीड़ित पर भी लाठी-डंडा से हमला कर दिया। पीड़ित पर हमला करने वाले युवक गांव मिंडकोला निवासी नरवीर सिंह व सुरेश हैं, जो कि कंपनी के सामने जिम चलाते हैं। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


# मैन ऑफ प्लेटिनम का लेटेस्ट कलेक्शन


## एक नया भविष्य पुनर्निर्मित करने वाले चरित्रवान पुरुष को एक श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अप्रत्याशित** चुनौतियों एवं बोध के साल, 2020 ने हमें सीखना, भूलना, फिर से सीखना और फिर से बनाना सिखाया। इसने हमसे उसका आंकलन करने का आग्रह किया। जो वास्तव में महत्वपूर्ण है, इसने हमें आभार के साथ जो भी हमारे पास है। उसे महत्व देना सिखाया क्योंकि उससे हम एक नए भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। सबसे महत्वपूर्ण यह कि इसने हर बाधा को परिवर्तन एवं एक बेहतर भविष्य की नींव के रूप में देखते हुए दृढ़ता की मिसाल स्थापित की।

'चरित्रवान पुरुष' पुरुषों की एक नई पीढ़ी के उद्भव का संकेत है, जो अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करने के बाद भी अपने मूल्यों, अपने विश्वासों पर कायम रहते हैं। इन पुरुषों में पुन: कल्पना करने एवं पुनर्निर्माण करने की दृढ़ता है, उनमें दोबारा शुरुआत करने की विनम्रता है और उनमें अपनी कहानी फिर से लिखने की प्रतिबद्धता है। उनमें अपने सोए हुए सपनों को पुन: जगाने का साहस है। वो निरंतर समावेशी बनने के लिए प्रयासरत रहते हैं क्योंकि वो जानते हैं कि एक नई दुनिया तभी संभव है, जब व्यक्ति अलग-अलग काम करने की बजाय संगठित होकर काम करें। ये चरित्रवान पुरुष पिछले साल से मिली सीख को एक नए बेहतर भविष्य की कार्ययोजना बनाने के लिए इस्तेमाल करते हैं और 'रिराईट द बिगनिंग' (पुन: शुरुआत करने) का विकल्प चुनते हैं।

इस सीजन प्लेटिनम गिल्ड इंटरनेशनल की ओर से मेन्स प्लेटिनम ज्वेलरी-मैन ऑफ प्लेटिनम इन पुरुषों को सम्मानित कर रही है, जिनमें अनुकूलित होने, अभिनवता लाने और नया मार्ग बनाने की क्षमता है। ये पुरुष प्लेटिनम को अपने चहेते मेटल के रूप में चुनते हैं, क्योंकि यह उनके दुर्लभ मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है। यह उनकी एक विश्वास की व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है। सितारों से जन्मी, शुद्ध व्हाइट मेटल, प्लेटिनम की ज्वेलरी, पहनने वाले व्यक्ति के स्टाइल को उत्तम बनाती है और भीड़ से अलग



## चलिए इस कलेक्शन के कुछ आभूषण देखें

**प्लेटिनम** ड्युअल टोंड लिंक चेन रेयर प्लेटिनम में रोज गोल्ड की छटा के साथ, ऐसे लिंक्स, जो सामान्य से अलग हैं, उनमें बना हुआ यह आभूषण 'चरित्रवान पुरुष' एवं चुनौतियों के बीच अलग तरह से सोचने की उसकी क्षमता को श्रद्धांजलि देता है। यह हर अवसर की पुन: कल्पना करने की उसकी क्षमता को इंगित करता है।

## प्लेटिनम ड्युअल टोन डाइनामिक ब्रेसलेट

**प्लेटिनम** की शक्ति के साथ बना हुआ यह स्लीक एवं मजबूत ब्रेसलेट इंटरलॉकिंग लिंक्स का वैकल्पिक पैटर्न प्रस्तुत करता है। अंडरस्टेटेड बल द्वारा आपस में जुड़े ये हैं लिंक।

उनका आकर्षण प्रस्तुत करती है। इस कलेक्शन में प्लेटिनम चेन, पेंडेंट एवं रिस्ट वियर की विस्तृत श्रृंखला है। यह स्टाइल की भावना के संकेतस्वरूप खूबसूरती कारीगरी द्वारा डिजाइन की गई है। यह स्टाइल उसी भांति दुर्लभ एवं क्लासी है, जिस भांति इसे पहनने वाला पुरुष। ये आभूषण विविध मूल्यों के प्रतीक हैं, जो मिलकर ऐसे पुरुष का गठन करते हैं, जिसके लिए मूल्य एवं चरित्र सबसे शक्तिशाली होते हैं, फिर चाहे परिस्थितियां कैसी भी क्यों न हों।

# ओएसटी सेंटर : कोरोनाकाल में नशा छोड़ने वाले मरीज आ रहे कम

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** में इंजेक्शन से नशा करने वाले लोगों को इससे निजात दिलाने के लिए जिले के सिविल अस्पताल में गत नौ मई 2013 को एक ओएसटी (ओपियो सब्सीट्यूट थैरेपी) सेंटर का शुभारंभ किया गया था। इस सेंटर में जहां पिछले कुछ समय से पुरूष आ रहे थे। लेकिन अब महिलाएं भी नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए यहां आ रही हैं। इस ओएसटी सेंटर में इंजेक्शन से नशा करने वालों को गोलियों द्वारा इंजेक्शन वाली नशे की लत से दूर किया जाता है। इसमें आने वाले मरीजों की संख्या 308 पर पहुंच चुकी थी। लेकिन कोरोना के कारण 132 मरीज दवा छोड़ कर जा चुके है। वहीं 25 मरीजों की डेथ हो चुकी है। एक मरीज ठीक हो गया था। फिलहाल 150 मरीज ही दवा के लिए आ रहे है। जिसमें 10 मरीज जेल के भी शामिल है। यहां मिलने वाली इन गोलियों का कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता।

### 25 की हो गई मौत, 10 जेल से भी है शामिल

### 150 रोगी ही ले रहे लगातार दवा



### 158 रेगूलर मरीज

**इस** ओएसटी सेंटर में अब आ रही है। इस बात का खुलासा जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. शीला भगत ने किया है। उन्होंने बताया कि इसमें कुल 308 मरीज नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए आ रहे थे। लेकिन कोरोना के कारण 132 मरीज इलाज बीच में छोड़कर जा चुके है। वहीं 25 मरीजों की मौत हो चुकी है। एक ठीक हो चुका है। जिसके कारण 150 रोगी ही गोलियां लेकर इलाज को आ रहे है।

### दी जाती हैं गोलियां

**जिला** क्षयरोग अधिकारी डॉ. शीला भगत ने बताया कि सेंटर इंजेक्शन से नशा लेने के आदी मरीजों के लिए है। उन्हें इस नशे की लत से छुटकारा दिलाया जाता है।

मरीजों को ऐसी गोलियां दी जाती है। जिनमें इंजेक्शन जितना ही नशा होता है। लेकिन इनका कार्य लोगों के नशे की लत को कम करना होता है। जब मरीज इन गोलियों का सेवन करता है तो डोज धीरे-धीरे कम कर दी जाती है। जिससे एक समय ऐसा आता है कि वह नशे की बुरी तल को पूरी तरह से भूल जाता है। इसका पूरा इलाज मुफ्त है।

### लाते हैं एनजीओ

**ओएसटी** सेंटर कर्मी अनिता ने बताया कि कुछ मरीज तो खुद ही नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए आ रहे है और कुछ एनजीओं की सहायता से यहां आ रहे है। अधिकतर मरीज यहां एनजीओं के सहयोग से आते हैं।

# वैक्सीनेशन बढ़ाने को जिला में चार दिवसीय टीका उत्सव शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के निर्देश पर देश में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक 'टीका उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है । जिसका उद्देश्य अधिकतम योग्य लाभार्थियों का टीकाकरण करना है। ये विचार केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज रविवार को प्रिंसेस पार्क सेक्टर- 86 के प्रांगण में जिला स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय आरडब्ल्यूए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित टीकाकरण उत्सव की विधिवत शुरुआत करने उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान उन्होंने योग्य लोगों से टीका लगवाने की अपील कर उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित किया। लोगों से अपील की है कि 'टीका उत्सव' के दौरान बड़ी संख्या में वे टीका लगवाएं। उन्होंने कहा कि अब तक देश भर में करोड़ो टीके लगाए हैं। आज भारत दुनिया का सबसे तेज टीकाकरण अभियान चलाने वाला देश बनता जा रहा है। जिससे स्वस्थ एवं कोविड मुक्त भारत के लिये प्रयासरत देश के रूप में देश को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कोविड-19 की स्थिति और टीकाकरण अभियान के दौरान स्वस्थ विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि उन सभी लोगों का टीकाकरण कराने पर ध्यान केंद्रित करें जो पात्र हैं और 45 वर्ष से अधिक उम्र के हैं।

उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले की जयंती 11 अप्रैल को है और 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती है। उन्होंने आमजन से भी पुन: अपील करते हुए कहा कि इस 'टीका उत्सव' में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा का भरपूर लाभ लें। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक योग्य लाभार्थियों का टीकाकरण करना चाहिए और स्वास्थ्य संसाधनों का लाभ लेना चाहिए। इससे हमारे समय- समय पर आयोजित टीकाकरण अभियान की क्षमता बढ़ेगी।

इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय क्षेत्र वासियों व स्थानीय गांव के लोगों के दल द्वारा रखी जन समस्याओं पर भी विचार-विमर्श कर उनका तत्परता से समाधान करवाने का आश्वासन दिया और उम्मीद जताई कि सभी के साझा प्रयासों से फरीदाबाद को फिर से एक नया स्वरूप प्रदान किया जा सकेगा। इस अवसर पर भाजपा खेल प्रकोष्ठ जिला प्रभारी वीरपाल पहलवान, भाजपा महामंत्री युवा मोर्चा गोल्डी अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष मनीष बत्रा, मडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र, युवा मोर्चा स्टूडेंट की विवेक चंदीला, आरडब्ल्यूए के प्रधान विनोद छाबड़ी, जनरल सेक्रेटरी मनीष गौतम, सीएमओ रणदीप पूनिया, डिप्टी सिविल सर्जन राम भगत, इंचार्ज खेड़ी एसएमओ डॉ हरजेन्द्र, डॉ. गजेन्द्र अधाना सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति विशेष तौर पर उपस्थित थे।

## कोरोना हुआ खतरनाक, 445 पॉजिटिव से आंकड़ा 50 हजार के पार

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना का सैकेंड स्ट्रेन खतरनाक होता जा रहा है। इस वर्ष के सर्वाधिक 445 नए मामले रविवार को सामने आए। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 50249 यानी 50 हजार के पार पहुंच गया है। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 167 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 95.3 प्रतिशत पर है। वहीं जिले पॉजिटिव केस रेट 3.9 प्रतिशत पर है।

**यहां से पॉजिटिव :** 445 पॉजिटिव मरीजों में सेक्टर-30, एनएच-5, से 8-8 मरीज है। धीरज नगर, आईपी कालोनी, जवाहर कालोनी, साईन कालोनी, सेक्टर-18, एनएच-4, गर्ग कालोनी, से 6-6 मरीज है। सेक्टर-8, एनएच-1, सेक्टर-16, से 7-7 मरीज है। सेक्टर-7, सूर्या कालोनी, इंदिरा नगर, शिव कालोनी, से 3-3 मरीज है। गोपाल हॉस्पीटल, सरपंच कालोनी, अहीरवाड़ा, भूदत्त कालोनी, नेहरू ग्राउंड, न्यू बसेलवा कालोनी, सवाना, तिलपत कालोनी,ने 1-1 मरीज है। ओम इंक्लेव, झाडसेतली, हरी बिहार, से 2-2 मरीज है। साबुन कालोनी, डबुआ कालोनी, एनएच-3, से 4-4 मरीज है। ग्रीन फिल्ड कालोनी और सेक्टर-86से सर्वाधिक 15-15 मरीज है। ग्रीन वैली, सेक्टर-28, एसजीएम नगर, से 5-5 मरीज है। सेक्टर-29 से 12 मरीज है। सेक्टर-49 से 14 मरीज है। सैनिक कालोनी, ग्रीन फिल्ड से 12-12 मरीज है। सेक्टर-21 से 10 मरीज है। सेक्टर-89 से 11 मरीज है। सेक्टश्र-37 से 9 मरीज है। सेक्टर-87 से 13 मरीजों के अलावा अन्य एरियों से 181 मरीज शामिल है।



### यह है आंकड़े

अब तक कुल जांचें: 597749

| | |
|---|---|
| अब तक पॉजिटिव | : 50246 |
| अब तक ठीक | : 47874 |
| अब तक नेगेटिव | :545154 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 2349 |
| ऑक्सीजन पर है | : 49 |
| वैंटीलेटर पर है | : 4 |
| अब तक मौत | : 426 |
| एक्टिव केस | : 1946 |
| रविवार सैम्पलिंग | :2805 |

## बल्लभगढ़ से खाटूश्यामजी धाम को हुई सीधी बस सेवा शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हरियाणा** के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि अब बल्लभगढ से खाटूश्यामजी धाम के लिए आमजन की यातायात सुविधा के लिए सीधी बस हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की जाएगी। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने गत रात्रि स्थानीय चावला कॉलोनी में श्री खाटू श्याम बाबा के जागरण धार्मिक समारोह में शिरकत करने के दौरान दी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा खाटूश्याम के दर्शन करने से जीवन धन्य होता है। यह खाटू श्याम बाबा का कीर्तन भी देश और प्रदेश से कोरोना जैसी महामारी को दूर करने के उद्देश्य से किया गया है। इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक एकादशी के दिन हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की बस राजस्थान के सीकर जिले के श्री खाटू श्याम मंदिर के लिए भेजी जाएंगी। जिससे बल्लभगढ़ के लोगों को श्री खाटू श्याम बाबा के दर्शन करके अपने घर लौटने में सुविधा होगी।

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने चावला कॉलोनी में आयोजित श्री खाटू श्याम बाबा के जागरण में पूजा अर्चना करके देश में लोगों के लिए सुख शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से बचाव का संदेश देते हुए कहा कि सभी लोग करोना के बचाव के लिए वैक्सीन जरूर लगवाएं।

## फीस वृद्धि के विरोध में पेरेंट्स उतरे सड़कों पर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**नया** शिक्षा सत्र शुरू होते ही फीस वृद्धि का विरोध भी शुरू हो गया है। पहले सेक्टर-14 के एक निजी स्कूल के अभिभावकों ने जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर स्कूल की फीस वृद्धि व बच्चों की ऑनलाइन क्लास बंद करने की लिखित शिकायत दर्ज कराई तो अब रविवार को सेक्टर-21 के एक निजी स्कूल के अभिभावकों ने एक बार पुन: स्कूल के सामने फीस वृद्धि को लेकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन में स्कूल के पेरेंट्स तेजेंद्र खरबंदा, राजूद्दीन, चंद्र अरोड़ा, पंकज, सीमा अग्रवाल, राकेश आचार्य, विक्रम सिंह सहित सैकड़ों अभिभावक, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना व युवा आगाज के संयोजक जसवंत ने भाग लिया।

### यह है मामला

**अभिभावक** सीमा ने कहा है कि स्कूल द्वारा रिपोर्ट कार्ड ना देने, ऑनलाइन क्लास रोकने पर कुछ दिन पहले स्कूल के सामने प्रदर्शन किया गया था तब रिपोर्ट कार्ड तो से दिया गया था लेकिन एनुअल चार्ज लेने के बारे में बाद में फैसला लेने की बात कही थी।

अब स्कूल प्रबंधक पेरेंट्स को नोटिस भेजकर पिछला एनुअल चार्ज देने के साथ साथ आगामी शिक्षा सत्र में बढ़ाई गई ट्यूशन फीस, एनुअल चार्ज व अन्य फंड्स देने के लिए दबाव डाल रहा है। अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व जिला सचिव डॉ मनोज शर्मा ने कहा है कि सीबीएसई व हरियाणा शिक्षा नियमावली के नियमों के तहत वैधानिक रूप से चुनी गई अभिभावक एसोसिएशन की सलाह व सहमति तथा फार्म 6 में दर्शाई गई थी फीस बढ़ोतरी की वैधानिकता की शिक्षा निदेशक द्वारा जांच करने के बाद ही फीस बढ़ोतरी की जा सकती है और उन्हीं फंडों में फीस ली जा सकती है जो राज्य सरकार ने निर्धारित किए हैं लेकिन स्कूल प्रबंधकों ने फार्म 6 जमा कराते ही फीस वृद्धि कर दी है। जिन स्कूल प्रबंधकों ने फार्म 6 जमा ही नहीं कराया है वे फीस नहीं बढ़ा सकते हैं लेकिन उन्होंने भी फीस वृद्धि कर दी है।

उन्होंने कहा कि चेयरमैन एफएफआरसी, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशक पंचकूला के पास लिखित शिकायत दर्ज कराएं और उसकी प्रति मंच को भी उपलब्ध कराएं मंच पूरी तरह से उनकी मदद करेगा।

## पीटीआई टीचरों ने पुलिस पर लगाया धरनास्थल तोड़ने का आरोप

**फरीदाबाद।** जिले में बर्खास्त पीटीआई का धरना स्थल सेक्टर-12 लघु सचिवालय के सामने लगातार 307 दिन से चल रहा है। लेकिन शनिवार को पुलिस प्रशासन बल का प्रयोग करके धरना स्थल को तोड़ने की कोशिश की गई और धरना स्थल पर बर्खास्त पीटीआई सुबह 10 बजे पहुंचे, तो उनको जबरदस्ती सेक्टर 12 सेंट्रल थाना ले जाया गया और वहां पूरा दिन उनको बैठा कर रखा गया, शाम को 5 बजे उन्हें छोड़ा गया जो कि सिर्फ और सिर्फ उनका धरना तोड़ने की एक साजिश थी।

जब पुलिस अधिकारियों से इस बाबत बात की गई तो उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर किन्हीं विशेष मुद्दों को लेकर एक बैठक करने जा रहे हैं। इसके लिए लॉयन ऑर्डर को अपनाते हुए हम आसपास किसी भी प्रकार का प्रदर्शन विरोध प्रदर्शन नहीं करने देंगे।

# सीएम के आदेश, गेहूं खरीद में नहीं होगी परेशानी: नयनपाल रावत

### विधायक ने फतेहपुर बिल्लौच मंडी का किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हरियाणा** भंडारण निगम के चेयरमैन एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने फतेहपुर बिल्लौच मंडी का औचक निरीक्षण किया और वहां फसल खरीद को लेकर जानकारी ली। विधायक को मंडी में देख अधिकारियों में हडकंप मच गया।

इस दौरान आढ़तियों व किसानों ने विधायक नयनपाल रावत को लिफ्टिंग न होने से अनाज ड़ालने की समस्या से उन्हें अवगत कराया। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी बताई। इस पर विधायक ने मौके पर हैफेड के अधिकारी से बातचीत कर किसानों की समस्या के समाधान करने के आदेश दिए और किसानों को भरोसा दिलाया कि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। वहीं उनकी फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। विधायक नयनपाल रावत ने किसानों को बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को आदेश दिए हुए है कि किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और उन्हें तुरंत फसल का भुगतान किया जाएगा, अगर कोई अधिकारी इसमें लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पृथला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मंडियों में फसल खरीद का कार्य सरकारी आदेशानुसार किया जा रहा है, इसके बावजूद अगर किसी किसान भाई को परेशानी हो रही है तो वह उनसे संपर्क कर सकता है ताकि लापवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जा सके। इस दौरान उन्होंने मंडी में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह किसानों के साथ बेहतर तालमेल रखे और उन्हें हर सुविधा मुहैया करवाए, जो सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने किसान व आढतियों से कोरोना महामारी से बचाव के लिए मास्क लगाने व एक दूसरे से उचित दूरी बनाए रखने के लिए भी अपील की।

इस अवसर पर दिनेश आढ़ती, दिनेश सिंह, पदम सिंह, सुरेश चौहान, महेंद्र सिंह, रामू, प्रहलाद, मनोहर लाल, राजेश कुमार, विष्णु, ज्ञान कौशिक, सतीश, दिगम्बर चौधरी, नरेश पंवार सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## जेसी बोस विश्वविद्यालय को दिया 'संस्थागत पुरस्कार'

**फरीदाबाद।** हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी और फरीदाबाद जिला प्रशासन ने कोरोना महामारी में लॉकडाउन अवधि के दौरान जेसी बोस विश्वविद्यालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा किये गये सामाजिक सरोकार के कार्यों को मान्यता देते हुए 'संस्थागत पुरस्कार' प्रदान किया है तथा इस दौरान सहयोग देने वाले विश्वविद्यालय के अधिकारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है।

रेडक्रॉस सोसाइटी तथा फरीदाबाद जिला प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय पुरस्कार समारोह में हरियाणा परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने पुरस्कार वितरित किये। जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कोरोना महामारी में लॉकडाउन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग तथा हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी, चंडीगढ़ शाखा की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता भी उपस्थित थी। इस अवसर पर कोरोना महामारी की रोकथाम में सहयोग देने वाली विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

## विधायक के प्रयास से नहरपार बना ग्रेटर फरीदाबाद: आरडब्ल्यूए



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र की दर्जनों आरडब्ल्यूए ने किया विधायक राजेश नागर का स्वागत

**तिगांव** से भाजपा विधायक राजेश नागर के प्रयास से नहरपार का नाम ग्रेटर फरीदाबाद होने को स्थानीय लोगों ने बड़े सम्मान के साथ जोड़ लिया है। आज रविवार को दर्जनों की संख्या में स्थानीय आरडब्ल्यूए ने नागर का जोरदार स्वागत किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि हमारे विधायक ने हमें सम्मानजनक नाम दिलाया है।

विधायक राजेश नागर के भतौला निवास पर जुटे आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने कहा कि नागर को स्थानीय समस्याओं और जरूरतों की पूरी तरह से जानकारी है। यही कारण है कि वह एक के बाद एक ऐसे कार्य कर रहे हैं जिनकी ओर कोई सोचता तक नहीं था। लेकिन विधायक राजेश नागर ने हमारी मांग को विधानसभा में उठाकर अब उसे पूरा भी करवा दिया है। स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नहरपार को ग्रेटर फरीदाबाद करने की घोषणा की है। आज हमारे क्षेत्र का नाम ग्रेटर फरीदाबाद हुआ है कल यह ग्रेट भी बनेगा। इसका हमें पूरा विश्वास है। आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने खुशी खुशी में विधायक को फूलमालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि स्थानीय लोगों को नहरपार पिछड़ा हुआ सा लगता था। जिसके कारण से उनके मन में रोष था। लेकिन मुख्यमंत्री ने उनकी मांग को सुनकर हमें सुखद अनुभव करवाया है। जिसके लिए पूरा क्षेत्र उन्हें धन्यवाद कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### टीका उत्सव के पहले दिन लगी 10912 को वैक्सीन



**फरीदाबाद।** जिले में जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 11 से 14 अप्रैल तक टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। जिसमें पहले दिन विभाग की तरफ से 10912 लोगों को कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगाई गई। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रमेश ने बताया कि जिले में 11 निजी अस्पतालों समेत 111 सरकारी स्थानों पर टीकाकरण किया गया। जिसमें हेल्थ केयर वर्करों को सैकेंड डोज निजी में 4 को और सरकारी में प्रथम डोज 12 को लगाई गई और सैकेंड डोज 4 को लगाई गई। वहीं फ्रंट लाइन वर्करों को सरकारी में पहली डोज 2 को और दूसरी डोज 6 को लगाई गई। वहीं 45 साल से ऊपर वरिष्ठ नागरिकों में निजी में प्रथम डोज 359 को और सैकेंड डोज 4 को लगाई गई। सरकारी में प्रथम डोज 7642 को और सैकेंड डोज 228 को लगाई गई। उन्होंने कहा कि 11 निजी में कुल प्रथम डोज 478 को और सैकेंड डोज 37 को लगाई गई। वहीं 111 सरकारी स्थानों पर प्रथम डोज 9815 को और सैकेंड डोज 582 को लगाई गई।

### हजारों गणमान्य लोगों ने दी स्व. विद्यावती को श्रद्धांजलि



**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक ललित नागर की माता स्व. विद्यावती की श्रद्धांजलि सभा रविवार को सेक्टर-16 स्थित किसान भवन में आयोजित की गई। इस दौरान हरियाणा कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा कुमारी सैलजा, केंद्रीय राज्यमंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नीरज शर्मा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, फिरोजपुर झिरका के विधायक मम्मन खान, विधायक जगबीर सिंह मलिक, विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व विधायक उदयभान, पं. टेकचंद शर्मा, पूर्व विधायक लहरी सिंह, पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना, शीशपाल पहलवान, विजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला, जेपी नागर, आप पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना, पं. योगेश गौड़, प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा, उपमहापौर मनमोहन गर्ग, अब्दुल गफ्फार कुरैशी, दया भड़ाना, योगेश ढींगड़ा, पं. योगेश गौड़, बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल, कांग्रेस ओबीसी सैल के प्रदेश चेयरमैन ललित भड़ाना, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव राकेश भड़ाना, पराग शर्मा, दामोदार दास गुर्जर, चौ. सोपाल सिंह बुलंदशहर, राजेद्रं सिंह भामला, सुरेंद्र बबली, चुन्नू राजपूत, नीरज गुप्ता, डा. एस.एल. शर्मा, योगेश ढींगड़ा, गौरव ढींगड़ा, बलजीत कौशिक, अनिल कुमार, गुलशन बगगा, डा. तेजपाल शर्मा, विजय कौशिक, रिंकू चंदीला, जाट समाज के महासचिव एचएस मलिक, प्रसिद्ध कवि दिनेश रघुवंशी, भारत अरोड़ा, सीमा जैन,, सुनीता फागना, अशोक रावल, बाबूलाल रवि, विनय भाटी, संजय सोलंकी, रणवीर चंदीला, टीटू सिंगला, नितिन सिंगला सहित तिगांव क्षेत्र से कई गांवों के पंच-सरपंच, राजनैतिक, शिक्षविद एवं धार्मिक संगठनों के हजारों लोगों ने श्रीमती विद्यावती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नागर परिवार को ढांढस बंधाया।

### धूमधाम से मनेगी बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती: गोपाल शर्मा

**फरीदाबाद।** भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर-11 फरीदाबाद पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में ज़िला कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, नगर निगम महापौर सुमन बाला, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि 14 अप्रैल को देश के संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती को फ़रीदाबाद की सभी विधानसभाओं में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित करके उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब के जीवन दर्शन को कार्यकर्ताओं के सामने रखा जाएगा। आज की बैठक में जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, नगर निगम महापौर सुमन बाला, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता सोहनपाल सिंह, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर एन सिंह तथा सभी मोर्चों के मिडिया प्रमुख व मोर्चों के सोशल मिडिया संयोजक और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुमारी शैलजा का फरीदाबाद आगमन पर किया स्वागत



**फरीदाबाद।** जिले में कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने फरीदाबाद का दौरा किया। इस अवसर पर बाटा चौक पर फरीदाबाद महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सुनीता फागना व एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष विकास फागना ने कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कुमारी शैलजा ने महिलाओं को भीड़ को देख सुनीता फागना की पीठ थप थपाई और कहाकि अब वो दिन दूर नहीं जब हरियाणा में ही नहीं बल्कि पुरे भारत में कांग्रेस पार्टी का झंडा लहराएगा। उन्होंने कहाकि की अब महिलाएं को भी समझ आने लगा है की भाजपा की झूठे जुमले वाली सरकार का हाल जनता को झूठे वादे करके वोट मांगती है और काम जीरो। उन्होंने कहाकि किसान आंदोलन भाजपा शासन के लिए ताबूत की आखिरी कील साबित होगा। हक की इस लड़ाई में देश के अन्नदाताओं की ही जीत होगी। इस अवसर पर फरीदाबाद महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सुनीता फागना ने कुमारी शैलजा को विश्वास दिलाते हुए कहाकि कांग्रेस ने जो उन्हें यह पद सौपा है वह पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करेंगी और अधिक से अधिक महिलाओ को कांग्रेस पार्टी के साथ जोड़ने का काम करेंगी।

### धूमधाम से मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

**फरीदाबाद।** लाला अमीचंद धर्मशाला चंदावली के प्रांगण में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले समिति रजिस्टर्ड के सदस्यों और ग्राम चंदावली के निवासियों द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। चंदावली ग्राम पंचायत के मेंबर देवेंद्र सैनी ने महात्मा फुले के द्वारा बताए हुए पद चिन्हों पर चलने का विचार रखा जिससे समाज, देश और स्वयं का भला हो सके। महात्मा ज्योतिबा राव फुले सेवा समिति का प्रधान सुनील सैनी (आढती) ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही हम सब आगे बढ़ सकते हैं। सभी मौजूदा सदस्यों की एक ही पुकार है कि महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न दिया जाए। इस अवसर पर लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के जिला अध्यक्ष खेमचंद सैनी पहलवान, ब्लॉक समिति के मेंबर राजकुमार सैनी गोगा, कैप्टन दया चंद सैनी, संजय सैनी, पवन सैनी दयाल दास सैनी, हरिराम सैनी, प्रदीप सैनी एडवोकेट, गिर्राज सैनी तेजपाल, मदन सैनी, धर्मपाल सैनी आदि सदस्य मौजूद रहे।

### पार्षद ने लगवाया टीकाकरण शिविर

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र ठाकुर शैलेंद्र सिंह जिला पार्षद व भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष झज्जर प्रभारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग हरियाणा सरकार की 11 अप्रैल से 14 अप्रैल टीका उत्सव में भाग लिया व करोना वैक्सीनेशन की प्रथम डोज स्वयं लगवाई। क्षेत्र की जनता से अपील करते हैं 45 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सभी नागरिक कोविड-19 का टीका अवश्य लगवाएं। दोनों ही टीके सुरक्षित है। हमारे देश की भारतीय जनता पार्टी सरकार हर नागरिक के लिए चिंतित है। इसलिए समय-समय पर करोना से बचने के लिए नियम बताती है। जिसका पालन करना हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है, तभी हम अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य का ध्यान रख सकेंगे।

## महाराष्ट्र प्रकरण

### साझा जांच की आवश्यकता

**महाराष्ट्र** के सचिन वाजे प्रकरण में जांच करने वाली सीबीआई व एनआईए के कामकाज में समन्वय के अच्छे नतीजे निकल सकते हैं। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई व नेशनल इन्विस्टीगेशन एजेंसी-एनआईए दो स्वतंत्र जांच एजेंसियां हैं। वे महाराष्ट्र के पद से हटाए गए गृह मंत्री अनिल देशमुख तथा बर्खास्त इंस्पेक्टर सचिन वाज़े की जांच के मामले में अनेक साझा सुराग तलाश सकती हैं। इन प्रमुख जांच एजेंसियों की जांच संभवत: अनेक बिंदुओं पर एकसाथ आएगी और यदि ये दोनों एजेंसियां परस्पर संगति में काम करें तो न्याय के लिए अच्छा होगा। इस तर्क का विस्तार करते हुए दोनों एजेंसियों के अधिकारियों को शामिल कर एक साझा टीम बनाने पर विचार हो सकता है क्योंकि दोनों मामले एक दूसरे से जुड़े हैं। संयुक्त जांच में सामूहिक रूप से सबूत जुटाने, बयान दर्ज करने तथा दोषियों पर शिकंजा कसने में आसानी होगी। सीबीआई की दो टीमें वाज़े का बयान दर्ज करने एनआईए कार्यालय पहुंची थीं क्योंकि वह एनआईए की हिरासत में था। एक विशेष एनआईए अदालत ने सीबीआई को बर्खास्त पुलिसकर्मी वाज़े और विनायक शिंदे की 'वसूली' डायरियों तक पहुंचने की अनुमति दी थी। विशेष एनआईए अदालत को लिखे चार पेज के एक पत्र में सचिन वाज़े ने सनसनीखेज खुलासा किया था कि राज्य परिवहन मंत्री शिवसेना के अनिल परब ने उनसे एक ट्रस्ट के मामले में जांच बंद करने के लिए '50 करोड़ पर समझौते' की बात करने को कहा था। मंत्री ने वाज़े से बीएमसी में धोखाधड़ी करने वाले 50 ठेकेदारों की तलाश कर उनसे कम से कम दो करोड़ वसूली की मांग की थी।




पत्र में आरोप लगाया गया है कि रांकापा सुप्रीमो शरद पवार द्वारा वाजे की बहाली रद्द करने पर विचार के बाद देशमुख ने उससे कथित रूप से 'दो करोड़ रुपये की मांग' की थी। इसके अनुसार, उप मुख्यमंत्री अजित पवार के 'बहुत निकट' एक व्यक्ति ने वाज़े से एक अवैध गुटखा विक्रेता से हर माह 100 करोड़ रुपये वसूल करने को कहा था। पहले वाज़े ने कहा था कि उसे बलि का बकरा बनाया गया है। इन आरोपों से यह संकेत भी मिलता है कि न केवल देशमुख, बल्कि महाविकास अघाड़ी-एमवीए सरकार में कई अन्य गंदी मछलियां भ्रष्टाचार में गले तक डूबी थीं। बंबई उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई को अपने खिलाफ भ्रष्टाचार आरोपों की प्राथमिक जांच की अनुमति देने के बाद देशमुख ने 'नैतिक आधार' के बहाने इस्तीफा दिया था। उनको सर्वोच्च न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिली जिसने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी तथा एमवीए सरकार की याचिका खारिज कर दी। महाराष्ट्र का घटनाक्रम अपराधियों की बालीवुड कहानी जैसा लगता है जिसमें राजनेताओं, भ्रष्ट अधिकारियों और अपराधियों के बीच गठजोड़ सामने आता है। लेकिन फिल्मों में भ्रष्ट व्यवस्था से लड़ने वाले नायकों के उलट महाराष्ट्र में ऐसा कोई नायक फिलहाल नहीं दिखाई देता है। उम्मीद करनी चाहिए कि सीबीआई और एनआईए द्वारा शिकंजा कसने के बाद एमवीए सरकार के कई अन्य प्रभावशाली नेताओं की असलियत उजागर होगी। रांकापा, कांग्रेस व शिवसेना की इस गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। विपक्ष ने अक्सर आरोप लगाए हैं कि केन्द्र इन एजेंसियों का प्रयोग विरोधियों पर निशाना लगाने तथा बदला लेने के लिए करता है। लेकिन इसके बावजूद यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में अनेक ऐसे दागी लोग हैं जिनकी उचित जगह विधानसभा के बजाय जेल की सलाखों के पीछे है।

# उत्तर कोरिया को लेकर चीन की मंशा

**पूरी दुनिया जानती है कि केवल चीन उत्तर कोरिया को बचाए रखता है। पश्चिम में कई लोगों ने चीन पर उत्तर कोरिया के खिलाफ वैश्विक प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप लगाया है।**



**माखन सैकिया**
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)

यद्यपि उत्तर कोरिया की परमाणु महत्वाकांक्षा पर अमेरिका और चीन दोनों ने चिंता व्यक्त की है, लेकिन एक ही लक्ष्य के लिए उनके दृष्टिकोण अलग-अलग हैं। अमेरिका चाहता है कि चीन किम पर परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने के लिए दबाव डालने के लिए अपने आर्थिक लाभ का उपयोग करे। हालांकि, शी के तहत चीन केवल वही करने को तैयार है जो उसके हितों के अनुकूल हो चीन ने दुनिया के लगभग सभी कोनों में अपना जाल फैला रखा है। उत्तर कोरिया के साथ, चीन ने स्थिरता का समर्थन करने और इस रहस्यमय भूमि के परमाणु गियर पर पकड़ बनाने के लिए एक अनूठी रणनीति बनाई है।

सफल चीनी नेताओं ने उत्तर कोरिया के प्रति तीन अलग-अलग रणनीतियों को बनाए रखा है- पहला, युद्ध को भड़काने के लिए नहीं; दूसरा, यथास्थिति बनाए रखने के लिए; और अंत में, परमाणु शस्त्रागार के लिए नहीं।

सफलतापूर्वक, चीन उत्तर कोरिया का हर मौसम मित्र है। इस प्रकार, हालांकि बीजिंग उत्तर कोरिया के परमाणु विकास की घोर निंदा करता है, लेकिन यह उस रहस्यमय राष्ट्र पर कठोर वैश्विक प्रतिबंधों का विरोध करता है। और चीन की रणनीति दो प्रमुख महत्वपूर्ण चिंताओं को संबोधित करने के उद्देश्य से है- 870 मील सीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शरणार्थी बाढ़ को रोकने के लिए कि यह उत्तर कोरिया के साथ साझा करता है और किम शासन के तत्काल पतन को रोकता है।

चीन और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों को इस चीनी कहावत के माध्यम से स्पष्ट रूप से वर्णित किया जा सकता है : चुन वांग छी हान (यदि होंठ चले गए हैं, तो दांत ठंडे होंगे)। यह सही संकेत देता है कि दोनों देश अंतर-निर्भर हैं। प्योंगयांग के लिए बीजिंग का समर्थन ऐतिहासिक 1950-53 के कोरियाई युद्ध से जुड़ा है। वे दिन थे, चेयरमैन माओ के अधीन चीन, पूंजीवादी दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने उत्तरी कम्युनिस्ट सहयोगी उत्तर कोरिया की सहायता करने के लिए उत्सुक था। उत्तर कोरिया को इसका समर्थन प्योंगयांग में सत्ता में आने के बावजूद जारी है।

1948-94 से किम इल-गाया, किम जॉन-इल (1994-2011) और अब किम जोंग-उन 2011 से आज तक, चीन किम के विभिन्न शासनों को राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह के समर्थन देते रहे हैं।

रिकॉर्ड पर, चीन उत्तर कोरिया का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। वास्तव में, 2000-2020 से, दोनों राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग दस गुना बढ़ गया है। यहां तक कि उत्तर कोरिया के खिलाफ सख्त अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रतिबंधों के बावजूद, चीन-उत्तर कोरिया की लंबी सीमा अभी भी मोबाइल फोन, रेशम के कीड़ों, ईंधन, समुद्री भोजन आदि जैसे वस्तुओं में स्थापित व्यापार मार्गों के लिए खुली है।

इन नियमित आर्थिक गतिविधियों से परे, चीन ने अपने सीमावर्ती शहरों जैसे डंडोंग और शेनयांग के बीच एक उच्च गति रेलवे लिंक स्थापित किया है ताकि उत्तर कोरिया के साथ व्यापार को बढ़ावा दिया जा सके। दोनों राष्ट्रों ने उत्तर कोरिया से चीन को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कार्गो और कंटेनर शिपिंग मार्ग भी खोला है। चीन उत्तर कोरिया को मुख्य रूप से खाद्य और ऊर्जा क्षेत्रों में सहायता प्रदान करता है। चीन, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने 1995 के बाद से उत्तर कोरिया को 75 प्रतिशत से अधिक खाद्य सहायता प्रदान की। देश का गंभीर अकाल 1990 के दशक में दस लाख से अधिक लोगों की जान लेने वाले भारी बाढ़ और सूखे के कारण हुआ था। दुर्भाग्य से, देश आज तक इस लंबे खाद्य संकट से बाहर नहीं आ पाया है। इस प्रकार, प्योंगयांग पूरी तरह से चीन और उसकी सद्भावना पर निर्भर है।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा प्रकट अनुमानों के अनुसार, देश की 43 प्रतिशत से अधिक आबादी कुपोषित है। यद्यपि किम जोंग-उन तेजी से आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन देश गंभीर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण किसी भी विदेशी निवेश को आकर्षित करने में सक्षम नहीं है। इसकी एकमात्र उम्मीद चीन है और देश पूर्व के साथ मजबूत आर्थिक संबंधों की तलाश कर रहा है।

हालांकि, प्योंगयांग को चीन का समर्थन लगातार जारी था, जब बाद में अक्टूबर 2006 में परमाणु हथियार का परीक्षण किया गया। इसके बाद, बीजिंग को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्प संख्या 1718 को वापस लेना पड़ा जिसके कारण उत्तर कोरिया के खिलाफ गंभीर प्रतिबंध लगाए गए। और पहली बार, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने अपने उत्तरी कम्युनिस्ट पड़ोसी के प्रति एकमुश्त दंड के लिए निरंतर राजनयिक समर्थन से चीन की रणनीति के संक्रमण को देखा। जब नवंबर 2017 में, किम ने फिर से एक मिसाइल का परीक्षण किया, तो बीजिंग ने कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव पैदा करने वाले सभी कार्यों को प्रतिबंधित करने के लिए प्योंगयांग को बुलाया। ये सभी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करते हैं कि चीन उत्तर कोरिया के जुझारू कदमों से सावधान है जो दोनों देशों के आपसी हितों के खिलाफ हो सकता है। बीजिंग ने उत्तर कोरिया पर सभी उच्च प्रोफ़ाइल वैश्विक वार्ता के दौरान एक पावरब्रोकर की भूमिका निभाई है। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के बीच दो महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलनों के बाद, अंतर्राष्ट्रीय नीति निर्माताओं ने अब तक मुख्य रूप से नाभिकीय चरणों पर ध्यान केंद्रित किया है, कोरियाई प्रायद्वीप में शांति के लिए तत्काल उपाय और अंत में, इसी प्रतिबंधों से राहत मिलती है। हालाँकि, प्योंगयांग एक एशियाई टिंडर बॉक्स बन गया है। किम का पागलपन और गुप्त परमाणु कार्यक्रम पूरे कोरियाई प्रायद्वीप को महाद्वीप के गंभीर युद्ध क्षेत्र में बदल सकता है।

संभवत:, किम वंश से निपटना चीन सबसे अच्छी तरह जानता है। लेकिन फिर कभी-कभी कुछ मूलभूत प्रश्न उठते हैं कि क्या उत्तर कोरिया रणनीतिक दायित्व है या चीन के लिए एक अवसर है। बीजिंग में कम्युनिस्ट नेताओं ने इस तथ्य को महसूस किया होगा कि इसके उत्तरी पड़ोसी को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी संभावित लाभ के लिए इस्तेमाल किया जाना है।

दुनिया ने उत्तर कोरिया को एक राज्य के रूप में ब्रांड किया है, लेकिन बीजिंग किम शासन को अन्यथा लेता है। हालांकि स्पष्ट रूप से चीन ने उत्तर कोरिया के खिलाफ एक ठोस परमाणु राज्य बनने के अपने निरंतर प्रयासों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का समर्थन किया है, अपने वित्तीय और व्यापार समर्थन को सीधे और प्रभावी रूप से लंबे समय तक किम की परमाणु मशीन की सुविधा दी है। इससे उत्तर कोरियाई आर्थिक रूप से अब तक जीवित रहने में मदद मिली है। इसके अलावा, इन चीनी प्रयासों ने अप्रत्यक्ष रूप से दोनों कोरिया के पुनर्मिलन की उम्मीदों को धराशायी कर दिया। अमेरिका सचमुच उत्तर कोरिया पर अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने का दबाव बना रहा है। वाशिंगटन का कहना है कि एक बार यह हो जाने के बाद, दुष्ट राज्य के साथ व्यापार, राजनयिक संबंध, सहायता और संबंधों के सामान्यीकरण की गारंटी हो सकती है। यद्यपि अमेरिका और चीन दोनों ही उत्तर कोरिया को बदनाम करने में रुचि रखते हैं, लेकिन एक ही लक्ष्य के लिए उनके दृष्टिकोण पूरी तरह से अलग हैं। अमेरिका चाहता है कि चीन अपने आर्थिक लाभ का इस्तेमाल दबाव बनाने या किम को परमाणु महत्वाकांक्षा को छोड़ने के लिए मनाए। इस प्रकार वाशिंगटन के अधिकारी चीन को समाधान के एक हिस्से के रूप में देखते हैं लेकिन दुर्भाग्य से बीजिंग तेजी से केवल कोरियाई कोन्ड्रोम का हिस्सा बन रहा है। शी के लिए, चीनी राष्ट्रपति, जो अब एक जीवन-समय के नेता हैं, घरेलू मोर्चे पर ब्राउनी अंक जीतने के लिए उत्तर कोरिया का उपयोग करना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पूरी तरह से जानते हैं कि केवल चीन इस क्षेत्र में स्थिरता बनाए रख सकता है अगर अभी के लिए कोरियाई पहेली को हल न करें। निश्चित रूप से, बीजिंग इस अवसर का उपयोग अपने पक्ष में अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को चालू करने के लिए करेगा जो लगातार हांगकांग, ताइवान, तिब्बत, शिनजियांग और दक्षिण चीन सागर की तरह शी को परेशान कर रहे हैं।

किम के साथ क्या समस्या है? किम अपने पारिवारिक शासन को बनाए रखना चाहता है। और उसके लिए, परमाणु बटन उसके लिए एकमात्र गारंटी है कि वह अपने वंशानुगत शासन को बनाए रखने और पड़ोसियों और दुनिया को धमकी देने के लिए। उत्तर कोरिया पर लाभ उठाने के बावजूद, चीन और दक्षिण कोरिया किम को वार्ता की मेज पर लाने में विफल रहे हैं। किम पूरी तरह से अपने देश में सुधार लाने के खिलाफ है। इस तरह के सुधार के उपायों से उनके राज पर से पर्दा उठ सकता है। उत्तर कोरिया के कुलीन लोग यह अच्छी तरह से जानते हैं कि इसकी केंद्रीय समस्याएं बाहर नहीं बल्कि भीतर ही हैं। इस प्रकार, वे, किम के साथ, यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई सुधार नहीं हो रहा है, ताकि इसके खराब आबादी पर अपना नियंत्रण जम सके। जाहिर है किम के साथ खोखली शिखर वार्ता नहीं चलेगी। वह परमाणु मोर्चे पर गंभीर बातचीत की मांग करता है। ट्रम्प ने जिस तरह से भव्य इशारों का विस्तार किया, उससे बिडेन के लिए बेहतर है। कई बार, बीजिंग के मालिकों ने किम जोंग-उन के प्रति सख्त रुख प्रदर्शित किया है। लेकिन पश्चिमी देशों, विशेष रूप से, अमेरिका कभी भी चीन के इरादों पर विश्वास नहीं करेगा। क्योंकि कहीं भी चीनी नेतृत्व ने इस पुनरावर्ती राष्ट्र पर सीमित व्यापार प्रतिबंधों को लागू करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संकेत दिया है। और पूरी दुनिया जानती है कि केवल चीन उत्तर कोरिया को बचाए रखता है और सभी बाधाओं के खिलाफ ठीक बचता है। पश्चिम में कई लोगों ने चीन पर उत्तर कोरिया के खिलाफ वैश्विक प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप लगाया है।



# समाप्त नहीं हुई भारत-पाक शांति की संभावना



**गौरी द्विवेदी**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)

सभी जानते हैं कि अनेक नीतिगत मुद्दों पर बार-बार विचार बदलने के कारण पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान वह थोड़ी सी विश्वसनीयता भी खो चुके हैं जो इस देश में सिविलियन सरकारों को मिली थी। यह समझने के लिए भी किसी राजनीतिक विद्वान की जरूरत नहीं है कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तरह नहीं हैं जिन्होंने जटिल सीमा विवादों को 'अगली पीढ़ियों के विवेक' पर छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री मोदी को इतनी राजनीतिक शक्ति प्राप्त है कि वे समस्या का समाधान कर सकते हैं। दोनों दुश्मन देशों के सिविलियन नेतृत्व के बीच अंतर से भारत-पाकिस्तान के बीच का अंतर भी समझा जा सकता है। संभवत: वर्तमान शत्रुतापूर्ण परिवेश में व्यापार व खेल संबंधों की बहाली जैसे छोटे कदमों से शांति बहाली की उम्मीद करना सही नहीं होगा। हालांकि, भारत-पाकिस्तान संबंधों में सकारात्मक परिवर्तन के तीन स्पष्ट कारण भी मौजूद हैं। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था वर्तमान यथास्थिति नहीं झेल सकती है जिसमें भारत के साथ व्यापार न करना भी शामिल है। इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ से 13वीं बार कर्ज लिया है तथा अर्थव्यवस्था भयानक मुद्रास्फीति की शिकार है। गेंहूं के बढ़ते आयात से पाकिस्तान का आर्थिक संकट और बढ़ा है। सालों तक आत्मनिर्भर रहने के बाद अब पाकिस्तान को गेंहूं आयात करना पड़ रहा है। उसकी तुलना में बांग्लादेश की जीडीपी वृद्धि दर शानदार आठ प्रतिशत है और उसका विदेशी मुद्रा भंडार चार गुना है।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने अकारण ही 18 मार्च के भाषण में भू-अर्थव्यवस्था की बात नहीं की है। पाकिस्तान के वर्तमान आर्थिक संकट को किसी लफ्फाजी से नहीं ढका जा सकता है। पाकिस्तानी सेना यह तथ्य ज्यादा अच्छी तरह समझती है क्योंकि वह अर्थव्यवस्था का प्रमुख अंग है। यदि भारत पर 'लगाम लगाने' का भ्रम और रक्षा पर इतना अधिक खर्च न होता तो क्या पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था इसी हाल में होती? शायद भारत के साथ व्यापार शुरू करना संबंध सामान्य बनाने की दिशा में पहला छोटा कदम होगा, लेकिन क्या यह पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए जरूरी है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था की बदहाली अभी पूरी तरह सामने आना बाकी है। उसे चीन को भारी भुगतान करना है। चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे में भारी निवेश किया है जो बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव का प्रमुख हिस्सा है। चीन एक सूदखोर देश है और वह मित्रों को खैरात देने में विश्वास नहीं करता है। देर-सवेर चीन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थिति वाले पाकिस्तान में लगाए अपने पैसे की वसूली करना चाहेगा। पाकिस्तानी अवस्थापना के कुछ समझदार लोगों की चिन्ता है कि यदि पाकिस्तान केवल भारत के प्रति घृणा को केन्द्र में न रखता तो बीजिंग से उसके संबंध कैसे होते। ऐसे में उसके चीन के साथ सामान्य संबंध होते और केवल नई दिल्ली को नीचा दिखाने के लिए वह उसका मुहरा न बनता। हालांकि, इस प्रक्रिया में वह चीन का भारी कर्जदार हो गया है। कर्ज का भुगतान अब पाकिस्तान के लिए बड़ा सिरदर्द है।

अफगानिस्तान की घटनाओं पर भी इस्लामाबाद की गहरी नजर है जिनका प्रभाव भारत-पाक संबंधों पर भी पड़ सकता है। कुछ खबरों के अनुसार अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद वहां अराजकता पैदा होने से रोकने के लिए बहुराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र टीम तैनात की जा सकती है। ऐसे में नई दिल्ली का इस टीम में शामिल होना संभव है क्योंकि अमेरिका ने हमेशा भारत से बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद की है। इस्लामाबाद यह स्थिति पसंद नहीं करेगा क्योंकि इससे उसका भू-रणनीतिक महत्व तथा अमेरिका से लेनदेन की क्षमता घटेगी। ऐसे में यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अफगानिस्तान के बारे में परोक्ष संवाद हो सकता है जिसमें भारत व पाकिस्तान दोनों अपनी भूमिका निभा सकें।

आखिरकार पाकिस्तान को कश्मीर संबंधी लफ्फाजी से कोई लाभ नहीं हुआ है और अनुच्छेद 370 समाप्त करने के मुद्दे पर उसे विश्व शक्तियों का समर्थन नहीं मिला है। इसके उलट अमेरिका के अफगानिस्तान से जाने के बाद काबुल में अपनी भूमिका से इस्लामाबाद को ज्यादा लाभ मिल सकता है। क्या इमरान खान या उनके सैनिक हुक्मरान कश्मीर मुद्दे को स्थगित रख कर अफगानिस्तान में बड़ी भूमिका निभाना चाहेंगे? क्या वे कश्मीर में युद्धविराम जैसे सकारात्मक कदमों के बदले काबुल का भविष्य तय करने में ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहेंगे?

इन सवालों का जवाब स्पष्ट है, लेकिन इसका क्रियान्वयन भारत व पाकिस्तान के बीच 'अनौपचारिक' वार्ताओं से तय होगा। यह पाकिस्तान में सभी निर्णय लेने वालों के लिए महत्वपूर्ण है, भले ही उनमें इमरान खान शामिल हों या नहीं। जुलाई में पाकिस्तानी सेना और सिविलियन सरकार के कुछ तत्व गिलगिट-बाल्टिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके को अपना पांचवां व छठा प्रांत बनाने का मामला उठाएंगे। यदि इमरान ऐसा करते हैं तो नई दिल्ली की प्रतिक्रिया स्वाभाविक रूप से बहुत तीखी होगी क्योंकि भारत सरकार ने इन दोनों क्षेत्रों को वापस लेने की इच्छा व प्रतिबद्धता प्रकट की है। ऐसी स्थिति में भारत व पाकिस्तान के बीच संबंधों में लचीलेपन की संभावना बहुत कम हो सकती है। 5 अगस्त, 2019 के बाद भारत सरकार ने अपना दृष्टिकोण पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि 'अब भविष्य में सारी चर्चा केवल पीओके पर होगी।' पाकिस्तानी सेना की संस्थागत वैधता 'कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए' भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने पर केन्द्रित है। यदि पीओके पाकिस्तानी प्रांत बन जाता है तो दोनों पक्षों की जनता का दबाव इतना अधिक होगा कि संबंधों में आगे बढ़ना असंभव हो जाएगा। इन जटिलताओं को देखते हुए बंद दरवाजों के पीछे व औपचारिक राजनयिक चैनलों से दूर अनौपचारिक वार्ताओं का कोई नतीजा निकलना कठिन है।

इस प्रकार भारत और पाकिस्तान घृणा, दुश्मनी और तनाव झेलने के लिए शायद अभिशप्त नहीं हैं। भारत द्वारा अनेक प्रयासों के पाकिस्तानी आतंकी हमलों के कारण विफल होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्विपक्षीय संबंध सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के इच्छुक हो सकते हैं। फिलहाल शांति भले ही भ्रामक लग रही हो, पर यह बात शांति प्रक्रिया के बारे में नहीं कही जा सकती है। सभी आयामों को देखने से स्पष्ट है कि यह प्रक्रिया आगे बढ़ रही है और इससे कुछ मतभेद दूर हो सकते हैं। भले ही इस उप-महाद्वीप की सर्वाधिक जटिल भू-राजनीतिक समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान फिलहाल न दिख रहा हो, पर हमें इस दिशा में बढ़ने की इच्छाशक्ति दिखानी चाहिए।

## आप की बात

### विधायक भी लगवाएं वैक्सीन

**वर्तमान** समय में संपूर्ण देशभर में कोरोना संक्रमण का घातक दौर जारी है। इस जानलेवा महामारी से चारो तरफ ख़ौफ़नाफ़ माहौल निर्मित है। कोरोना संक्रमण को परास्त करने के लिए देशभर मे टीकाकरण हो रहा है। और निर्धारित मापदण्डों के अंतर्गत जनता जनार्दन लाभ ले रही है। परन्तु विडम्बना देखिए कि जनता जनार्दन के चुने विधायको को टीकाकरण में दिलचस्पी नजर नही आती। समाचार पत्र से ज्ञात समाचार के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी अभी तक 133 विधायकों ने कोरोना वैक्सीन नही लगवाया। जबकि टीकाकरण प्रदेश में शहर से लेकर गांव कस्बो में सरकार ने टीका केंद्र खुलवाये है। अब समझ से परे लगता है कि आखिर विधायकों की वैक्सीन के प्रति इतनी उदासीनता क्यो... ? सूत्रों द्वारा ज्ञात है कि 229 में से 96 विधायकों ने ही वेक्सीनेशन करवाया है। कोरोना संक्रमण महामारी को देखते हुए विधानसभा सचिवालय ने विधायकों से वेक्सीनेशन नही कराने का कारण पूछा तो विधायकों की तरफ से अजीबोगरीब तर्क मालूम हुए। अब समझ मे नही आता की ये जनता के चुने जन प्रतिनिधियों की इस तरह अनदेखी रहेगी तो आम जनता से क्या उम्मीद कर सकते हैं?

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### न्यायपालिका की क्षमता बढ़ाएं

**देरी** से मिला न्याय, अन्याय के समान होता है। भारत की न्याय व्यवस्था, विश्व में उदहारण पेश करती है। मौजूदा समय में, सर्वोच्च न्यायालय में 29 जज हैं, जिसको कि बढ़ाकर अधिकतम 34 किया जा सकता है।वही पूरे देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, जिसमें करीब 1079 जज हैं। वर्ष 2020 में लगभग 3.65 करोड़ केस थे, जो कि बढ़कर 4 करोड़ हो गए हैं। अपूर्ण केस में लगातार हो रहीं बढ़ोतरी, न्याय पालिका की क्षमता को कम कर रहीं है।ऐसे में न्यायपालिका समेत मौजूदा सरकार और राष्ट्रपति को विशेष ध्यान देना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा था कि अधीनस्थ न्यायतंत्र को पर्याप्त संख्या में न्याय कमरा, मदद के लिए स्टाफ, जज के लिए रहने की व्यवस्था, कम बजट आवंटन जैसी बुनियादी जरूरतों के कमी से केस में लगातार बढ़ोतरी हो रही। अगर अपूर्ण केस को खत्म या फिर पूर्ण करना है तो ई कोर्ट को बढ़ावा देना होगा, लोक अदालत और ग्राम न्यायालय के माध्यम से, तुच्छ व छोटे केस से कोर्ट के समय को बर्बाद न किया जाए। इन मसलों को उसी स्तर पर हल कर लिए जाए, जो आगे के लिए बेहतर और उच्चतम एवं सर्वोच्च न्यायालय पर भार कम रहेगा।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### जल्दबाजी न करे अमेरिका

**लहूलुहान** अफगान से एक और बुरी खबर आई है। अमेरिका वहां शेष बचे अपने सैनिकों की वापसी की योजना बना रहा है हालांकि ऐसा वह आम सहमति से ही करेगा मगर अमेरिका का अफगान से हटना तालिबानियों के हौसले बुलंद करेगा। इससे हिंसा और रक्तपात बढ़ने का अंदेशा रहेगा। अच्छा यही होगा कि ताजा संघर्ष की समाप्ति के बाद ही अमेरिकी सेना वहां से प्रस्थान करें तो स्थाई शांति की उम्मीद बनी रहेगी। लंबे समय से संघर्ष की आग में जल रहा अफगानिस्तान लाखों निर्दोष लोगों की मौत का मंजर देख चुका है। तालिबानियों के घात लगाकर हमले और प्रत्युत्तर में अफगान सरकार की जबरदस्त सैनिक कार्रवाई से निर्दोष मौतें ही हुई है। आधिपत्य की लड़ाई में वहां की जनता फिजूल ही हिंसा की भेंट चढ़ी है। अमेरिका ने वार्ताओं के जरिए मध्यस्थता के प्रयास भी किए मगर चालू वार्ता के बावजूद तालिबानियों के हमले जारी रहे जिससे वार्ता भी सफल नहीं हो पाई है। क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती के कारण तालिबान हल्का पड़ रहा था।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सीतलकुची** में नरसंहार हुआ था। मैं सीतलकुची का दौरा करना चाहूंगी। चुनाव आयोग कूच बेहर में प्रवेश प्रतिबंधित कर तथ्यों को दबाने की कोशिश कर रहा है।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**राज्य** सरकार राष्ट्रीय राजधानी में लॉकडाउन लगाने के पक्ष में नहीं है, लेकिन अगर स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई तो लॉकडाउन एकमात्र विकल्प होगा।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**माइक्रो** कंटेंनमेंट जोन के बारे में हम कितना जागरूक हैं, इससे हमारी सफलता तय होगी। हमारी सफलता का फैसला हमारे द्वारा किया जाएगा, जब जरूरत न हो तो हम घरों से बाहर कदम न रखें।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# कोरोना प्रबंधन के योगी मॉडल को विपक्ष ने सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण काल से निपटने और आपदा को अवसर में बदलने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ टाइम मैगजीन से लेकर हावार्ड यूनिवर्सिटी तक में हो रही है। हाल यह है कि हमेशा सरकार पर सवाल उठाना वाला विपक्ष भी आज मुख्यमंत्री योगी के प्रबंधन को देखकर खुद को रोक नहीं पाया। विपक्ष ने प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक वैक्सीनेशन के कार्यक्रम को तेजी से चलाने और कोरोना के रोकथाम को लेकर उठाए गए कदमों को लेकर सरकार की तारीफ की।

आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे में जिस तरह से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने टीम-11 बनाकर प्रबन्धन किया उससे न सिर्फ बेहतर नतीजे आये बल्कि कोरोना की रोकथाम में भी मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए पहले ही योगी सरकार की पीठ थपथपा चुके हैं और अब तो विपक्ष भी उनके इन प्रयासों के लिए उनकी सराहना कर रहा है।

दरअसल आज कोविड-19 के रोकथाम के लिए राजभवन में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विपक्ष की तरफ से नेताओं को बुलाया गया था। इस दौरान जब बैठक शुरु हुई तो कांग्रेस के प्रतिनिधि सुहेल अंसारी और बीएसपी के विधानमंडल दल के नेता लाल जी वर्मा ने सीएम योगी की जमकर तारीफ की। कांग्रेस नेता सुहेल अंसारी ने कहा कि ष्सरकार ने जैसे पिछली वेव को सफलता पूर्वक कंट्रोल कियाए वैसे ही सरकार इस बार भी काबू करने में सफलता पाएगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सरकार के कोविड कंट्रोल को लेकर उठाए गए कदमों की सराहना की। वहीं बीएसपी नेता लाल जी वर्मा ने सर्वदलीय बैठक बुलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा किष् बहन जी लगातार ट्वीट करती रहती हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने के लिए कहती रहती हैं ष् उन्होंने कोविड प्रबंधन को लेकर सरकार द्वारा दिए गए हर निर्देश का पालन व समर्थन करने की बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से सभी प्रशासनिक अधिकारियों को जनता से संवाद स्थापित करने के लिए कहा गया है। साथ ही हर व्यक्ति घर से निकलते वक्त मास्क और सेनिटाइजर का इस्तेमाल करे इसको भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते कोविड संक्रमण को लेकर भीड़भाड़ वाले स्थानों से दुकानों व रेहड़ी वालों को हटाकर खुले स्थान में दुकान लगाने की व्यवस्था की जा रही है। यही नहीं पंचायत चुनाव के लिए भी सरकार ने गाइडलाइन जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के हर नागरिक के जीवन और जीविका को बचाने के लिए संकल्पित है।

## शिक्षा नीति के बदले कलेवर को समग्रता में देखा जाना चाहिएः आनंदीबेन पटेल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वैश्विक महामारी के कारण उत्पन्न संकट ने ई पाठ्यक्रम और डिजिटल शिक्षा के महत्व को बढ़ाया है। कोविड ने हमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की प्रेरणा दी है। पठन-पाठन के तरीकों पर लगातार शोध करते रहने की जरूरत है, जिससे विपरीत हालात में भी विद्यार्थियों की पढ़ाई किसी प्रकार से बाधित न होने पाये। अब फ्लिप क्लास रूम का समय है, वर्चुअल लैब भी जरूरी है। यह सब समय की मांग है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिलेगी, शिक्षक खुद को अपग्रेड करते रहेंगे तो समाज में एक नया परिवर्तन देखने को मिलेगा। यह विचार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन से ऑनलाइन राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद एवं इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नार्थ रीजन में प्रतिभाग कर रहे उत्तर भारत के आठ राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। राज्यपाल ने कहा कि एक अच्छी शिक्षा व्यवस्था नये भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पचास हजार से अधिक महाविद्यालय हैं अगर एक-एक कॉलेज एक-एक गांव गोद लें और उसके विकास पर ध्यान दें तो गांव से कुपोषण, क्षणरोग, कुरीतियां, बाल विवाह आदि का शीघ्र समापन हो सकता है। इसके साथ ही वे शिक्षा प्रसार, स्वच्छता, जल संचयन, गर्भवती महिलाओं का प्रसव अस्पतालों में ही कराने आदि पर कार्य करें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के निदेशक डॉ. एससी शर्मा, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस. गर्ग, इंटीग्रल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलाधिपति प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर, दूरस्थ शिक्षा के पूर्व निदेशक प्रोफेसर सुमित प्रसाद पानी, इंटीग्रल विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर जावेद मुसर्रत तथा विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधिगण ऑनलाइन जुड़े हुए थे।

## दुबग्गा से दो तस्कर गिरफ्तार, प्रतिबंधित प्रजाति के 270 तोते बरामद

**लखनऊ।** एसटीएफद्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्यीय स्तर पर तस्करी करने वाले गैंग के 2 तस्करों को लखनऊ के दुबग्गा तिराहे से प्रतिबंधित प्रजाति के कुल 270 तोते सहित किया गया गिरफ्तार। वन विभाग व डब्लूसीसीबी (वाइल्ड लाइफक्राइम कन्ट्रोल व्यूरो) द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, एसटीएफसे उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में व्यापक स्तर पर संरक्षित पक्षियों की तस्करी के बाद बिक्री करने की सूचना पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। छानबीन के दौरान एसटीएफको जानकारी मिली कि जनपद लखनऊ के चौक थाना क्षेत्र के चौपटिया निवासी मो. जैद पुत्र मो. अमीन द्वारा अपने साथियों के सहयोग से प्रतिबंधित प्रजाति के वन्य जीवों/पक्षियों की तस्करी कर अन्तराज्यीय स्तर पर बिक्री की जा रही है। शनिवार की रात जरिये मुखबिर ज्ञात हुआ कि जनपद पीलीभीत से प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षियों को तस्करी कर इनोवा कार से लखनऊ लाया जा रहा ह । इस सूचना पर एसटीएफ व वन विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर को साथ लेकर दुबग्गा के पास आवश्यक घेराबन्दी कर इन्तजार करने लगे । कुछ देर बाद एक इनोवा कर यूपी .78 बीक्यू .1220 आती दिखाई दी ए जिसे मुखबिर ने देख कर बताया कि यही वह गाड़ी है ए जिसमें प्रतिबन्धित तोतो की तस्करी हेतु ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर एसटीएफव वन विभाग की टीम द्वारा गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया तो गाड़ी में बैठे व्यक्ति उतर कर भागने लगे। एसटीएफने आवश्यक बल प्रयोग करके मोहम्मद अशर खान पुत्र मोहम्मद जफर खान निवासी . म. नं.97/157 कसाईबाड़ा लाटूश रोड, थाना अमीनाबाद लखनऊ और दीपक पुत्र स्व श्याम सिंह निवासी .72/8 एमएलडी रोड चारबाग थाना नाका ए लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया।

## कोरोना संक्रमण एवं छात्र हितों को देखते हुए सीबीएसई परीक्षाओं को रद्द किया जाना चाहिएः प्रियंका गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● कांग्रेस महासचिव ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कोरोना महामारी संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाओं को रद्द करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शिक्षा मंत्री भारत सरकार रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर कहा कि कोरोना की बढ़ती संक्रमण एवं छात्र हितों को देखते हुए सीबीएसई द्वारा मई में कराए जाने वाली परीक्षाओं को रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों शिक्षकों विशेषज्ञों एवं अभिभावकों के साथ एक संवाद कर के मूल्यांकन के वैकल्पिक व सुरक्षित तरीकों को निकाल सकती है। प्रियंका गांधी ने पत्र के माध्यम से कहा कि कोरोना के बढ़ते मामलों एवं उससे पैदा हुई भयावह स्थिति के बीच सीबीएसई द्वारा मई में परीक्षाएं कराने को लेकर निकाला गया सर्कुलर हैरान करने वाला है। पूरे देश में रोजाना कोरोना के लगभग 1 लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। ये परीक्षाएं छात्रों का भविष्य निर्धारित करती हैं। इन परीक्षाओं के लिए छात्र कई महीनों तक कड़े परिश्रम के साथ तैयारी करते हैं। देश भर से लाखों छात्रों व अभिवावकों ने कोरोना की इस दूसरी लहर के दौरान परीक्षा हाल में बैठकर परीक्षा देने को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की हैं। उनके द्वारा जाहिर की गई चिंताएं तार्किक रूप से एकदम सही हैं। परीक्षार्थियों और सहायक स्टाफसे भरे परीक्षा केन्द्रों पर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना काफी मुश्किल होगा। साथ ही साथ कोरोना वायरस की प्रकृति एवं संक्रमण के तरीके को देखते ये कहा जा सकता है कि इससे शिक्षकों, निरीक्षकों व छात्रों के परिवारों पर भी संक्रमण का खतरा मंडराता रहेगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि अगर कोरोना वायरस संक्रमण की इस भयावह स्थिति में कोई भी परीक्षा केंद्र हॉटस्पॉट बनता है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार व सीबीएसई बोर्ड की होगी। विद्यार्थियों उनके परिवार या शिक्षकों के संक्रमित होने की दशा में क्या सीबीएसई बोर्ड एवं सरकार उसकी कानूनी जवाबदेही लेने के लिए तैयार है? उन्होंने कहा कि जनसेवक होने के नाते बच्चों को सुरक्षित रखने एवं उनको सही मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी हमारे कन्धों पर है। जब देश के सारे राज्य भारी संख्या में लोगों के एक जगह पर न एकत्रित होने जैसी गाइडलाइंस निकाल रहे हैं ए ऐसे में हम किस तर्क के तहत इन परीक्षाओं को कराने जा रहे हैं । जिन स्थितियों में हम इन छात्रों पर ये परीक्षाएं लाद रहे हैं इससे उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा।

## बाबा साहब का अपमान करना समाजवादी पार्टी की आदत रही हैः बृजलाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्व पुलिस** महानिदेशक एवं भाजपा से सांसद बृजलाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा दलित विरोधी रही है। समाजवादी पार्टी ने दलित हितों को नुकसान पहुंचाने में कोई अवसर नहीं गंवाया है। बृजलाल ने कहा कि 21 दिसंबर 2012 को लोकसभा में प्रोन्नति में दलित का आरक्षण बिल पेश किया गया था उस दौरान समाजवादी पार्टी ने हंगामा मचाया था ऐसी स्थिति में सपा के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पिता एवं उत्तर प्रदेश के रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने लोकसभा में कहा कि चाहें सरकार से समर्थन वापस क्यों न लेना पड़े, वे बिल पास नहीं होने देंगे। बृज लाल ने कहा कि मुलायम ने 2 दलित सांसदों यशवीर सिंह बिजनौर और शैलेन्द्र कुमार कौशाम्बी से लोकसभा में बिल फड़वाकर दलितों के कंधे से बन्दूक चलायी थी। बृजलाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से कहा कि आप अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए जनवरी 2015 में उत्तर प्रदेश के दो लाख दलित अधिकारियों और कर्मचारियों को पदावनत करके, दलित उत्पीड़न का कीर्तिमान बनाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति राकेश तिवारी और मुख्तार अहमद की पीठ ने पदावनत आदेश पर रोक लगायी। उस दौरान सपा सरकार ने उच्च न्यायालय में प्रति शपथ पत्र दाखिल करके कहा था कि पदोन्नति में आरक्षण का बिल लोकसभा में लम्बित है इसलिए फिलहाल दलित कार्मिकों को एम. नागराज मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2006 में दिये गये फैसले का लाभ नहीं दिया जा सकता। पूर्ववर्ती सपा सरकार के दौरान चीफ इंजीनियर को अधीक्षण अभियंता और अधीक्षण अभियंता को अधिशासी अभियंता बना दिया। थानाध्यक्ष को उसी के थाने में हवलदार बना दिया और तमाम एसडीएम को तहसीलदार और तहसीलदार को नायब तहसीलदार बना दिया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान करना समाजवादी पार्टी की आदत रही है। बृजलाल ने कहा कि वर्ष 2016 को गाजियाबाद में हज हाउस का उद्घाटन करने के दौरान सपा मुखिया अखिलेश की मौजूदगी में पूर्व मंत्री आजम खां ने बाबा साहब का उपहास करते हुए कहा था। उन्होंने कहा था कि इस आदमी का हाथ इशारा करता है, यह जमीन मेरी है और सामने का प्लाट भी मेरा है। बाबा साहब को आजम ने भू-माफिया बना दिया था, जो खुद सबसे बड़ा माफिया निकला और 100 से अधिक मामलों में परिवार सहित इस समय जेल में है। उनकी बातों को सुनकर आप मंच पर मंद-मंद मुस्कराते हुए तालियां बजा रहे थे। बाबा साहब की घोर विरोधी पार्टी अब उनके नाम पर 'बाबा साहब वाहिनी' बनाकर दलितों के साथ छलावा कर रही है ।

## गेहूं क्रय की नियमित मानिटरिंग करने के दिये गये निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने एमएसपी के तहत गेहूं खरीद कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर गेहूं खरीद का कार्य सुचारु ढंग से किया जाए। किसानों की सुविधा के लिए गेहूं खरीद केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। गेहूं खरीद के सम्बन्ध में हेल्पलाइन संचालित की जाए। उन्होंने गेहूं क्रय की नियमित मानिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क के अनिवार्य उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए। गेहूं खरीद केन्द्रों पर सेनिटाइजर, इन्फ्रारेड थर्मामीटर तथा पल्स ऑक्सीमीटर की उपलब्धता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गो.आश्रय स्थलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रबन्ध किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि संरक्षित गोवंश के लिए गो.आश्रय स्थलों में पीने के लिए पानी, चारा, छाया आदि की समुचित उपलब्धता रहे।

उन्होंने गो.आश्रय स्थलों के लिए भूसे की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में भूसा बैंक स्थापित किया जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व चरेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव वित्त एसराधा चौहान, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला संयोजक घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने गोरखपुर क्षेत्र के पंचायत चुनाव क्षेत्रीय संयोजक तथा संतकबीर नगर जिले के पंचायत चुनाव जिला संयोजक घोषित किए। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पंचायत चुनाव प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बताया कि पंचायत चुनाव में सहभागिता के कारण रिक्त हुए पदों पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सुनील गुप्ता को गोरखपुर क्षेत्र का पंचायत चुनाव क्षेत्रीय संयोजक घोषित किया। वहीं संतकबीरनगर जिले के पंचायत चुनाव जिला संयोजक पद पर शेषभान राय घोषित किए गए।

## 423 वाहनों का किया गया ई-चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पुलिस आयुक्त** डीके ठाकुर के निर्देश पर डीसीपी यातायात लखनऊ के निर्देशन में रविवार को 423 वाहनों का चालान काटा गया। इसके साथ ही 69200 का शमन शुल्क वसूल किया गया। लखनऊ कमिश्नरेट के चिनहट तिराहे पर बिना कागजात संचालित/डग्गामार वाहन(बस)के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत सीज की कार्यवाही की गई। प्रवर्तन टीमों द्वारा दो पहिया/चार पहिया वाहनों का एमवी एक्ट के तहत बिना हेलमेट, तीन सवारी, रांग साइड, बिना सीट बेल्ट, नो-पार्किंग, रेड लाइट क्रास व ओवर स्पीड आदि के विरूद्ध कार्यवाही की गई। इनमें 123 दो पहिया वाहन में हेलमेट न धारण करने वाले, 28 तीन सवारी में चालान, 57 चार पहिया में सीट बेल्ट, 18 बिना लाइसेन्स के वाहन चलाने में चालान, 14 बिना प्रदूषण सर्टिफेकिट के वाहन में चालान, 25 अन्य अफेन्स में चालान, 25 रांग साइड में चालान व 86 नो.पार्किंग में चालान काटा गया। इस तरह से 423 ई-चालान व 69200 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया।



लखनऊ में रविवार को कैसरबाग बस अड्डे पर बसों को सेनेटाइज करते कर्मचारी

## कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयन्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महान समाज** सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सहित वरिष्ठ नेताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू ने इस मौके पर कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने जीवनभर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करनेए छुआछूत को देश से खत्म करने के लिए अथक प्रयास किये। उन्होने बहिष्कृत समाज को समान अधिकार दिलाने के लिए 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की और जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतीश अजमानी, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं प्रभारी व्यवस्था, सम्पत्ति एवं प्रोटोका शिव पाण्डेय, अनूप गुप्ता, दिनेश सिंह, राहुल राजभर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश मंत्री सहित कई महामंत्रियों को किया गया पदमुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पंचायत चुनाव में सहभागिता करने वाले पार्टी के प्रदेश मंत्री सहित जिलों के महामंत्रियों के त्याग पत्र स्वीकार करते हुए उन्हें पदमुक्त कर दिया है।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पंचायत चुनाव प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल द्वारा तय नीति के अनुसार प्रदेश पदाधिकार, क्षेत्रीय पदाधिकारी तथा जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री अथवा उनके परिजनों के पंचायत चुनाव निर्वाचन में सहभागिता करने पर उन्हें पार्टी के दायित्व से त्याग पत्र देना होगा। इसी संदर्भ में विगत दिनों से विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने त्याग पत्र प्रस्तुत किए जिसे प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने स्वीकार करके उन्हें पदमुक्त कर दिया है। श्री पाठक ने बताया कि पार्टी के प्रदेश मंत्री अशोक जाटव को पंचायत चुनाव में सहभागिता के कारण उनका त्याग पत्र स्वीकार करते हुए उन्हें पदमुक्त कर दिया है।

इसके साथ ही रामपुर से महासिंह राजपूत, गौतम बुद्ध नगर से अमित चौधरी, पीलीभीत से गुरूभाग सिंह, कासगंज से सत्येन्द्र कश्यप, मैनपुरी से बलवीर धनगर तथा फिरोजाबाद जिले से अविनाश भोले को पंचायत चुनाव में सहभागिता के कारण पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिला महामंत्री पद से मुक्त कर दिया है।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ज्योतिबा फुले की जयंती पर किया नमन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, नारी शिक्षा और समानता के अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर उन्हें शत् .शत् नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मौर्य कहा है कि नारी शिक्षा को बढ़ावा देने व सामाजिक सद्भाव का वातावरण बनाने में ज्योतिबा फुले ने बहुत बड़ा योगदान किया ।उनके विचार व उनका दर्शन आज ही प्रासंगिक है। केशव प्रसाद मौर्य ने त्याग, साधना व नारीशक्ति की प्रतिमूर्ति एवं महात्मागांधी जी के स्वतंत्र भारत के सपने को साकार करने में समर्पित सहभागी की भूमिका निभाने वाली कस्तूरबा गांधी जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुये आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# मौत के मातम में सरकार मना रही है उत्सवःअजय कुमार लल्लू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है आंकड़ों की कलाबाजीः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**कांग्रेस प्रदेश** अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना का व्यापक प्रसार, तेजी से बढ़ रहे संक्रमण और भारी संख्या में हो रही दु:खद मौतें चिन्तित करने वाली हैं। कोरोना महामारी पर प्रभावी नियंत्रण के नाकाफी सरकारी उपाय भी चिन्ता एवं गंभीर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं का बेहद अभाव है।

वैक्सीन, बेड, वेंटिलेटर और आईसीयू की व्यापक कमी प्रदेशवासियों की चिन्ता बढ़ाने वाली है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि जिस प्रकार राजधानी में वैक्सीन के लिए लोगों को लम्बी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है, अस्पतालों के गेटों पर मरीज दम तोड़ रहे हैं और इतना ही नहीं शवदाह गृहों पर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को 40-40 घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ रही है यह कोरोना की भयावहता, सरकार की लापरवाही और उदासीनता को दर्शाता है। वहीं दु:ख, पीड़ा और इलाज की असफल जद्दोजहद के बाद होने वाली दु:खद मौत के मातम के बीच उत्सव मनाने का भाजपा सरकारों का निर्णय संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। अजय कुमार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने एवं बदहाल चिकित्सा व्यवस्था को दुरूस्त करने के बजाए आंकड़ों की कलाबाजी कर रही है। भारी संख्या में हो रहीं मौतों की संख्या को छिपाकर महामारी की गंभीरता को कम करने की कोशिश कर रही है जो प्रदेश की जनता के लिए घातक साबित हो रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लखनऊ स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 23 मौतें कोरोना से हुईं जबकि लखनऊ के मात्र दो विद्युत शवदाह गृहों में ही 65 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। इस हिसाब से प्रदेश में मौतों का वास्तविक आंकड़ा समझा जा सकता है। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि वैक्सीन की व्यापक कमी केन्द्र और प्रदेश सरकार की प्रचारजीविता का दुष्परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक तरफ उत्तर प्रदेश के साथ ही साथ तमाम राज्यों में वैक्सीन की भारी कमी के चलते लोगों को वैक्सीन नहीं मिल पा रही है। वैक्सीन सेंटर बन्द कर दिये गये हैं। देवरिया, आजमगढ़, सीतापुर, गाजियाबाद, लखनऊ के केजीएमयू आदि जगहों पर वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के मुखिया तमाम तरीके के खोखले वादे और दावे करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार झूठे आंकड़ों के पीछे अपनी नाकामी छिपाने के बजाए यथाशीघ्र सभी लोगों को वैक्सीन उपलब्ध कराये, जांच और इलाज के लिए युद्ध स्तर पर महा अभियान शुरू करे। चिकित्सीय उपकरणों और चिकित्सकों के साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करे और केन्द्र सरकार से गंभीरतापूर्वक वार्ता कर वैक्सीन की कमी को दूर करवाये।

## कोरोना की जंग में टीम वर्क फिर बना हथियार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना की चुनौती से निपटने और उसका सफलतापूर्वक सामना करने के लिये फिर से टीम वर्क को हथियार बनाया है। उन्होंने परिस्थितियों का आलकन करते हुए बताया है कि आने वाले दिन हम सब के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं।

उन्होंने कहा है कि कोविड के खिलाफपिछले वर्ष सभी जिलों ने कोविड प्रबंधन का जो बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया था वह अन्य राज्यों के लिये भी नजीर बन गया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि इस बार भी टीम वर्कश् से हम इस लड़ाई को जरूर जीतेंगे। उन्होंने बीमारी की रोकथाम के लिये नगर विकास और ग्राम्य विकास विभाग की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के लिये कहा है।

### सभी कार्यालयों व औद्योगिक इकाइयों में बनें कोविड हेल्प डेस्क

मुख्यमंत्री ने सभी कार्यालयों व औद्योगिक इकाइयों में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कोविड हेल्प डेस्क सक्रिय करने। मतदान कर्मियों पुलिस कर्मियों और चिकित्सा कर्मियों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे जाने। मास्क और सैनिटाइजेशन के प्रति लोगों को सतत जागरूक किये जाने पर भी जोर दिया है।

### लॉक डाउन की कोई आवश्यकता नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में लॉक डाउन की कोई आवश्यकता अभी नहीं है। उन्होंने कहा है कि लोगों की आजीविका बचाने के साथ जान भी बचाना उत्तर प्रदेश की सरकार की उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि पंचायत चुनावों में कोविड को देखते हुए बूथों की संख्या बढ़ाई गई है। पंचायत चुनाव शांति से निपटेंए इसकी व्यवस्था भी की गई है।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयंती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 194वीं जयंती मनाई गई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी भावांजलि में कहा है कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने ऐसे समय बाल विवाह, विधवा विवाह तथा कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जब समाज रूढ़िवादिता में जकड़ा हुआ था। श्री यादव ने कहा कि सन् 1873 में महात्मा फुले ने दलित वर्ग के उत्थान तथा उनको न्याय दिलाने के लिए सत्य शोधक समाज की स्थापना की। इस अवसर पर नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष, रामआसरे विश्वकर्मा पूर्व मंत्री, अरविन्द कुमार सिंह एवं रामवृक्ष सिंह यादव, निसार खां प्रदेश अध्यक्ष युवजन सभा दिल्ली तथा विजय यादव, विकास यादव नवीन कुमार ने श्रृद्धासुमन अर्पित किए।

### सपा मुखिया ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा में डीसीएम पलटने से हुए दर्दनाक हादसे में दर्जन भर श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि यह अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायी घटना है। श्री यादव ने शोकाकुल परिवारीजनों के प्रति भी गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थलाभ की कामना की है।

# टीका उत्सव कोविड-19 के खिलाफ दूसरी बड़ी लड़ाई की शुरुआतः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने रविवार को देश में टीका उत्सव की शुरुआत की और इसे कोविड-19 के खिलाफ दूसरी बड़ी लड़ाई की शुरुआत बताया। उन्होंने वायरस से मुकाबला करने के लिए जनता को अनेक सुझाव दिए और व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर स्वच्छता पर जोर देने को कहा। मोदी ने कहा, आज 11 अप्रैल यानी ज्योतिबा फुले जयंती से हम देशवासी टीका उत्सव की शुरुआत कर रहे हैं। यह टीका उत्सव 14 अप्रैल यानी बाबा साहेब आंबेडकर जयंती तक चलेगा। उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि जनता इन चार बातों का खासतौर पर ध्यान रखे- ईच वन-वैक्सीनेट वन , ईच वन-ट्रीट वन , ईच वन-सेव वन और माइक्रो कन्टेनमेंट जोन। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा, ईच वन वैक्सीनेट वन अर्थात जो लोग कम पढ़े-लिखे हैं, बुजुर्ग हैं, जो स्वयं जाकर टीका नहीं लगवा सकते, उनकी मदद करें। उन्होंने कोविड उपचार में, मास्क को बढ़ावा देकर वायरस से बचाव में अन्य लोगों की मदद करने की अपील की और कहा, ईच वन-सेव वन अर्थात हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की रक्षा करे, हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का बचाव करे।

प्रधानमंत्री ने समाज के लोगों, परिवारों से कोविड-19 की स्थिति में छोटे निषिद्ध क्षेत्र बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी को कोरोना वायरस संक्रमण होने की स्थिति में, छोटे निषिद्ध क्षेत्र (माइक्रो कन्टेनमेंट जोन) बनाने का नेतृत्व समाज के लोग करें। मोदी ने कहा कि जहां पर संक्रमण का एक भी मामला आया है, वहां परिवार के लोग, समाज के लोग छोटे निषिद्ध क्षेत्र बनाएं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे सघन जनसंख्या वाले देश में कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई का एक महत्वपूर्ण तरीका छोटे निषिद्ध क्षेत्र भी हैं। मोदी ने कहा, संक्रमण का एक भी मामला आने पर हम सभी का जागरूक रहना, बाकी लोगों की भी जांच कराना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा, हमारी सफलता इस बात से तय होगी कि छोटे निषिद्ध क्षेत्र के प्रति कितनी जागरूकता हम लोगों में है। हमारी सफलता इस बात से तय होगी कि जब जरूरत न हो, तब हम घर से बाहर न निकलें।

हमारी सफलता इस बात पर तय होगी कि जो टीका लगवाने का हकदार है, उसे टीका लगे, इसका पूरा प्रयास समाज को भी करना है और प्रशासन को भी। हमारी सफलता इस बात पर तय होगी कि हम मास्क पहनने और अन्य नियमों का किस तरह पालन करते हैं।

मोदी ने कहा, टीके की एक भी खुराक व्यर्थ न हो, हमें यह सुनिश्चित करना है। हमें उस दिशा में बढ़ना है जहां एक भी खुराक बेकार न जाए। इस दौरान हमें देश की टीकाकरण क्षमता के सर्वोत्कृष्ट उपयोग की तरफ बढ़ना है। ए भी हमारी क्षमता बढ़ाने का ही एक तरीका है। प्रधानमंत्री ने कहा, इन चार दिनों में व्यक्तिगत स्तर पर, समाज के स्तर पर और प्रशासन के स्तर पर हमें अपने-अपने लक्ष्य बनाने हैं, उन्हें प्राप्त करने के लिए पूरा प्रयास करना है। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है, इसी तरह जनभागीदारी से, जागरूक रहते हुए, अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, हम एक बार फिर कोरोना वायरस को नियंत्रित करने में सफल होंगे। याद रखिए- दवाई भी, कड़ाई भी।



नागपुर में कोरोना केस बढ़ने के दौरान महाराष्ट्र सरकार ने लगाया मिनी लॉकडाउन। इस बीच सड़कों पर क्रिकेट खेलते हुए बच्चे।

## टीएमसी की अनुसूचित जाति के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणीः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को निर्वाचन आयोग से अनुसूचित जातियों की भिखारियों के साथ तुलना करके उनके विरुद्ध कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणियां करने को लेकर तृणमूल कांग्रेस के एक नेता और उनके पार्टी नेतृत्व के विरुद्ध कार्रवाई की अपील की। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग को सौंपे एक ज्ञापन में कहा कि तृणमूल नेता सुजाता मंडल खान ने भगवा दल के प्रति समर्थन को लेकर अनुसूचित जाति समुदाय को निशाना बनाया है। भाजपा ने उन पर अनु. जाति के सदस्यों के विरूद्ध अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से कहा कि खान की टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता, भादंसं एवं अनु. जाति एवं जनजाति (उत्पीड़न रोकथाम) अधि. का उल्लंघन हैं। भाजपा ने कहा, यह न तो पहली बार हुआ है न ही अचानक दिया गया बयान है। इससे तृणमूल कांग्रेस की मानसिकता और ममता बनर्जी द्वारा तय पैटर्न की झलक मिलती है जिसके तहत उन्होंने धर्म या जाति के आधार पर चुनाव को ध्रुवीकृत करने का निरंतर प्रयास किया और वह बाहरी का हौवा खड़ा कर अतिवाद तक पहुंच गईं और भारतीय संविधान के मूल आधारों को चुनौती दी। इस प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम थे। भाजपा ने आरोप लगाया कि ऐसे चौंकाने वाले एवं अपमानजनक बयान लोकतांत्रिक राजसत्ता पर एक आघात है और यह बड़ा शर्मनाक एवं अशोभनीय है कि ऐसे बयान तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पश्चिम बंगाल में लोगों के बीच वैमनस्य एवं नफरत फैलाने के लिए खुलेआम देते हैं। उसने कहा, इसलिए हम इस आयोग से सुजाता मंडल खान और तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व के विरुद्ध चुनाव कानूनों, भादंसं एवं अनु. जाति एवं जनजाति (उत्पीड़न रोकथाम) अधि., 1989 एवं आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के तहत जरूरी कार्वाई करने का अनुरोध करते हैं।

## महामंडलेश्वर भारती बापू का हुआ निधन

**अहमदाबाद।** गुजरात के संत महामंडलेश्वर भारती बापू का अहमदाबाद के सरखेज इलाके में स्थित भारती आश्रम में रविवार की सुबह निधन हो गया। एक शिष्य ने बताया कि बापू 93 वर्ष के थे और उनका निधन उम्र संबंधी जटिलताओं के कारण हुआ है। संत का अंतिम संस्कार जूनागढ़ शहर में आश्रम के मुख्य केंद्र में किया जाएगा। उनके निधन पर दुख जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, जूनागढ़ भारती आश्रम के महामंडलेश्वर विश्वम्भर भारतीजी महाराज की शिक्षाएं हमें हमेशा प्रेरित करती रहेंगी। उनके लाखों सेवकों से मैं संवेदना जताता हूं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। ओम शांति केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, मैं 1008 महामंडलेश्वर भारती बापू के निधन से बहुत दुखी हूं। हम नशामुक्ति के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने के उनके योगदान को कभी नहीं भूल सकते हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे और उनके अनुयायियों को यह दुख सहने का साहस दे।

## तस्करों की गोलीबारी में दो अलग-अलग थानों के दो कांस्टेबलों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के कोटडी और रायला थाना क्षेत्रों में शनिवार देर रात नाकेबंदी के दौरान अलग-अलग वाहनों में सवार कथित मादक पदार्थो के हथियारबंद तस्करों द्वारा की गई गोलीबारी में दोनों थानों के एक-एक कांस्टेबल की मौत हो गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मृतक कांस्टेबलों को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए ट्वीट किया, भीलवाड़ा में अपराधिक घटना में शहीद हुए राजस्थान पुलिस के दो बहादुर जवानों पवन चौधरी एवं उंक्कार रायका को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आपके बलिदान को शत-शत नमन। भीलवाड़ा की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा ने बताया कि तस्करों के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी, उसी दौरान वाहनों में सवार हथियाबंद तस्करों ने गोलियां चलाईं जिसमें कोटडी थाने के कांस्टेबल उंक्कार की गोली लगने से मौत हो गई। सके बाद वाहनों में सवार हथियार बंद तस्करों की तलाशी के लिए पूरे जिले में नाकेबंदी कराई गई। जब रायला थाने की पुलिस नाकाबंदी कर रही थी उसी दौरान वहां से एक स्कार्पियो और मादक पदार्थो से भरे एक वाहन से पुलिस पर गोलीबारी की गई। पुलिस ने भी जवाबी कार्वाई की। घटना में रायला थाने में तैनात कांस्टेबल पवन चौधरी की गोली लगने से मौत हो गई। अभी तक इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मादक पदार्थ से भरा एक पिकअप वाहन पुलिस ने रायला थाना क्षेत्र से बरामद किया है। पुलिस ने नाकेबंदी तोड़कर निकली स्कार्पियो को भी बरामद कर लिया है। दोनों थानों में दो अलग-अलग अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या और राजकार्य में बाधा की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां और भीलवाड़ा से भाजपा सांसद भागीरथ चौधरी ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए राज्य सरकार पर आरोप लगाया है। पूनियां ने ट्वीट के जरिए कहा, हे भगवान... आज फिर अपराध सुर्खियों में हैं। कल रात भीलवाड़ा में तस्करों ने जांबाज सिपाहियों की जान ले लीअ लोहार्गल की पहाड़ियों में आदमी को जिंदा जला दियाअ खेड़ली और नागौर में बालिकाओं के साथ दुष्कर्मअ बेहतर है सरकार पुलिस की पंच लाईन बदल देउै अपराधियों में भरोसा-आम जन में भय। वहीं दूसरी ओर चौधरी ने कहा कि हमले में मारे गए पुलिसकर्मियों को जब तक शहीद का दर्जा नहीं दिया जाएगा वो उनके शवों का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसा लगता है कि राज्य में कोई सरकार नहीं है। पुलिसकर्मी खुलेआम मारे जा रहे है। पुलिस का मनोबल नीचे है। हम तब तक पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे जब तक कि मृतक पुलिसकर्मियों को शहीद का दर्जा नहीं दिया जाता।

## क्विक न्यूज

### मील का पत्थर साबित होगी नई महिला नीति : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को कहा कि नई राज्य महिला नीति-2021 इस दिशा मे मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध भाव से काम कर रही है। उन्हें हर क्षेत्र मे समान दर्जा दिलाने के लिए हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ महिला शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। गहलोत रविवार को कस्तूरबा जयन्ती के अवसर पर गांधी दर्शन एवं महिला सशक्तीकरण विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कस्तूरबा महिला सशक्तीकरण की अनूठी मिसाल थी। उनके जन्म दिवस पर राज्य सरकार द्वारा जारी महिला नीति से प्रदेश की करोड़ो महिलाओ को हर क्षेत्र मे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। गहलोत ने कहा, हम मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने पर काम कर रहे हैं। सरकार के साथ-साथ समाज को भी इस दिशा में आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए घूंघट प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयो को दूर करना जरूरी है। राजस्थान मे हमारी सरकार ने इस बुराई को समाप्त करने के लिए अभियान चलाया है। उन्होंने अपील की कि स्वयं सेवी संस्थाएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### खट्टर को बदौली गांव में घुसने नहीं देंगे : राकेश टिकैत

**नई दिल्ली,।** किसान नेता राकेश टिकैत ने रविवार को कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को 14 अप्रैल को एक कार्यक्रम के लिए बदौली गांव मे घुसने नही देगा। टिकैत ने सिंघू बॉर्डर पर मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि खट्टर भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने की आड़ में इलाके में सौहार्द बिगाड़ने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, हम बाबा साहेब की प्रतिमा के खिलाफ नही है, हम खट्टर के खिलाफ है। संयुक्त किसान मोर्चा ने फैसला किया है कि जब तक हमारा प्रदर्शन जारी है, हम मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के खिलाफ है। टिकैत ने कहा, वह यहां प्रतिमा का अनावरण करने नही आ रहे है, बल्कि लोगो के बीच सौहार्द में खलल डालने की भाजपा की साजिश के तहत यहां आ रहे है। हम खाप पंचायत के साथ, उन्हें ऐसा नही करने देंगे। खट्टर का 14 अप्रैल को बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण करने पानीपत के बदौली गांव की यात्रा करने का कार्यक्रम है। टिकैत ने कहा, हम उन्हें गांव मे घुसने नही देंगे।

### शरद पवार की 12 अप्रैल को पित्ताशय की सर्जरी होगी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार पित्ताशय (गॉल ब्लैडर) की सर्जरी के लिए रविवार को यहां एक अस्पताल मे भर्ती हुए। पार्टी के नेता नवाब मलिक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पवार की सर्जरी सोमवार को होने वाली है। मलिक ने बताया, (पिछले महीने की) चिकित्सीय प्रक्रिया के बाद शरद पवार को सात दिनो तक आराम करने की सलाह दी गई थी। इसके बाद यह फैसला किया गया कि 15 दिनो बाद गॉल ब्लैडर हटाने के लिए सर्जरी की जाएगी। इसी के अनुरूप, पवार रविवार को ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हुए। एक चिकित्सक ने बताया था कि पवार (80) ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में 30 मार्च को अपनी पित्त वाहिनी से पथरी निकलवाने के लिए आपातकालीन एन्डोस्कोपी करवाई थी।

### नक्सलियों ने जल शोधन के निर्माण में लगी मशीनों में लगाई आग

**बीजापुर,।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले मे एक जल शोधन संयंत्र के निर्माण मे लगी चार मशीनो और एक वाहन मे नक्सलियो ने रविवार को आग लगा दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नेमेड पुलिस थाना क्षेत्र मे दोपहर मे यह घटना हुई। यहां बीजापुर कस्बे को पेयजल की आपूर्ति करने के लिए मिंगाचल नदी के तट पर जल शोधन संयंत्र के निर्माण से संबंधित कार्य चल रहा था। उन्होने बताया, रायपुर से करीब 450 किलोमीटर दूर इस निर्माण स्थल पर करीब एक दर्जन नक्सली पहुंचे और वाहन चालक और मशीन संचालकों को निर्माण रोकने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने कंक्रीट मिलाने वाली मशीन, दो अर्थ मूवर मशीन और एक ट्रैक्टर मे आग लगा दी और घटनास्थल से फरार हो गए। उन्होने बताया कि इस घटना मे शामिल नक्सलियो को पकड़ने के लिए पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर गई है।

### बडगाम में आतंकवादियों ने नागरिक की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले मे आतंकवादियो ने रविवार को एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज दोपहर को मध्य कश्मीर जिले के मगाम क्षेत्र के बुचीपुरा मे आतंकवादियो ने नसीर खान पर उसके घर के पास गोलीबारी की।उन्होने बताया कि खान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।अधिकारी ने बताया कि उस क्षेत्र को बंद कर दिया गया है और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी शुरू की गई है। घटना से संबंधित अधिक जानकारियां अभी नही आई है।



पश्चिम बंगाल के बलूरघाट में भाजपा प्रत्याशी डोर-टू-डोर वोट मांगते हुए।

## तमिलनाडु विस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी माधव राव का कोविड-19 से निधन

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** में छह अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में श्रीविल्लिपुत्तूर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार पीएसडब्ल्यू माधव राव का कोविड-19 से संबंधित जटिलताओं के कारण रविवार को निधन हो गया। राव के दामाद के. राजीव ने पीटीआई-भाषा से कहा कि राव 63 वर्ष के थे और उनके परिवार में सिर्फ उनकी बेटी हैं। उन्होंने बताया कि राव का मदुरै के एक निजी अस्पताल में आज सुबह निधन हो गया, जहां उन्हें 20 मार्च को भर्ती कराया गया था।

कांग्रेस के सचिव और तमिलनाडु प्रभारी संजय दत्त ने ट्वीट करके कहा कि उन्हें कोविड-19 के कारण राव के निधन के बारे में सुनकर काफी दुख हुआ है। दत्त ने कहा, उनके परिवार को हमारी हार्दिक संवेदनाएं। हम उनके साथ दुख की इस घड़ी में खड़े हैं और राव की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता ओ पनीरसेल्वम तथा द्रमुक के प्रमुख एम के स्टालिन ने राव के निधन पर दुख जताया है। उपमुख्यमंत्री पनीरसेल्वम ने राव के परिवार को तथा कांग्रेस को अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।स्टालिन ने कहा कि राव का निधन श्रीविल्लिपुत्तूर के लोगों और कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ा नुकसान है। द्रमुक प्रमुख ने सार्वजनिक जीवन में शामिल लोगों से एहतियात बरतने और टीका लगवाने का आग्रह किया। तमिलनाडु में छह अप्रैल को चुनाव हुआ था और मतगणना दो मई को होनी है। अगर कांग्रेस के उम्मीदवार चुनाव में जीत हासिल करते हैं तो श्रीविल्लिपुत्तूर में बाद में उपचुनाव होगा।

## पुजारी मौत मामले में भाजपा नेताओं का धरना समाप्त

**भाषा।** जयपुर

**दौसा जिले** में एक पुजारी की मौत के मामले में जयपुर में भाजपा नेताओं का शव के साथ चार दिनों से जारी धरना रविवार को भाजपा नेताओं और सरकार के बीच हुई वार्ता में मांगें मान लिए जाने के बाद समाप्त हो गया है। सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी ने बताया कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल और सरकार के बीच सहमति के बाद रविवार को धरना समाप्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सहमति के अनुसार पुजारी की मौत प्रकरण की जांच संभागीय आयुक्त करेंगे और 30 अप्रैल तक वह अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। इस संबंध दर्ज दो मामलों की जांच पुलिस महानिरीक्षक करेंगे।

उन्होंने बताया कि संभागीय आयुक्त की जांच की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मुख्यसचिव, पुलिस महानिदेशक, एसीएस (गृह), जयपुर पुलिस आयुक्त, दौसा पुलिस अधीक्षक, दौसा जिला कलेक्टर और भाजपा प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा सांसद किरोडी लाल मीणा, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक अशोक लाहौटी, शामिल थे। उन्होंने बताया कि मंदिर माफी की जमीन को लेकर एक कमेटी बनाई जाएगी जो सरकार को सुझाव देगी कि क्या कानून में बनाया जाए। धरने का नेतृत्व कर रहे भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोडी मीणा ने बताया कि सरकार से पुजारी की मंदिर माफी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री सहित विभिन्न मांगों पर सहमति बनने के बाद रविवार को धरना समाप्त कर दिया गया। पुजारी के शव का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारी मांग थी की राज्य में 30 हजार बीघा जमीन मंदिर माफी की है उसमें से 18 हजार बीघा पर अतिक्रमणियों का कब्जा है जिसके चलते कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है। पुजारी की हत्या हो रही है। इसके लिए एक सख्त कानून बनाया जाए ताकि जमीनों पर कब्जा ना हो। उन्होंने बताया कि संभागीय आयुक्त दस दिन में अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार से सहमति बनने के बाद सिविल लाईंस से (धरना स्थल) को खाली कर दिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने बताया कि सरकार और भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता के बाद रविवार को धरना समाप्त कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि राज्य में 18,000 बीघा मंदिर माफी की जमीनों पर कई जगह कब्जे के बाद उनपर भूमाफियाओं की नजर है और इस तरह की घटनाओं में पिछले छह महीनों में चार पुजारियों की मौत हो चुकी है। इससे पूर्व राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी इस बारे में मुख्य सचिव, गृह सचिव व पुलिस महानिदेशक से तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने को कहा।

उल्लेखनीय है कि दौसा के महुआ में अस्थमा बीमारी से पीड़ति एक पुजारी की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने उसकी जमीन की रजिस्ट्री को रद्द करवाने, मंदिर माफी जमीन पर अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर महुआ में उसके शव के साथ धरना प्रदर्शन शुरू किया। धरने में बाद में भाजपा नेता भी शामिल हो गए। नेताओं ने जयपुर के सिविल लाईंस फाटक पर पुजारी के शव के साथ गत बृहस्पतिवार को धरना शुरू किया था।

## मोदी सरकार की नीतियों के कारण कहर बरपा रहा है कोविड-19 : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कोविड-19 महामारी से निपटने को लेकर केंद्र पर हमला बोलते हुए रविवार को कहा कि मोदी सरकार के अहंकार और अक्षमता के कारण कोरोना वायरस भारत के लोगों और अर्थव्यवस्था पर कहर बरपा रहा है। विपक्षी दल ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण समाज का हर वर्ग परेशानी में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ना कोरोना पर काबू, ना पर्याप्त टीके, ना रोजगार, ना किसान-मजदूर की सुनवाई, न लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम (एमएसएमई) सुरक्षित, ना मध्यमवर्ग संतुष्ट। आम खाना तो ठीक था लेकिन कम से कम आम आदमी को तो छोड़ देते। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से देश में हालात को लेकर भी सरकार की आलोचना की। पार्टी ने ट्वीट किया, एक साल बीत गया है लेकिन कोविड-19 भारत के लोगों और भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार कहर बरपा रहा है। इसका श्रेय मोदी सरकार और उसके अहंकार तथा अक्षमता को जाता है। एक अन्य ट्वीट में पार्टी ने दावा किया कि सरकार की नीतियों के कारण देश का हर वर्ग परेशान है। पार्टी ने कहा, कोरोना वायरस बेलगाम होता जा रहा है, टीके का अभाव है, किसान-मजदूर परेशान हैं, अर्थव्यवस्था चरमरा रही है, छोटे उद्योग- धंधे चौपट हो रहे हैं और मध्यम वर्ग भी परेशान है। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने और टीकाकरण अभियान को लेकर सरकार की आलोचना करता रहा है।




भोपाल में साप्ताहिक लॉकडाउन के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पूछताछ करता हुआ सुरक्षाकर्मी।

# बाल वाटिका, व्यावसायिक शिक्षा पर होगा जोर

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● समग्र शिक्षा अभियान के विस्तार की कार्ययोजना तैयार

**सरकार** ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप समग्र शिक्षा अभियान योजना के विस्तार की कार्ययोजना को अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत अगले कुछ वर्षों में चरणबद्ध तरीके से स्कूलों में बाल वाटिका, स्मार्ट कक्षा की व्यवस्था तथा आधारभूत ढांचे, व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षित शिक्षकों एवं रचनात्मक शिक्षण विधियों का विकास किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने भाषा को बताया कि समग्र शिक्षा योजना के विस्तार और संशोधन के लिए वित्त व्यय आयोग (ईएफसी) नोट को शिक्षा मंत्री एवं समन्वित वित्त प्रकोष्ठ की मंजूरी के बाद विभिन्न मंत्रालयों के पास उनके सुझावों एवं राय के लिए भेजा गया था। उन्होंने कहा कि विभिन्न मंत्रालयोंाविभागों से प्राप्त सुझावों को शामिल करते हुए मसौदा तैयार कर इन्हें मंजूरी के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पास भेजा गया है। सरकार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को समग्र शिक्षा अभियान के संशोधित रूप के साथ जोड़ने की तैयारी कर रही है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप समग्र शिक्षा अभियान की पुनर्गठित योजना के विषय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव ने सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के साथ बैठक में इसपर आने वाले खर्च की समीक्षा की थी। मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, समग्र शिक्षा अभियान के विस्तार के तहत स्कूलों में ऐसा समावेशी और खुशहाल स्कूली वातावरण तैयार करने पर जोर दिया जाएगा जो विविध पृष्ठभूमियों, बहुभाषी जरूरतों और बच्चों की विभिन्न अकादमिक क्षमताओं का ख्याल रखता हो। इसके तहत अगले एक वर्ष में चरणबद्ध तरीके से बाल वाटिका स्थापित करने के साथ शिक्षक पाठ्य सामग्री (टी एल एम) तैयार की जाएगी, साथ ही स्मार्ट कक्षा की भी व्यवस्था की जाएगी। समग्र शिक्षा अभियान का दायरा बढ़ाते हुए विशेष मदद की जरूरतों वाली बालिकाओं के लिए अलग से मानदेय की व्यवस्था तथा प्रखंड स्तर पर विशेष जरूरत वाले बच्चों और उनके लिए बनाए गए केन्द्रों की पहचान की व्यवस्था की जाएगी। इसमें सीखने की प्रक्रियाओं की निगरानी, बच्चों के एक स्कूल से दूसरे स्कूल में प्रवेश को सुगम बनाने के साथ हिंदी और उर्दू भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षकों के क्षमता विकास एवं प्रशिक्षण कार्य पर खास ध्यान दिया जाएगा।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन की कार्ययोजना में कहा गया है कि साल 2025 तक स्कूल एवं उच्च शिक्षा प्रणाली के माध्यम से 50 प्रतिशत शिक्षार्थियों तक व्यावसायिक शिक्षा की पहुंच सुगम की जाएगी। मंत्रालय के अनुसार समग्र शिक्षा के तहत कक्षा नौ से कक्षा 12 तक के लिए व्यवासायिक शिक्षा पाठ्यक्रम को एकीकृत किया जा रहा है जिसका उद्देश्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर मांग एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की शुरूआत करना है। इसमें खास तौर पर लड़कियों के लिए पाठ्यक्रमों पर जोर दिया जा रहा है। इसके मुताबिक, इसमें कृषि, परिधान, गृह सज्जा, ऑटोमोबाइल, मीडियामनोरंजन, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, शरीरिक शिक्षा, खेल, खुदरा क्षेत्र, दूरसंचार, पर्यटन, रत्न एवं आभूषण सहित 17 विषय चयनित किए गए हैं।

गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट में कहा गया है कि देश के 15,000 से अधिक स्कूलों का विकास राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी पक्षों को शामिल करते हुए किया जाएगा जिससे देश में शिक्षा की गुणवता को मजबूत किया जा सके और वे अपने क्षेत्र के लिए बेहतर स्कूल के उदाहरण के रूप में उभर सकें। वहीं, मार्च महीने में राज्यसभा में पेश एक संसदीय समिति की रिपोर्ट में समग्र शिक्षा के तहत देश में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल स्तर पर आधारभूत संरचना के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त की गई। इसमें कहा गया है कि प्रारंभिक स्तर पर स्कूलों में केवल 81.27 प्रतिशत शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा हुआ है। केवल 83.31 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालयों में पेयजल की सुविधा पूरी हुई है। केवल 67.73 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालयों में बालिकाओं के लिए अलग शौचालयों का कार्य पूरा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में पूरे होने वाले अवसंरचना निर्माण कार्य का प्रतिशत भी कम है। इसमें न तो अतिरिक्त शिक्षक कक्ष ही उपयुक्त संख्या में बनाए गए हैं, न ही भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान जैसे विषयों की प्रयोगशालाएं बनी हैं। संसदीय समिति ने पाया कि माध्यमिक स्कूलों में भी स्कूल भवनों का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य भी बहुत कम हुआ है। समग्र शिक्षा अभियान, प्री-स्कूल से कक्षा 12 तक स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने का एक कार्यक्रम है।



जलपाईगुड़ी में कलाकारों ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के लिए राज्य विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव अभियान के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया

## गिरिराज परिक्रमा बंद, बिहारी जी के मंदिर के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में कोरोना वायरस संक्रमण बहुत बढ़ जाने पर जिला प्रशासन ने रविवार से रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है और मंदिरों के भी दर्शन समय में बदलाव कर दिया गया है। वृन्दावन के बांके बिहारी के दर्शन के लिए अब ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इसके अलावा मंदिर में एक समय में सिर्फ पांच श्रद्धालुओं को ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी। यह व्यवस्था सोमवार से प्रभावी कर दी गई है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर के सभी मंदिर रात में आठ बजे ही बंद कर दिए जाएंगे। इसी तरह जिले के अन्य मंदिरों के दर्शन समय में भी बदलाव कर दिया गया है। जिले में पिछले एक सप्ताह से कोविड-19 के मामले लगातार तेजी से बढ़ते को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने रात में नौ बजे से सुबह छह बजे तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया। बांकेबिहारी मंदिर प्रशासन के प्रबंधक मुनीश कुमार शर्मा ने बताया, सोमवार से ऑनलाइन पंजीकरण कराकर आने वाले श्रद्धालुओं को ही मंदिर में प्रवेश मिल पाएगा।

# कोविड-19 की दूसरी लहर ने पकड़ा जोर

**भाषा।** इंदौर

## ● चिकित्सा संसाधनों की कमी से जूझ रहा इंदौर

**कोविड**-19 की दूसरी लहर के जोर पकड़ने के बीच मध्यप्रदेश में महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित इंदौर जिला चिकित्सा संसाधनों की कमी से जूझ रहा है, जबकि प्रमुख अस्पतालों के लगभग सभी बिस्तर मरीजों से भर चुके हैं। स्थानीय अस्पतालों में मरीजों के लिए बिस्तर और रेमडेसिवीर दवा के इंजेक्शन नहीं मिलने से परेशान परिजनों के वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं। इनमें वे महामारी के इलाज की कथित अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ अपने गुस्से का तीखे शब्दों में इजहार करते नजर आ रहे हैं।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. बीएस सैत्या ने रविवार को बातचीत में माना कि इन दिनों स्थानीय अस्पतालों पर मरीजों का भारी दबाव है। उन्होंने बताया कि इन अस्पतालों में कोविड-19 के मरीजों के लिए कुल 6,800 बिस्तर उपलब्ध हैं जिनमें से करीब 70 प्रतिशत भर चुके हैं। बहरहाल, सूत्रों का कहना है कि शहर के प्रमुख अस्पतालों में कोविड-19 के मरीजों को एक अदद बिस्तर मिलने में खासी परेशानी हो रही है। मरीजों को रेमडेसिवीर के इंजेक्शन नहीं मिलने पर सीएमएचओ ने कहा कि जैसे-जैसे रेमडेसिवीर इंजेक्शन की खेप आ रही है, सीधे अस्पतालों को भिजवाई जा रही है। लेकिन अब भी इसकी आपूर्ति में समस्या बनी हुई है। उम्मीद है कि यह समस्या जल्द दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने डॉक्टरों से कहा है कि जिन मरीजों को रेमडेसिवीर के इंजेक्शन की वास्तव में जरूरत हो, उन्हें ही यह लगाया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों ने बताया कि इंदौर के अस्पतालों पर स्थानीय मरीजों के अलावा राज्य के अन्य जिलों से आने वाले संक्रमितों का भी बड़ा दबाव है। इस बीच, इंदौर में महामारी के मरीजों की तादाद नित नए रिकॉर्ड बना रही है। अधिकारियों के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में 14.5 प्रतिशत की ऊंची संक्रमण दर के साथ महामारी के 919 नए मरीज मिले जो दैनिक स्तर पर इसके मामलों का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि करीब 35 लाख की आबादी वाले जिले में 24 मार्च 2020 से लेकर अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 78,511 मरीज मिले हैं। इनमें से 999 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

# हिंदू मुन्नानी के पदाधिकारी पर हमला

**भाषा।** कोयंबटूर

## ● भाजपा ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**भाजपा की** वरिष्ठ नेता वनाति श्रीनिवासन ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठन हिंदू मुन्नानी के एक पदाधिकारी पर हमला करने वालों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। हिंदू मुन्नानी के पदाधिकारी रामकृष्णन पर शनिवार रात उस वक्त दो लोगों ने हमला किया जब वह अपने घर जा रहे थे। इस हमले में वह घायल हो गए थे। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ने यहां अस्पताल में भर्ती रामकृष्णन से मुलाकात की और पुलिस पर आरोपियों को अब तक नहीं पकड़ने का आरोप लगाया। रामकृष्णन उक्कादम में संगठन के उपाध्यक्ष हैं। हमले में उनके सिर पर चोट आई, जिसके बाद उन्हें कोयंबटूर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वनाति ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए चुनावों के बाद भगवा दल से जुड़े संगठन के कार्यकर्ताओं पर इस प्रकार के हमले किए जा रहे हैं, जो संदेह पैदा करते हैं। पुलिस ने कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

# अगर कानून हाथ में लेने की कोशिश की तो कूचबिहार जैसी घटनाएं संभव : दिलीप

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष ने रविवार को यह कहकर नया विवाद खड़ा कर दिया कि अगर सीतलकूची में मारे गए शरारती लड़कों की तरह किसी ने कानून हाथ में लेने का प्रयास किया तो विधानसभा चुनावों के अगले चरण में भी कूचबिहार की तरह हत्याएं हो सकती हैं। भाजपा नेता के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए तृणमूल कांग्रेस ने उनकी गिरफ्तारी की मांग की, जबकि माकपा ने कहा कि बयान भगवा दल के फासीवादी चेहरे को उजागर करता है। घोष ने कहा, सीतलकूची में शरारती लड़कों को गोली लगी। अगर कोई भी अपने हाथ में कानून लेने का दु:साहस करता है तो उसके साथ भी ऐसा ही होगा। उन्होंने शरारती लड़कों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उत्तर 24 परगना जिले के बारानगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिन शरारती लड़कों ने समझ रखा था कि केंद्रीय बलों की राइफलें चुनावी ड्यूटी के दौरान केवल दिखावे के लिए हैं, ऐसे लोग सीतलकूची की घटना देखने के बाद यह गलती दुहराने की हिम्मत नहीं करेंगे। सीतलकूची विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को सीआईएसएफ के जवानों से कुछ लोगों द्वारा राइफलें छीनने का प्रयास करने के बाद केंद्रीय बल ने गोलीबारी की जिसमें चार लोगों की मौत हो गई।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया, जिसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कटेकल्याण थाना सीमा क्षेत्र के तहत गादाम और जंगमपाल गांवों के बीच एक जंगल में अपराह्न करीब दो बजे उस समय मुठभेड़ हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम नक्सल रोधी अभियान पर थी। उन्होंने कहा कि गोलीबारी रुकने के बाद, राजधानी रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित, घटनास्थल से नक्सली वेट्टी हंगा का शव बरामद हुआ। मुठभेड़ स्थल से आठ एमएम की एक पिस्तौल, एक देशी बंदूक, दो किलोग्राम का आईईडी, बैग, दस्तावेज और दवाएं बरामद हुईं। पल्लव ने कहा कि हंगा प्रतिबंधित माओवादी संगठन का मिलिशिया कमांडर था और उसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था।

# इंटैक ने खुदा बख्श पुस्तकालय एवं अन्य धरोहर बचाने के के लिए नीतीश कुमार को लिखा पत्र

**भाषा।** पटना



**इंटैक** ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 130 साल पुराने खुदा बख्श पुस्तकालय के अगले हिस्से को नहीं ढ़हाने की अपील की और कहा कि इस मशहूर संस्थान के किसी भी हिस्से को गिराना न केवल पटना के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए धरोहर की बहुत बड़ी क्षति होगी। शनिवार को मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में दिल्ली स्थित इस एनजीओ की पटना शाखा ने किसी भी अन्य धरोहर भवन को पूर्ण या आंशिक रूप से नहीं गिराने की भी अपील की है जो ऐतिहासिक अशोक राजपथ पर कारगिल चौक से एनआईटी मोड़ तक प्रस्तावित उपरिगामी गलियारे के मार्ग में आ रहे हों। पत्र में कहा गया है, खुदा बख्श पुस्तकालय के किसी भी हिस्से को गिराना न केवल पटना के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए धरोहर की बहुत बड़ी क्षति होगी। इससे इस संस्थान की महानता पर हमेशा के लिए ग्रहण लग जाएगा। इनटैंक पटना चैप्टर के संयोजक जे के लाल ने कहा कि कारगिल चौक से एनआईटी मोड़ तक दो किमी. से थोड़ा लंबा बनने वाले फ्लाईओवर के लिए कई धरोहर भवनों एवं उनके अगले हिस्से की कांट-छांट करनी होगी जिसमें खुदा बख्श पुस्तकालय के कर्जन रीडिंग रूम और उसके आगे के गार्डन भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अपने पत्र में हमने मुख्यमंत्री से इस फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है क्योंकि यह पटना एवं बाकी देश के लिए ऐतिहासिक धरोहर है। यह राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, ग्रंथात्मक भव्यता एवं हमारे शहर की पुरातात्विक शान है। हमने यातायात का मार्ग बदलने का वैकल्पिक प्रस्ताव भी दिया है। मशहूर शख्सियत खुदा बख्श खान द्वारा 1891 में शुरू किया गया यह पुस्तकालय कला, संस्कृति और अकादमिक जगत की शान है।

# न्यायमूर्ति रमण ने वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की

**भाषा।** तिरुपति (आंध्र प्रदेश)

**भारत** के अगले प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किए गए न्यायमूर्ति एनवी रमण ने तिरुमला स्थित प्राचीन वेंकटेश्वर मंदिर में रविवार को पूजा अर्चना की। न्यायमूर्ति रमण 24 अप्रैल को पदभार ग्रहण करेंगे। वह देश के 48वें प्रधान न्यायाधीश होंगे। मंदिर के एक अधिकारी ने बताया कि न्यायमूर्ति रमण रविवार सुबह मंदिर में पहुंचे और वहां करीब एक घंटे तक रहे। न्यायमूर्ति रमण भगवान वेंकटेश्वर के अनन्य भक्त हैं। वह अपनी पत्नी शिवमाला के साथ शनिवार को यहां आए थे। पूजा के बाद उन्हें तिरुमला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी और कार्यकारी अधिकारी केएस जवाहर रेड्डी ने रेशम का वस्त्र, भगवान वेंकटेश्वर का चित्र भेंट किया और प्रसाद दिया।

# धर्मशाला में भाजपा का महापौर होगा: पठानिया

**भाषा।** धर्मशाला

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया है कि धर्मशाला नगर निगम में दो निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिलने के बाद उसे बहुमत हासिल हो गया है, जिससे पार्टी को अपना महापौर बनाने में मदद मिल सकेगी। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को हुए चार नगर निगमों के चुनाव में कांग्रेस ने पालमपुर और सोलन में बहुमत हासिल किया है, जबकि भाजपा को मंडी में बहुमत मिला है।

धर्मशाला में भाजपा को 17 में से आठ सीटें मिली हैं और बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने में उसे एक सीट कम पड़ गई। कांग्रेस को पांच सीटें मिली हैं, जबकि चार सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। भाजपा ने दावा किया है कि दो निर्दलीय पार्षद उसके खेमे में शामिल हो गए हैं, जिसके बाद उसके पास 10 सदस्यों का समर्थन हो गया है। नव निर्वाचित निकाय में मंगलवार को महापौर और उपमहापौर का चुनाव होगा।

वन मंत्री राकेश पठानिया ने कहा, मैंने शनिवार को धर्मशाला में आठ भाजपा पार्षदों और दो निर्दलीय पार्षदों के साथ नगर निगम में महापौर और उप महापौर के पदों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को अपनी पार्टी का महापौर और उपमहापौर निर्वाचित कराने के लिए पूरा समर्थन मिल गया है, क्योंकि दो निर्दलीय पार्षद अपना समर्थन देने के लिए सहमत हो गए हैं। निवर्तमान निगम में कांग्रेस के 13 और भाजपा के चार सदस्य थे।

# मप्र के स्वास्थ्य मंत्री के आग्रह पर वरिष्ठ चिकित्सक ने इस्तीफा वापस लिया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी के आग्रह पर भोपाल के शासकीय जेपी चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक योगेंद्र श्रीवास्तव ने रविवार को अपना त्याग पत्र वापस ले लिया। डॉ.श्रीवास्तव ने शनिवार को कोरोना वार्ड में ड्यूटी के दौरान मरीज के परिजन द्वारा किए गए दुर्व्यवहार से आहत होकर त्यागपत्र दे दिया था। घटना की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ श्रीवास्तव से फोन पर चर्चा की। चौधरी ने कहा, डॉ श्रीवास्तव से मेरी दूरभाष पर चर्चा हुई है। मरीज के परिजनों के दुर्व्यवहार से आहत होकर डॉ. श्रीवास्तव ने त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने आगे कहा, मैंने उनसे (डॉ. श्रीवास्तव से) कहा कि चिकित्सकों की सेवाओं की प्रदेश के नागरिकों को संकटकाल में बहुत जरूरत है। मेरा आग्रह है कि आप अपना त्याग पत्र वापस लें। घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इस संबंध में आवश्यक कार्वाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने संकट के इस वक्त में सभी से धैर्य बनाए रखने की अपील की। गौरतलब है कि जे पी अस्पताल में एक मरीज की मौत पर उसके परिजनों के साथ-साथ कांग्रेस के विधायक एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और उनके समर्थक पूर्व पार्षद योगेन्द्र चौहान ने वरिष्ठ चिकित्सक से दुर्व्यवहार किया था और घटना से दुखी होकर चिकित्सक ने शासकीय नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था।

पेज 1 का शेष

## अक्टूबर तक...

लिए रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) ने कई भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनियों से गठबंधन किया है। इसमें हैदराबाद स्थित डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज, हेटेरो बायोफार्मा, ग्लैंड फार्मा, स्टेलिस बायोफार्मा तथा विचक्रो बायोटेक शामिल हैं। देश में 85 लाख खुराकों के निर्माण की क्षमता के साथ स्पुतनिक फाइव कोविड-19 के खिलाफ जंग में बड़ा योगदान देगी। वैक्सीन कब उपलब्ध होगी, इस सवाल पर सूत्रों ने कहा कि यदि सब ठीक रहा तो उम्मीद है कि स्पुतनिक जून तक उपलब्ध हो जाएगी। जॉनसन एंड जॉनसन (बायो ई) अगस्त तक, कैडिला जायडस भी अगस्त तक, नोवावैक्स (सीरम) सितंबर तक तथा नासाल वैक्सीन (नाक से लिया जाने वाला भारत बायोटेक का टीका) अक्टूबर तक उपलब्ध हो जाएगी। देश इस वक्त टीके की भारी कमी का सामना कर रहा है और इसके चलते महाराष्ट्र में कई टीकाकरण केंद्रों को बंद करना पड़ा है। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना तथा पंजाव आदि ने भी टीके की कमी की शिकायत की है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देश में 'टीका उत्सव' की शुरुआत की और कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में जनता से सहयोग की अपील करते हुए अनेक सुझाव दिए। मोदी ने कहा कि आज 11 अप्रैल यानी ज्योतिबा फुले जयंती से हम देशवासी 'टीका उत्सव' की शुरुआत कर रहे हैं। यह 'टीका उत्सव' 14 अप्रैल यानी बाबा साहेब आंबेडकर जयंती तक चलेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि ईच वन वैक्सीनेट वन' अर्थात जो लोग कम पढ़े-लिखे हैं, बुजुर्ग हैं, जो स्वयं जाकर टीका नहीं लगवा सकते, उनकी मदद करें। उन्होंने कोविड उपचार में, मास्क को बढ़ावा देकर वायरस से बचाव में अन्य लोगों की मदद करने की अपील की और कहा कि हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की रक्षा करे, हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का बचाव करे। प्रधानमंत्री ने समाज के लोगों, परिवारों से कोविड-19 की स्थिति में छोटे निषिद्ध क्षेत्र बनाने में सहयोग की अपील की। मोदी ने कहा कि यह 'टीका उत्सव' कोरोना के खिलाफ दूसरी बड़ी लड़ाई है, हमें व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर स्वच्छता पर जोर देना होगा। प्रधानमंत्री ने एक अन्य आग्रह करते हुए कहा कि ईच वन- ट्रीट वन' अर्थात जिन लोगों के पास उतने साधन नहीं हैं, जिन्हें जानकारी भी कम है, कोरोना के इलाज में उनकी सहायता करें।

## सात राज्यों...

लाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह रिपोर्ट 72 घंटे से पहले की नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राज्य में कोविड-19 हालात का जायजा लेने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है और जल्द ही इस संबंध में परामर्श जारी किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश सरकार पहले ही 21 अप्रैल तक सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद कर चुकी। सरकार ने इसके साथ ही मैरिज हॉल (इंडोर) में होने वाले शादी समारोहों में 50 से अधिक और खुली जगह पर होने वाले समारोह में 200 से अधिक लोगों के आने पर पाबंदी लगा दी है। अंतिम संस्कार में भी केवल 50 लोग ही शामिल हो सकेंगे।

## कोरोना मामलों...

को काबू करना है तो युद्धस्तर पर टीकाकरण करने की जरूरत है। उन्होंने केंद्र सरकार से दोबारा मांग की है कि वह उम्र की सीमा को हटा दे। दिल्ली सरकार घर-घर जाकर दो से तीन महीने के अंदर सभी को वैक्सीन लगाने को तैयार है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि वे बहुत जरूरी होने पर ही अस्पताल में भर्ती हों। अस्पतालों के बेड गंभीर मरीजों के लिए रहने दें। यदि सभी लोग अस्पताल की तरफ भागने लगेंगे तो अस्पतालों में बेड, आईसीयू और वेंटीलेटर कम पड़ जाएंगे। पहले ऐप पर चेक कर लें कि किस अस्पताल में बेड खाली हैं, फिर वहां जाएं।

## संतों के...

दीपक रावत व मेला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनमेजय खंडूड़ी भी गए थे। इसके अलावा भी महंत नरेंद्र गिरी हाल में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। सूत्रों के अनुसार निरंजनी अखाड़े के सचिव रविन्द्र पुरी महाराज की तबीयत भी खराब है और वह पृथक-वास में रह रहे हैं। वहीं, बड़ा अखाड़े के महंत रघुमुनि महाराज का स्वास्थ्य भी खराब है। ये सभी संत सोमवार को होने वाले सोमवती अमावस्या का शाही स्नान नहीं कर पाएंगे।

## नोएडा में...

राहत एवं मदद प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं। नोएडा सेंट्रल जोन के डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि रविवार की दोपहर बहलोलपुर गांव के पास झुग्गी बस्ती में आग लगने की जानकारी के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों को भेजा गया। करीब डेढ़ सौ पुलिसकर्मियों और फायरमैन ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। इस हादसे में करीब डेढ़ सौ झुग्गियां जलकर खाक हो गई हैं। डीसीपी हरीश चंद्र ने बताया कि प्रारंभिक रूप से छानबीन में यह तथ्य सामने आया है कि किसी झुग्गी में एलपीजी सिलेंडर फटा है। जिसकी वजह से आसपास की झुग्गियों में भीषण आग लग गई। हवा तेज होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते पूरे इलाके में आग फैल गई। फायर डिपार्टमेंट हादसे की गहराई से जांच कर रहा है। झुग्गी बस्ती में लगी आग का धुआं लोगों को 10-15 किलोमीटर दूर से भी नजर आ रहा था। तेज हवा के कारण आग पर काबू पाने में काफी समय लग गया।

## किल्लत के...

रखने को कहा है। इनमें मायलान, हेट्रो हेल्थकेयर, जुबिलेंट लाइफ सांइसेज, सिप्ला, डा. रेड्डी लेबोरेटरीज, जाइडस कैडिला और सन फॉमास्युटिक्लस प्रति माह 31.6 लाख वॉयल का उत्पादन कर सकते हैं। सरकार ने औषधि निरीक्षकों और अन्य अधिकारियों को भंडार को सत्यापित करने, कदाचारों की जांच करने और इसकी जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए अन्य प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए है। राज्यों के स्वास्थ्य सचिव संबंधित राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के औषधि निरीक्षकों के साथ इसकी समीक्षा करेंगे। मंत्रालय ने कहा, भारत में कोविड के मामले तेजी से बढ़ रहे है। देश में 11 अप्रैल तक उपचाराधीन मरीजों की संख्या 11.08 लाख है और यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे कोविड मरीजों के इलाज में इस्तेमाल होने वाले रेमडेसिविर इंजेक्शन की मांग तेजी से बढ़ी है।

## शाह-दीदी...

गई थी। घटना के बाद स्थिति को काबू करने के लिए चुनाव आयोग ने 72 घंटे तक राजनीतिक नेताओं के कूच बिहार जाने पर रोक लगा दी थी। ममता ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव यानी मतदान के दिन फायरिंग में लोगों का मारा जाना और फिर घटना स्थल पर नेताओं को जाने से रोकना गड़बड़ी का एहसास दिलाता है। इसका मतलब है कि कुछ छिपाया जा रहा है। नादिया जिले के शांतिपुर में रोड शो के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि ममता ने सिर्फ चार लोगों के मारे जाने का जिक्र क्यों किया, जबकि उसी दिन, उसी विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल के समर्थकों ने भाजपा कार्यकर्ता की भी हत्या की है। प्रत्येक व्यक्ति की मौत पर दुख होना चाहिए, लेकिन ऐसा क्यों है कि ममता दीदी को हर मौत पर तुष्टीकरण की राजनीति करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि फायरिंग और मौतों के लिए ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं, क्योंकि उन्होंने लोगों को यह कहकर उकसाया था कि पहले केंद्रीय बलों का घेराव करना और फिर वोट डालने जाना। यही कारण है कि सीतलकूची के ग्रामीणों ने केंद्रीय बलों पर हमले की कोशिश की जिसके जवाब में उन्हें फायरिंग करनी पड़ी।

## उप्र में...

जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सभी लोग टीकाकरण का लाभ उठा सकें। इसके लिए सभी विभागों के कार्मिकों को आवश्यकतानुसार कोविड प्रबंधन के कार्य से जोड़ा जाना जरूरी है। साथ ही जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त मानव संसाधन लगाया जा सकता है। टीकाकरण कार्य में एनएसएसए एनसीसी तथा सिविल डिफेंस की सेवाएं ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड चिकित्सालयों में चिकित्सा कर्मियों, औषधियों, मेडिकल उपकरणों तथा बैकअप सहित ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखी जाए। लेवल2 और लेवल.3 के बेड्स बढ़ाए जाएं।

## 72 घंटों...

नाम के आतंकी संगठन का पूरी तरह खात्मा हो गया है। इस साल 1 जनवरी से अब तक हुईं 15 मुठभेड़ों में लगभग तीन दर्जन आतंकवादी मारे गए हैं। इस दौरान सिर्फ एक अधिकारी समेत चार सैनिकों को चोटें आई हैं।

## बार्सीलोना को हराकर रीयाल मैड्रिड स्पेनिश लीग के शीर्ष पर

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड शनिवार को यहां बार्सीलोना को 2-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के शीर्ष पर पहुंच गया। बारिश के बीच हुए इस मुकाबले में जीत से रीयाल मैड्रिड के एटलेटिको मैड्रिड के समान 66 अंक हो गए है लेकिन बेहतर हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के कारण रीयाल मैड्रिड की टीम शीर्ष पर है। एटलेटिको मैड्रिड के पास हालांकि रविवार को फिर शीर्ष पर पहुंचने का मौका रहा जब टीम छठे स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस से भिड़ेगी। रीयाल मैड्रिड की ओर से करीम बेनजेमा और टोनी क्रूस ने गोल दागे जबकि बार्सीलोना की ओर से एकमात्र गोल आस्कर मिनगुएजा ने किया।

## इब्राहिमोविच के शानदार प्रदर्शन से एसी मिलान ने पार्मा को हराया

**मिलान।** ज्लाटन इब्राहिमोविच ने लाल कार्ड दिखाए जाने से पहले दो गोल में मदद की जिससे एसी मिलान ने पार्मा को 3-1 से हराकर सिरी ए फुटबॉल लीग में खिताब की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। एसी मिलान की ओर से एंटे रेबसिच, फ्रेंक केसी और राफेल लियो ने गोल दागे जबकि निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे पार्मा की ओर से एकमात्र गोल रिकार्डो गेगलियोलो ने किया। इब्राहिमोविच को 60वें मिनट में संभवतः रैफरी को कुछ कहने पर लाल कार्ड दिखाया गया। अन्य मैचों में स्पेजिया ने पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए अंतिम मिनटों में दो गोल दागकर अंतिम स्थान पर चल रहे क्रोटोन को 3-2 से हराया। इस जीत से स्पेजिया ने निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रही टीमों पर 10 अंक की बढ़त बना ली है।

## लीड्स ने मैनचेस्टर सिटी को हराया, लीवरपूल जीता

**मैनचेस्टर।** इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे लीड्स ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर उसके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब के इंतजार को बढ़ा दिया। लीवरपूल ने हालांकि एस्टन विला को 2-1 से हराकर चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखा है। लीड्स के लियाम कूपर को मध्यांतर से ठीक पहले लाल कार्ड दिखाया गया। टीम ने हालांकि पूरे दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों से खेलने के बावजूद स्टुअर्ट डैलास (42वें और 90 प्लस। मिनट) के दो गोल की बदौलत जीत दर्ज की।

## पेनल्टी पर रेपिनो के गोल से अमेरिका ने स्वीडन को बराबरी पर रोका

**स्टॉकहोम।** अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम का लगातार 16 मैच में जीत का क्रम शनिवार को थम गया जब उसे स्वीडन ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। लिना हर्टिग ने 38वें मिनट में स्वीडन को बढ़त दिलाई जिसके बाद 87वें मिनट में मेगान रेपिनो ने पेनल्टी किक पर गोल दागकर अमेरिका को बराबरी दिला दी। जीत दर्ज नही कर पाने के बावजूद अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने अपने लगातार मैचों में अजेय रहने के रिकॉर्ड को 38 मैचों तक पहुंचा दिया।

# आज की जंग में बड़े हिटर होंगे आकर्षण

## ● राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला

भाषा। मुंबई




लोकेश राहुल के पंजाब किंग्स और संजू सैमसन की अगुआई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीमें सोमवार को जब अपने इंडियन प्रीमियर लीग में जब अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करने के इरादे से उतरेंगी तो सभी की नजरें दोनों टीमों में मौजूद बड़े हिटर पर टिकी होंगी।

राजस्थान की टीम आक्रामक आलराउंडर बेन स्टोक्स पर काफी निर्भर करेगी। स्टोक्स लय में आने की कोशिश करेंगे जबकि इंग्लैंड के जोस बटलर और नव नियुक्त कप्तान सैमसन भी अच्छी शुरुआत करना चाहेंगे। रॉयल्स की टीम प्रतिभावान यशस्वी जायसवाल और बटलर के साथ पारी का आगाज कर सकती है जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। स्टोक्स मध्यक्रम को मजबूती देंगे। ए चारों अगर लय में खेलते हैं तो किसी भी गेंदबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। पंजाब का बल्लेबाजी क्रम भी वानखेड़े की बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर किसी भी विरोधी टीम के लिए खतरनाक होगा। रॉयल्स के पास आलराउंडर शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, राहुल तेवतिया, रियान पराग और लियाम लिविंगस्टोन के रूप में और भी विकल्प मौजूद हैं। गोपाल, तेवतिया और पराग लेग स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और ऐसे में यह देखना रोमांचक होगा कि रॉयल्स की टीम दो लेग स्पिनर के साथ उतरती है या नहीं। तेवतिया और दुबे में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है और उनका अंतिम एकादश में चयन लगभग तय है। चोट के कारण जोफ्रा आर्चर की गैरमौजूदगी में रॉयल्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई क्रिस मौरिस करेंगे जिन्हें टीम ने इसी साल खिलाड़ियों की नीलामी में 16 करोड़ 25 लाख रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा। अंतिम एकादश में सिर्फ चार विदेशी खिलाड़ियों को खिलाने के कारण रॉयल्स को अपने संयोजन पर ध्यान देना होगा। अब यह देखना होगा कि टीम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को चुनती है या फिर जयदेव उनादकट, कार्तिक त्यागी और चेतन सकारिया के बीच में से चयन करती है। दूसरी तरफ पंजाब के पास राहुल (2020 सत्र में 670 रन), मयंक अग्रवाल (2020 सत्र में 424 रन) और क्रिस गेल जैसे आक्रमाक बल्लेबाज हैं। राहुल और अग्रवाल ने 2020 में मजबूत सलामी जोड़ी बनाई थी और इस जोड़ी के बरकरार रहने की उम्मीद है। टीम के पास इंग्लैंड के डेविड मलान, तमिलनाडु के एम शाहरूख खान और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरण जैसे अच्छे हिटर मौजूद हैं। टीम को बस अपने संयोजन को सही रखने की जरूरत है। शाहरूख को दीपक हुड्डा और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों पर तरजीह मिल सकती है और वह टीम में फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। टीम के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई मोहम्मद शमी करेंगे जिन्होंने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। आस्ट्रेलिया के झाय रिचर्डसन और रिली के साथ अनुबंध से टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। टीम के पास क्रिस जोर्डन भी हैं। हालांकि यह देखना होगा कि शमी के साथ नई गेंद संभालने का मौका किसे मिलता है। स्पिन विभाग में टीम के पास मुरुगन अश्विन और रवि बिश्नोई जैसे गेंदबाज हैं।

### त्यागी, सकारिया जैसे युवा तेज गेंदबाजों पर भरोसा: संगकारा

**मुंबई।** चोटिल तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गैरमौजूदगी को बड़ा झटका करार देते हुए राजस्थान रॉयल्स के नए क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने उम्मीद जताई कि युवा भारतीय तेज गेंदबाज आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में इस मौके को भुनाने में सफल रहेंगे। हाथ में चोट के बाद भी भारत दौरे पर गेंदबाजी करने वाले इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज आर्चर सर्जरी के बाद अभी आराम कर रहा है। इस बात का अभी पता नही चला है कि वह आईपीएल के बाद के मैचो के लिए उपलब्ध रहेंगे या नही। संगकारा ने सोमवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन मे कहा, संजू (कप्तान संजू सैमसन) और मै , दोनो सहमत है कि यह हमारे लिए एक बड़ा झटका है। जोफ्रा हमारी टीम का बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है और उसका न होना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन यह वास्तविकता है। हमें इसे ध्यान में रखकर काम करना होगा और उसी मुताबिक योजना बनानी होगी।

# अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके गेंदबाज : धोनी

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में खराब प्रदर्शन के बाद उनके गेंदबाजों को अपनी गलतियों से सबक लेना होगा। धोनी ने मैच के बाद कहा , हम बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे। गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और बेहद ढीली गेंदें डाली। उन्होंने सबक ले लिया है और आगे वे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली के नए कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। धोनी ने कहा , ओस पर काफी कुछ निर्भर करता है और उसे ध्यान में रखकर हम ज्यादा से ज्यादा रन बनाना चाहते थे। इस बीच पंत ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के उनके मेंटर रहे धोनी के साथ टॉस के लिए जाना विशेष था। पंत ने कहा, असल में मेरे लिए आईपीएल में कप्तानी करना और एमएस (धोनी) के साथ टॉस के लिए जाना विशेष था। मैंने उनसे सीखा है और मुश्किल समय में उन पर भरोसा करता हूं।

### धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना



**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम के पहले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।तीन बार की चैंपियन सुपरकिंग्स की आईपीएल 14 में शुरुआत खराब रही जब टीम को अपने पहले ही मुकाबले में शनिवार को ऋषभ पंत की अगुआई वाले दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

### आईपीएल में विकेटकीपर कप्तानों के चलन का श्रेय धोनी को : जोस बटलर

**नई दिल्ली।** आईपीएल के मौजूदा सत्र में आठ में से चार टीमों की कमान विकेटकीपरों के हाथ में है और इंग्लैंड के विकेटकीपर तथा राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर ने इसका श्रेय महेंद्र सिंह धोनी को देते हुए कहा है कि युवा खिलाड़ी उनके नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं। धोनी चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान हैं जबकि पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को कप्तान बनाया।

### हेजलवुड का नहीं खेलना झटका, एनगिडी व बेहरेनडोर्फ अगले मुकाबले में भी उपलब्ध नहीं: फ्लेमिंग

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि जोश हेजलवुड को गंवाना बड़ा झटका था क्योंकि आस्ट्रेलिया के ही जेसन बेहरेनडोर्फ और दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी के अगले मैच में भी उपलब्ध नहीं होने से टीम के पास विदेशी तेज गेंदबाजों के विकल्प नहीं हैं। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज हेजलवुड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खुद को फिट रखने के लिए अंतिम लम्हों में टूर्नामेंट से हट गए।

**सर्वोत्तम फिनकैप लिमिटेड**
पंजीकृत पताः 1/50, एफ/एफ, कार्यालय सं. 106, गंगा अपार्टमेंट, ललिता पार्क, लक्ष्मी नगर, ईस्ट दिल्ली डीएल 110092
सीआईएन नंबरः यू67120डीएल2002पीएलसी114939
ई–मेलः sarvottam2727@yahoo.co.in

इस सूचना के माध्यम से :–
1. राजेश महाजन, तरूण महाजन, सीमा महाजन, सुरूचि महाजन, प्रेरक महाजन और आयुष गर्ग सामूहिक रूप से रू. 10 प्रत्येक के 1325000 इक्विटी शेयर्स के स्वामी हैं, सूचित करते हैं कि सर्वोत्तम फिनकैप लिमिटेड, एक नॉन बैंकिंग फाइनैंस कम्पनी, जिसका पंजीकरण क्रमांक बी–14–02933 है और जिसका पंजीकृत कार्यालय 1/50, एफ/एफ, कार्यालय सं. 106, गंगा अपार्टमेंट, ललिता पार्क, लक्ष्मी नगर, ईस्ट दिल्ली डीएल 110092 में स्थित है, निम्नलिखित व्यक्तियों को अपनी शेयरधारिता बेचने और प्रबंधन में परिवर्तन की प्रक्रिया में हैं।
1. श्री अश्विन नरपतचंद भंडारी
2. श्री संदीप छाजेड
3. श्रीमती दीप्ति जैन
4. श्री मनोज लूनावत

यदि किसी लेनदा, जमाकर्ता, अथवा किसी अन्य व्यक्ति को कम्पनी के नियंत्रण और प्रबंधन में परिवर्तनों पर कोई आपत्ति है, तो वे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के भीतर लिखित सूचना दे सकते हैं। इस अवधि के समाप्त होने पर, वर्तमान प्रवर्तक और वे कम्पनी का व्यवसाय निष्पादित करेंगे।
उपरोक्त सूचना आरबीआई सर्कुलर्स नंबर डीएनबीएस.(पीडी)029/सीजीएम–2015) दिनांकित 09 जुलाई, 2015 के अनुसरण में अंतरिती और कम्पनी द्वारा 10–04–2021 को संयुक्त रूप से जारी किया जा रहा है।
अंतरणकर्ता 1. राजेश महाजन, 2. तरूण महाजन, 3. सीमा महाजन, 4. सुरूचि महाजन, 5. प्रेरक महाजन और 6. आयुष गर्ग
अंतरिती : – 1. श्री अश्विन नरपतचंद भंडारी, 2. श्री संदीप छाजेड, 3. श्रीमती दीप्ति जैन, 4. श्री मनोज लूनावत

कृते एवं हिते बोर्ड
हस्ता./–
राजेश महाजन, निदेशक
डीआईएन : 01142006
दिनांक: 10.04.2021

# शूट आउट में भारतीय हॉकी टीम जीती

## ● एफआईएच प्रो लीग : अर्जेन्टीना को हराया

भाषा। ब्यूनस आयर्स



हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां एफआईएच प्रो लीग के रोमांचक पहले मैच में ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना को शूट आउट में हराया।
दो बराबरी की टीमों के बीच हुए इस मुकाबले में भारत को 21वें मिनट में मैन आफ द मैच हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त दिलाई लेकिन मार्टिन फरेरो ने 28वें और 30वें मिनट में दो गोल दागकर मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया। अर्जेन्टीना की टीम ने इसके बाद मैच के अंतिम लम्हों तक अपनी बढ़त को बरकरार रखा। हालांकि जब भारत की हार लगभग तय लग रही थी तब हरमनप्रीत ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर एक और गोल दागकर भारत को 2-2 से बराबरी दिला दी। इस ड्रॉ से दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलना सुनिश्चित हुआ। भारत ने इसके बाद शूट आउट में गोलकीपर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बोनस अंक हासिल किया। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार शूट आउट जीतने वाली टीम को बोनस अंक मिलता है। भारत पिछले एक साल से अधिक समय में पहला प्रो लीग मैच खेल रहा था। श्रीजेश ने शूट आउट में लुकास विला, फरेरो और इग्नेसियो ओर्टिज के प्रयासों को नाकाम किया जिसके बाद दिलप्रीत सिंह ने अर्जेन्टीना के अनुभवी गोलकीपर जुआन विवाल्डी को छकाकर वन-आन-वन शूट आउट में भारत की जीत सुनिश्चित की। इस नतीजे की बदौलत भारत ने एफआईएच प्रो लीग तालिका में सात मैचों में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अर्जेन्टीना इतने ही मैचों में 11 अंक के साथ छठे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीज यह थी कि हमने कभी हार नहीं मानी। हम अंतिम मिनट तक चुनौती दे रहे थे और यही कारण है कि हम यह नतीजा हासिल करने में सफल रहे। दूसरे मैच में सुधार के बारे में पूछे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, हमें आज काफी कार्ड दिखाए गए (फाउल के कारण) इसलिए मुझे लगता है कि हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है। हमें यह ध्यान में रखना होगा जिससे कि अगले मैच में हमें कोई कार्ड नहीं दिखाया जाए। दोनों टीमों के बीच दूसरा मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

# राणा व त्रिपाठी के अर्धशतक

## ● केकेआर ने दिया सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 188 रन का लक्ष्य

भाषा। चेन्नई



कोलकाता नाइट राइडर्स ने सलामी बल्लेबाज नीतिश राणा (80) और राहुल त्रिपाठी (53) के अर्धशतकों की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 187 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए राशिद खान (24 रन देकर दो विकेट) ने फिर शानदार गेंदबाजी की और बल्लेबाजों को परेशान किया जबकि टीम के अन्य गेंदबाज बल्लेबाजों के लिए मुफीद विकेट पर इतने असरदार नहीं दिखे। दिनेश कार्तिक (नौ गेंद में 22 रन) ने अंत में कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी को तेजी से बढ़ाया लेकिन इसके बावजूद टीम अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन ही जुटा सकी। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज राणा ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद जोरदार शॉट्स लगाकर अपनी टीम को बेहतरीन शुरूआत कराई। उनके ऑफ साइड के स्ट्रोक्स – ड्राइव्स और कट – काफी आकर्षक रहे। न तो भुवनेश्वर कुमार और न ही टी नटराजन राणा को बाउंड्री लगाने से रोक सके जबकि दूसरे छोर पर शुभमन गिल शुरू में काफी शांत थे। संदीप शर्मा की गेंदों पर उन्होंने लगातार तीन चौके लगाए। फिर गिल ने नटराजन की गेंद पर गगनचुंबी छक्का जड़कर हाथ खोले। लेकिन राशिद के गेंद संभालते ही कोलकाता नाइट राइडर्स की रन गति प्रभावित हुई और इस गेंदबाज ने अपनी रांग-उन पर गिल को चकमा देते हुए उनके स्टंप उखाड़ दिए।

# बीते वित्त वर्ष में गोल्ड ईटीएफ में निवेश चार गुना होकर 6,900 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** जोखिम बढ़ने और कोविड-19 महामारी के बीच अनिश्चितता के चलते निवेशकों का सोने के सुरक्षित निवेश की ओर आकर्षण बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष 2020-21 में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में निवेशकों ने 6,900 करोड़ रुपए डाले। यह लगातार दूसरा वित्त वर्ष रहा जबकि गोल्ड ईटीएफ में निवेश हुआ है। वहीं इससे पहले 2013-14 से गोल्ड ईटीएफ से लगातार निकासी देखने को मिली थी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। माईवेल्थग्रोथ.कॉम के सह-संस्थापक हर्षद चेतनवाला ने कहा कि इस बात की संभावना काफी कम है कि चालू वित्त वर्ष में भी गोल्ड ईटीएफ में इतना ही निवेश हो।

### टोयोटा किर्लोस्कर ने प्री पेड सेवा द स्माइल्स प्लस शुरू किया

**बैंगलोर।** मूल्य वर्धित सेवाओं के जरिए अनूठी ग्राहक सेवा मुहैया कराने की निरंतर प्रतिबद्धता के क्रम में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने एक व्यापक और अनुकूल बनाए जाने योग्य सेवा पैकेज दू स्माइल्स प्लस की शुरुआत की है। इस पैकेज को ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूल बनाया जा सकता है तथा इसमें देशभर में उपलब्ध प्रीपेड पैकेज शामिल रहेंगे। पैकेज को डिजाइन करने में इस बात का भी ख्याल रखा गया है कि टीकेएम भविष्य की मोबिलिटी की आवश्यकताओं के लिए तैयार है और मूल्यवान ग्राहकों को बेहतर, आकर्षक तथा बाधामुक्त सेवा अनुभवों से आगे भी सहायता करेगी।
प्री.पेड सेवा पैकेज की नई पहल पर टिप्पणी करते हुए श्रीनवीन सोनी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि हमें पूरी तरह नई स्माइल्स प्लस पैकेज की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है क्योंकि यह पहल अपने ग्राहकों की बढ़ी हुई जरूरतों और मोबिलिटी आवश्यकताओं की पूर्ति करने की टीकेएम की कोशिशों के क्रम में हैं। इस एक्सक्लूसिव पैकेज की पेशकश के बाद हमारा इरादा अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने का है और हम ऐसी सेवा मुहैया कराना चाहते हैं जो उनकी बदलती अपेक्षाओं के अनुकूल हो।

### पेंशन क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 74 प्रतिशत कर सकती है सरकार, मानसून सत्र में विधेयक की उम्मीद

नई दिल्ली। सरकार पेंशन क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि इस बारे में विधेयक संसद के मानसून में लाया जा सकता है। बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 49 से बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने के कानूनी संशोधन को संसद ने को पिछले महीने ही मंजूरी दी है। बीमा अधिनियम, 1938 में अंतिम बार 2015 में संशोधन कर एफडीआई की सीमा को बढ़ाकर 49 प्रतिशत किया गया था। इससे इस क्षेत्र में पांच साल में 26,000 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश आया है। सूत्रों ने बताया कि पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) अधिनियम, 2013 में संशोधन मानसून सत्र या शीतकालीन सत्र में लाया जा सकता है। इसके जरिए पेंशन क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाई जाएगी। अभी पेंशन क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 49 प्रतिशत है।

# चार कंपनियों का पूंजीकरण 1.14 लाख करोड़ बढ़ा

## ● सेंसेक्स की शीर्ष 10 में हैं शामिल

भाषा। नई दिल्ली



सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह।,14,744.44 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में आईटी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। सप्ताह के दौरान टीसीएस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और भारती एयरटेल के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत घट गई। हालांकि, इन कंपनियों का कुल 99,183.31 करोड़ रुपए का नुकसान चार कंपनियों को हुए लाभ से कम रहा। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 57,816.18 करोड़ रुपए बढ़कर 12,28,898.85 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस ने 23,625.36 करोड़ रुपए जोड़े और उसका बाजार पूंजीकरण 6,13,854.71 करोड़ रुपए रहा। इसी तरह हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 17,974.19 करोड़ रुपए के उछाल से 5,81,741.24 करोड़ रुपए पर और भारती एयरटेल का 15,328.71 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 2,99,507.71 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 35,750.35 करोड़ रुपए घटकर 7,83,723.87 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार पूंजीकरण में 24,755.52 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 12,56,889.45 करोड़ रुपए रह गया।

### एफ पीआई ने अबतक 929 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल में अबतक भारतीय बाजारों से 929 करोड़ रुपए निकाले है। कोविड-19 संक्रमण के मामले बढ़ने के बीच आर्थिक पुनरुद्धार प्रभावित होने की आशंका के चलते विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से निकासी कर रहे है। इससे पहले मार्च में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 17,304 करोड़ रुपए, फरवरी में 23,663 करोड़ रुपए और जनवरी में 14,649 करोड़ रुपए डाले थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एक से नौ अप्रैल के दौरान विदेशी निवेशकों ने शेयरों से 740 करोड़ रुपए और ऋण या बांड बाजार से 189 करोड़ रुपए निकाले है। इस तरह उनकी शुद्ध निकासी 929 करोड़ रुपए रही है। कोटक सिक्योरिटीज के कार्यकारी उपाध्यक्ष, बुनियादी शोध प्रमुख रस्मिक ओझा ने कहा कि कोविड के मामले बढ़ने तथा डॉलर की तुलना में रुपए में गिरावट की वजह से एफपीआई निकासी कर रहे है।

### वैश्वीकरण से भारत को फायदा हुआ : अभिजीत

**कोलकाता। नोबेल** से सम्मानित अर्थशास्त्री अभिजीत विनायक बनर्जी ने रविवार को कहा कि वैश्वीकरण से भारत को फायदा हुआ है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने जोड़ा कि भारत को इससे जुड़े जोखिमों से निपटने के लिए एक तंत्र विकसित करने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल के एनजीओ बंधन-कोननगर द्वारा आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वैश्वीकरण से जुड़े जोखिमों से निपटा जा सकता है, बशर्ते वैश्वीकरण के साथ संसाधन भी आएं। बनर्जी ने कहा, भारत को वैश्वीकरण का लाभ है। 1990 की शुरुआत से आज तक भारत का निर्यात अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ा है।

### आंशिक लॉकडाउन हुआ तो भी होगा औद्योगिक उत्पादन का बड़ा नुकसानः सीआईआई सर्वे

**नई दिल्ली।** कोरोना वायर संक्रमण की नई लहर से देश में आंशिक रूप से लॉकडाउन लगाए जाने की आशंकाओं के बीच उद्योग जगत का मानना है कि ऐसा हुआ तो श्रमिकों और माल की आवाजाही प्रभावित होगी तथा इसका औद्योगिक उत्पादन बड़ा असर पड़ेगा। उद्योग मंडल सीआईआई की ओर से कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के बीच कराए गए सर्वे के आधार पर सुझाव सुझाव दिया गया है कि कोविड कर्फ्यू और प्रभावित जगहों पर सूक्ष्म-स्तरीय नियंत्रण की रणनीतियों के साथ साथ संक्रमण से बचने के उपयुक्त व्यवहार (मास्क पहनना और दूरी बनाए रखना आदि)अपनाने की रणनीति संक्रमण पर काबू पाने में प्रभावकारी रहेगी। सीआईआई के सर्वे में शामिल ज्यादातर सीईओ ने यह संकेत दिया, आंशिक रूप से लॉकडाउन लगाए जाने से श्रमिकों के साथ-साथ वस्तुओं की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। इससे औद्योगिक उत्पादन पर उल्लेखनीय रूप से प्रतिकूल असर पड़ सकता है। सर्वे में शामिल सीईओ में से आधे से ज्यादा ने कहा है कि अगर आंशिक लॉकडाउन के दौरान मजदूरों के आने पर जाने पर पाबंदी लगती है, उनका उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इसमें कहा गया है, इसी प्रकार, 56 प्रतिशत सीईओ ने कहा कि वस्तुओं की आवाजाही अगर प्रभावित होती है, तो उन्हें 50 प्रतिशत तक उत्पादन का नुकसान हो सकताा है।

### कैट ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग–अलग कार्य समय का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** व्यापारियों के संगठन कनफेडेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कोरोना वायरस महामारी के प्रसार पर अंकुश के लिए लॉकडाउन और रात्रि कर्फ्यू नहीं लगाने और उसकी जगह विभिन्न क्षेत्रों में काम के अलग-अलग समय की व्यवस्था अपनाने का आग्रह किया है। कैट ने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा, रात्रि कर्फ्यू या लॉकडाउन अभी तक देश में कोविड के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने को लेकर प्रभावी कदम साबित नहीं हुए हैं। यह अधिक उपयुक्त होगा यदि पूरे देश में विकल्प के तौर पर जिला स्तर पर बेहद मजबूती के साथ कोविड उपायों को अपनाया जाए ।

**SBFC**
**SBFC Finance Pvt. Ltd.**
(Erstwhile Small Business Fincredit India Pvt. Ltd.)
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala, Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300
Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com|
Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनेन्स प्रा.लि. (रिस्टवाइल स्मॉल बिजनेस फिनक्रेडिट इंडिया प्रा.लि.) द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2021 को या उसके पश्चात 10 बजे क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O&7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली-110024, नई दिल्ली-110024, फरीदाबाद शाखा D-2, पहली मंजिल, नजदीक 1-2 चौक फरीदाबाद हरियाणा और गुरुग्राम शाखा पहली मंजिल, प्रोपर्टी नं. 342/9, सुभाष नगर, नई रेलवे रोड, गुरुग्राम 122001, गाजियाबाद शाखा 2वी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़- पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग, गढ़ रोड़, हापुड़-245101 पर की जाएगी।
नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये :शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

फरीदाबाद शाखा: PR00844677, PR00848800, PR00843513, PR00836423, PR00730407, PR00855008, PR00848835, PR00843607, PR00836712, PR00735646, PR00856383, PR00849527, PR00844022, PR00836730, PR00768149, PR00859437, PR00849784, PR00843842, PR00837383, PR00769643, PR00797937, PR00850189, PR00844395, PR00837595, PR00777264, PR00801346, PR00850098, PR00844433, PR00837435, PR00779875, PR00809709, PR00850107, PR00844605, PR00837960,PR00783087, PR00810173, PR00850263, PR00845289, PR00837925, PR00781431, PR00813765, PR00851022, PR00845256, PR00838773,PR00784606, PR00815205, PR00809410, PR00846134, PR00838785,PR00785696, PR00818187, PR00809893, PR00846193, PR00838744, PR00786092, PR00818458, PR00812971, PR00846248, PR00838636,PR00786980, PR00819317, PR00814412, PR00846340, PR00838926, PR00787326, PR00830601, PR00821097, PR00846453, PR00839479, PR00787102, PR00831429, PR00825117, PR00846848, PR00839689, PR00788277, PR00833113, PR00826033, PR00847005, PR00839507, PR00788917, PR00834727, PR00830103, PR00846829, PR00840099, PR00790430, PR00836967, PR00837404, PR00846914, PR00840449, PR00790981, PR00837983, PR00840512, PR00846729, PR00840750, PR00791791, PR00838561, PR00840359, PR00846698, PR00840722,PR00792186, PR00841293, PR00844004, PR00846866, PR00841329,PR00792551, PR00857114, PR00844748, PR00847519, PR00841117,PR00793516, PR00800110, PR00846371, PR00847361, PR00841125,PR00793368, PR00817985, PR00786930, PR00847384, PR00841482 PR00794176, PR00830754, PR00800124, PR00847466, PR00841806, PR00794772, PR00831101, PR00822701, PR00847876, PR00842530, PR00795943, PR00831382, PR00823588, PR00847951, PR00843611, PR00797403, PR00832027, PR00823899, PR00848732, PR00843564, PR00797896, PR00832326, PR00824052, PR00848762, PR00843612,PR00798294, PR00832845, PR00823918, PR00802726, PR00827785, PR00798529, PR00833286, PR00824014, PR00805251, PR00829048,PR00800040, PR00833600, PR00823939, PR00805321, PR00829150, PR00800787, PR00833690, PR00823822, PR00805801, PR00827015,PR00801526, PR00834062, PR00824575, PR00806628, PR00826848,PR00801172, PR00834136, PR00824452, PR00809263, PR00826958,PR00815959, PR00834155, PR00824526, PR00809542, PR00827172,PR00816144, PR00834219, PR00824768, PR00809983, PR00827776, PR00815907, PR00834268, PR00824734, PR00811801, PR00835581,PR00815591, PR00834327, PR00825129, PR00812132, PR00835605,PR00816810, PR00834640, PR00825258, PR00812422, PR00835911, PR00816845, PR00834680, PR00825218, PR00812748, PR00836047, PR00817268, PR00834539, PR00825160, PR00812706, PR00836224,PR00819537, PR00834501, PR00825239, PR00813297, PR00821076, PR00819594, PR00834965, PR00825528, PR00813478, PR00822547,PR00819579, PR00835172, PR00825508, PR00815079, PR00822497,PR00820179, PR00835710, PR00825685, PR00815095, PR00822556,PR00815116, PR00823084,

गुरुग्राम शाखा: PR00724457, PR00855645,PR00855645, PR00851909, PR00799778, PR00744621, PR00856785, PR00829222, PR00806955, PR00806794, PR00756645, PR00796569,PR00833762, PR00811100, PR00810391, PR00790995, PR00806617, PR00834103, PR00836109, PR00816135, PR00797675, PR00809034,PR00835762, PR00842701, PR00816670, PR00798797, PR00808763,PR00836489, PR00843924, PR00818237, PR00799683, PR00812111, PR00837126, PR00845902, PR00818674, PR00800820, PR00811938, PR00840210, PR00855016, PR00819098, PR00800983, PR00812618,PR00840580, PR00856180, PR00827581, PR00802462, PR00812815, PR00841316, PR00856268, PR00829395, PR00803112, PR00816801, PR00842309, PR00859672, PR00834645, PR00803249, PR00818277, PR00843103, PR00867916, PR00834582, PR00803323, PR00819490, PR00843431, PR00806150, PR00839298, PR00803771, PR00826444, PR00845561, PR00814882, PR00853222, PR00805762, PR00827001, PR00845979, PR00816834, PR00852978, PR00806536, PR00831526, PR00845998, PR00773542, PR00854608, PR00806494, PR00858902, PR00847414, PR00786761, PR00855613, PR00810078, PR00864655, PR00847370, PR00795367, PR00821561, PR00810342, PR00811965, PR00849433, PR00824848, PR00821781, PR00810356, PR00819549, PR00849861, PR00828615, PR00823696, PR00849963, PR00821034, PR00849949, PR00850990, PR00810170,

लाजपत नगर शाखा PR00818197, PR00809746, PR00836502, PR00818423, PR00744242, PR00822739, PR00815759, PR00844043, PR00794192, PR00761584, PR00829894, PR00824437, PR00846277, PR00800006, PR00773910, PR00862430, PR00825439, PR00847947, PR00802203, PR00779372, PR00862825, PR00825450, PR00840508, PR00803392, PR00780442, PR00799450, PR00825398, PR00812453, PR00811312, PR00780440, PR00781161, PR00826409, PR00804799, PR00808881,

लक्ष्मी नगर शाखा: PR00811349, PR00800850, PR00836198, PR00810290, PR00739991, PR00813971, PR00805258, PR00842534, PR00826134, PR00785085, PR00814856, PR00810590, PR00844190, PR00830780, PR00786973, PR00815547, PR00812203, PR00844383, PR00821225, PR00787571, PR00819321, PR00812614, PR00844557, PR00855891, PR00788043, PR00820318, PR00812610, PR00847518, PR00856871, PR00790190, PR00827398, PR00818016, PR00848043, PR00856845, PR00792867, PR00831129, PR00827656, PR00849845, PR00856874, PR00793496, PR00836107,PR00828217, PR00849886, PR00874229, PR00795520, PR00856551, PR00830656, PR00850259, PR00796448, PR00795285, PR00863023,PR00831289, PR00796874, PR00800055, PR00797007, PR00799586,PR00836185, PR00796662, PR00810383, PR00797430,

नोएडा शाखा: PR00856502, PR00856879, PR00858054, PR00859563, PR00849929, PR00854877, PR00857080, PR00858704, PR00860229, PR00849964,PR00855160, PR00857532, PR00858882, PR00861830, PR00853644,PR00853237, PR00857599, PR00858705, PR00862112, PR00849989,PR00854153, PR00857641, PR00858866, PR00862209, PR00853219,PR00858924, PR00862228, PR00853256,

रोहिणी शाखा: PR00821533, PR00865372, PR00809104, PR00842791, PR00673517, PR00823463, PR00802292, PR00813967, PR00846368, PR00698809, PR00831577, PR00811274, PR00813932, PR00850339, PR00738534, PR00832373, PR00794284, PR00813926, PR00853908, PR00741828, PR00833746, PR00796958, PR00814947, PR00858423, PR00742199, PR00858490, PR00800242, PR00816270, PR00861945, PR00743507, PR00798612,PR00800038, PR00816584, PR00863587, PR00747170, PR00813834, PR00801853, PR00827250, PR00864512, PR00747510, PR00813832,PR00809366, PR00829450, PR00864464, PR00753060, PR00850837,PR00812690, PR00834188, PR00864349, PR00753818, PR00850822,PR00816437, PR00837894, PR00864522, PR00753836, PR00850821, PR00818811, PR00848628, PR00853090, PR00754288, PR00850796,PR00844621, PR00848772, PR00853809, PR00769048, PR00806049,PR00845357, PR00849608, PR00857707, PR00769846, PR00808024,PR00845271, PR00849863, PR00860209, PR00772357, PR00818990,PR00845666, PR00850122, PR00862473, PR00772942, PR00820159, PR00845866, PR00850144, PR00810194, PR00774661, PR00832325,PR00845934, PR00850057, PR00814870, PR00775371, PR00828411, PR00846035, PR00850213, PR00821617, PR00775174, PR00829196, PR00846181, PR00841648, PR00840476, PR00775523, PR00829079, PR00846214, PR00842104, PR00841636, PR00775516, PR00829424, PR00846793, PR00842390, PR00753721, PR00775652, PR00829804, PR00846861, PR00842574, PR00837394, PR00775662, PR00829942, PR00847406, PR00843173, PR00839126, PR00776024, PR00830291, PR00847335, PR00843678, PR00838953, PR00782519, PR00831774, PR00847730, PR00844169, PR00840042, PR00783011, PR00833266, PR00848522, PR00844146, PR00841407, PR00783033, PR00834097, PR00804568, PR00844193, PR00816647, PR00780549, PR00834088, PR00804661, PR00844155, PR00817158, PR00781772, PR00836037, PR00806320, PR00795811, PR00817633, PR00786442, PR00836948, PR00806739, PR00796412, PR00818956, PR00786320, PR00797177, PR00807102, PR00796640, PR00819997, PR00786420, PR00797259, PR00809008, PR00791771, PR00820954, PR00787947, PR00797513, PR00809000, PR00792083, PR00821303, PR00788735, PR00798558, PR00809516, PR00793804, PR00822381, PR00789036, PR00800202, PR00809531, PR00793800, PR00823482, PR00789283, PR00801490, PR00809589, PR00794262, PR00823239, PR00790004, PR00801324, PR00810807, PR00795038, PR00823690, PR00790077, PR00801868, PR00812324, PR00794967, PR00823959, PR00790580, PR00804586, PR00812330, PR00795085, PR00823811, PR00791374, PR00816741, PR00812830, PR00795358, PR00824406, PR00791702, PR00816824, PR00814409, PR00795880, PR00827004, PR00815511,

तुगलकाबाद शाखा: PR00771382, PR00856926, PR00847220, PR00811041, PR00740403, PR00786000, PR00857252, PR00847734, PR00812274, PR00745806, PR00828255, PR00861829, PR00789197, PR00817519, PR00753777, PR00859719, PR00864402, PR00830684, PR00817574, PR00782441, PR00859774, PR00866730, PR00843360, PR00828333, PR00782443, PR00797546, PR00870991, PR00843616, PR00834950, PR00786524, PR00810941, PR00871568, PR00846534, PR00840047, PR00787980, PR00854266, PR00849951, PR00847457, PR00791873,

गाजियाबाद शाखा:, PR00855512, PR00837080, PR00846501, PR00842359, PR00834964, PR00864656, PR00838405, PR00836449, PR00843787, PR00840160,

हापुड़ शाखा:, PR00873587, PR00869067, PR00865568, PR00872517, PR00856751, PR00873609, PR00869080, PR00865228, PR00872716, PR00856770, PR00874214, PR00870052, PR00865983, PR00872735, PR00857218, PR00874292, PR00871562, PR00867930, PR00873039, PR00861137, PR00874641, PR00872179, PR00867953, PR00873857, PR00864553, PR00855062.

अधिक जानकारी के लिए, कृपया
**एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि.** (रिस्टवाइल स्मॉल बिजनेस फिनक्रेडिट इंडिया प्रा.लि.)
संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207,
फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037
एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. (रिस्टवाइल स्मॉल बिजनेस फिनक्रेडिट इंडिया प्रा.लि.) को बिना किसीपूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है।
KARVY FINANCE Retail is now SBFC



चीन के हुतुबी स्थित कोयला खदान का एक दृश्य, जिसमें फंसे हैं 21 खनिक

## चीन में कोयला खदान में पानी भरने से 21 खनिक फंसे

**बीजिंग, (एपी)।** चीन के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में एक कोयला खदान में बाढ़ का पानी भरने से 21 खनिक फंस गए।शिन्हुआ संवाद समिति ने बताया कि शिंजियांग क्षेत्र की हुतुबी काउंटी स्थित खदान में शनिवार शाम करीब छह बजकर 10 मिनट पर पानी भर गया, जिससे वहां काम कर रहे खनिक फंस गए। बचावकर्ता इन खनिकों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं और आठ लोगों को बचा लिया गया है। चीन की खदानों में सुरक्षा के अभाव के कारण विस्फोट और गैस लीक की घटनाएं भी अकसर होती रहती हैं।

# ईरान के नातांज परमाणु संयंत्र में पैदा हुई बिजली संबंधी समस्या

**एपी।** दुबई

**ईरान के** भूमिगत नातान्ज परमाणु संयंत्र के विद्युत वितरण ग्रिड में रविवार को एक समस्या पैदा हो गई। यह समस्या यूरेनियम का अपेक्षाकृत अधिक तेजी से संवर्धन करने वाले नए उन्नत सेंट्रीफ्यूज शुरू किए जाने के कुछ ही घंटों बाद हुई।

वैश्विक शक्तियों के साथ परमाणु समझौते को लेकर चल रही वार्ता के बीच ईरान के सबसे सुरक्षित स्थलों में से एक माने जाने वाले इस संयंत्र में यह ताजा घटना हुई है। ईरानी अधिकारियों ने इस घटना की जांच की जबकि कई इजरायली मीडिया घरानों ने अटकलें लगाई कि नातान्ज परमाणु संयंत्र में हुई यह घटना किसी साइबर हमले के चलते हो सकती है। खबरों में हालांकि इस आकलन के लिए कोई स्रोत उल्लेखित नहीं किया गया। इजराइली मीडिया का देश की सैन्य एवं खुफिया एजेंसियों के साथ घनिष्ठ संबंध है। यदि इजराइल इसके लिए जिम्मेदार है तो इससे दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव और बढ़ सकता है। दोनों देशों में पहले से तनाव है। इससे इजरायल के मुख्य सुरक्षा साझेदार अमेरिका द्वारा किए गए प्रयासों को भी धक्का लगेगा जो परमाणु समझौते में फिर से शामिल होना चाहता है।

इस समझौते का उद्देश्य तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना है ताकि वह चाहे भी तो कोई परमाणु हथियार हासिल न कर सके। बिजली ग्रिड में दिक्कत उत्पन्न होने की खबर सामने आते ही, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज़ के साथ वार्ता के लिए रविवार को इज़राइल पहुंचे।असैन्य परमाणु कार्यक्रम के प्रवक्ता बेहरोज कमलवांदी ने ईरान के सरकारी टेलीविजन को बताया कि नातान्ज में विभिन्न इकाइयों में बिजली बाधित हो गई है। इसमें कार्यशालाएं और भूमिगत संवर्धन हॉल शामिल हैं। कमलवांदी ने कहा, हम अभी भी इस बिजली कटौती का कारण नहीं जानते हैं और इसकी और जांच करनी होगी। कमलवांदी ने कहा, अच्छी बात यह है कि इस घटना से कोई हताहत नहीं हुआ या इससे किसी प्रकार का

**● वैश्विक शक्तियों के साथ परमाणु समझौते को लेकर चल रही वार्ता के बीच ईरान के सबसे सुरक्षित स्थलों में से एक माने जाने वाले इस संयंत्र में यह ताजा घटना हुई है**

संदूषण नहीं हुआ। सरकारी टेलीविजन चैनल द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या यह एक तकनीकी खामी या गड़बड़ी है , कमलवांदी ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।ईरान की संसद की ऊर्जा समिति के प्रवक्ता के रूप में कार्य करने वाले तेहरान के एक जनप्रतिनिधि मालेक शरियाती निसार ने ट्विटर पर लिखा कि यह घटना बहुत ही संदिग्ध, है जिससे संभावित 'तोड़फोड़ और घुसपैठै के बारे में चिंता उत्पन्न होती है। ईरान के कार्यक्रम की निगरानी करने वाली वियना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि वह मीडिया की खबरों से अवगत है। हालांकि उसने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।उल्लेखनीय है कि नातान्ज के उन्नत अपकेंद्रण संयंत्र में पिछले साल जुलाई में एक रहस्यमई विस्फोट हुआ था। ईरानी परमाणु संयंत्र पर हमला करने को लेकर ईरान का क्षेत्रीय शत्रु इजराइल संदेह के घेरे में रहा है। ईरान ने भी देश के सैन्य परमाणु कार्यक्रम की कई दशक पहले शुरुआत करने वाले वैज्ञानिक की हत्या के लिए इजराइल को ही दोषी ठहराया था। इजराइल ने किसी भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन उसके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कई बार ईरान को अपने देश के लिए बड़ा खतरा बताया है। उल्लेखनीय है कि ईरान ने शनिवार को बताया था कि उसने संयंत्र में 164 आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज चेन शुरू कर दिए हैं। परमाणु समझौता ईरान को संवर्धन के लिए केवल आईआर-1एस के इस्तेमाल को सीमित करता है। गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में अमेरिका को इस समझौते से अलग कर लिया था।

# भारत को मौजूदा सकारात्मक माहौल का पूरा लाभ उठाना चाहिए: चीन

**भाषा।** बीजिंग

**पूर्वी लद्दाख** के शेष इलाकों से सैनिकों की वापसी को लेकर चीन-भारत के बीच हुई नए दौर की वार्ता में सफलता नहीं मिलने के बाद चीन की सेना ने कहा है कि भारत को सीमा पर तनाव कम करने के मौजूदा सकारात्मक माहौल का लाभ उठाना चाहिए।दोनों देशों के बीच 13 घंटे तक चली 11वें दौर की सैन्य वार्ता के एक दिन बाद शनिवार को भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग, गोगरा और देपसांग में गतिरोध वाले शेष हिस्सों से सैनिकों की वापसी को लेकर विस्तृत चर्चा की और जमीन पर शांति बनाए रखने, किसी भी नए टकराव से बचने और शेष मुद्दों का हल तीव्र गति से निकालने पर सहमति व्यक्त की। इस मामले से जुड़े

**● पूर्वी लद्दाख में तनाव कम करने का मामला**

व्यक्तियों ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा कि दोनों देशों के बीच हुई इस सैन्य वार्ता में कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दी क्योंकि चीन का प्रतिनिधिमंडल पहले से तय सोच के साथ वार्ता में शामिल हुआ और संघर्ष वाले शेष क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पर आगे बढ़ने की दिशा में कोई लचीलापन नहीं दिखाया। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच नौ अप्रैल को हुई वार्ता को लेकर जारी एक विज्ञप्ति में फरवरी में पैंगोंग झील के अधिकतर विवादित इलाकों से सैनिकों की वापसी की ओर इशारा करते हुए कहा कि भारत को सीमा पर तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत की तरफ चुशूल सीमा केन्द्र पर हुई वार्ता को लेकर पीएलए के एक प्रवक्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति का हवाला देते हुए चाइना ग्लोबल टेलीविजन नेटवर्क (सीजीटीएन) ने कहा कि दोनों पक्षों को पिछली वार्ताओं में बनी सहमति पर आगे बढ़ना चाहिए।

पीएलए की वेस्टर्न थिएटर कमांड के प्रवक्ता ने कहा, हमें उम्मीद है कि भारतीय पक्ष दोनों देशों की सेनाओं के बीच पिछली वार्ताओं में बनी सहमतियों का पालन करते हुए सीमा क्षेत्र पर तनाव कम करने के लिए बने मौजूदा सकारात्मक माहौल का लाभ उठाएगा। साथ ही सीमा पर शांति कायम करने के लिए उसी दिशा में आगे बढ़ेगा, जिस दिशा में चीन आगे बढ़ा है।

## विवाद के बाद पहली बार एक साथ दिखे जॉर्डन के बादशाह और शहज़ादे

**यरूशलम।** जॉर्डन के बादशाह अब्दुल्ला द्वितीय और उनके सौतेले भाई शहज़ादे हमज़ा पिछले हफ्ते सामने आए विवाद के बाद पहली बार रविवार को सार्वजनिक तौर पर एक साथ दिखे। जॉर्डन के शाही परिवार के सदस्यों ने रविवार को ट्रांसजार्डन अमीरात की स्थापना की शताब्दी मनाई। शाही महल ने एक फोटो जारी किया है जिसमें जॉर्डन की राजधानी अम्मान में बादशाह तलाल की कब्र पर अब्दुल्ला द्वितीय, शहज़ादे हमज़ा, वलीअहद (युवराज) हुसैन तथा अन्य गणमान्य शख्सियतें हैं। पिछले हफ्ते हमज़ा पर आरोप लगाया गया था कि वह देश की सत्ता को अस्थिर करने की एक साज़िश में शामिल हैं और उन्हें नज़रबंद कर दिया गया था। इसके बाद वह पहली बार सार्वजनिक तौर पर दिखे हैं। अब्दुल्ला ने अपने सौतेले भाई के संदर्भ में कहा था कि यह बहुत दुखद है कि राजद्रोह का आरोप जिन पर लगा है वह हमारे अपने घर के ही लोग हैं।

# चीन के कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके कम असरदार: अधिकारी

**एपी।** बीजिंग

**चीन के** शीर्ष रोग नियंत्रण अधिकारी ने कहा है कि देश के कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके कम असरदार हैं और सरकार इन्हें और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार कर रही है। चीन के रोग नियंत्रण केन्द्र (सीडीसी) के निदेशक गाओ फू ने शनिवार को चेंगदू शहर में एक संगोष्ठी में कहा कि चीन के टीकों में बचाव दर बहुत ज्यादा नहीं है। गाओ का यह बयान ऐसे वक्त में सामने आया है जब चीन ने अन्य देशों को टीकों की करोड़ों खुराके दी हैं और पश्चिमी देशों के टीकों के प्रभावी होने पर संशय पैदा करने और बढ़ावा देने की भी वह लगातार कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, अब इस बात पर गंभीरता से विचार हो रहा है कि क्या हमें टीकाकरण प्रक्रिया के लिए अलग-अलग टीकों का इस्तेमाल करना चाहिए। अधिकारियों ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में गाओ की टिप्पणी या आधिकारिक योजनाओं में संभावित परिवर्तनों को लेकर सवालों के सीधे जवाब नहीं दिए। लेकिन सीडीसी के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एमआरएनए-आधारित टीकों पर काम किया जा रहा है।अधिकारी वांग हुआंग ने कहा, हमारे देश में विकसित एमआरएनए-आधारित टीके भी क्लीनिकल परीक्षण चरण में प्रवेश कर चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार दो देशों की दवा निर्माताओं कंपनियों, सिनोवैक और सिनोफार्म द्वारा बनाए गए टीके, मैक्सिको, तुर्की, इंडोनेशिया, हंगरी, ब्राजील और तुर्की सहित 22 देशों में निर्यात किए गए हैं।ब्राजील के शोधकर्ताओं ने चीन की टीका निर्माता कंपनी सिनोवैक के संक्रमण रोधी टीकों के असरदार होने की दर लक्षण वाले संक्रमण से बचाव में 50.4 प्रतिशत पाई। वहीं इसके मुकाबले फाइजर द्वारा बनाए गए टीके 97 प्रतिशत असरदार पाए गए। गौरतलब है कि चीन ने अपने देश में किसी अन्य देश के टीके के इस्तेमाल को अभी मंजूरी नहीं दी है। गाओ ने टीके के संबंध में रणनीति पर किसी तरह के बदलाव के ब्योरे तो नहीं दिए लेकिन उन्होंने एमआरएनए का जिक्र किया। यह प्रयोग की एक तकनीक है जिसका इस्तेमाल पश्चिम देशों के टीका निर्माता करते हैं, वहीं चीन के दवा निर्माता पारंपरिक तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, प्रत्एक व्यक्ति को उन लाभ के बारे में विचार करना चाहिए, जो एमआरएनए टीके मानव जाति को पहुंचा सकते हैं। हमें सावधानी से उसका अनुसरण करना चाहिए और केवल इसलिए उसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि हमारे पास पहले से ही अनेक प्रकार के टीके हैं।

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कोरोना वायरस से संक्रमित

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई। महामारी के चलते एक वर्ष पूर्व उन्हे जेल से अस्थाई तौर पर रिहा किया गया था। मीडिया की खबरो में यह जानकारी दी गई। समाचारपत्र ढाका ट्रिब्यून ने स्वास्थ्य मंत्रालय के जन संपर्क अधिकारी मैदुल इस्लाम प्रधान के हवाले से अपनी खबर में बताया कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएमपी) की प्रमुख के नमूने शनिवार को जांच के लिए भेजे गए थे। प्रधान ने कहा, रविवार को जांच रिपोर्ट आई जिसमे संक्रमण की पुष्टि हुई और इस जानकारी को स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आंकडो मे अद्यतन कर दिया गया है। खबर मे कहा गया है कि जिया के एक रिश्तेदार ने पिछले सप्ताह उनसे मुलाकात की थी और बाद मे वह संक्रमित पाए गए थे और इसे देखते हुए जिया के परिवार ने उनकी जांच कराने का निर्णय लिया। हालांकि पार्टी के नेताओ ने इस खबर की पुष्टि नही की है। बीएनपी की प्रेस शाखा के सदस्य एस कबीर खान ने डेली स्टार को बताया, खालिदा जिया के फिजिशियन डॉ मामुन से बात करने के बाद मुझे पता चला कि यह नियमित जांच थी। हमें उनके संक्रमित होने के बारे में कोई जानकारी नही है। गौरतलब है कि तीन बार देश की प्रधानमंत्री रही जिया को भ्रष्टाचार के दो मामलो मे 17 वर्ष की कैद की सजा हुई है, जो आठ फरवरी 2018 से चल रही है।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में वांछित आतंकवादी मारा गया

**मुल्तान।** पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर में आतंकवाद रोधी पुलिस के साथ मुठभेड़ में देश के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक मारा गया। पुलिस अधिकारी काशिफ हुसैन ने बताया कि मारे गए आतंकवादी के तीन साथी मुठभेड़ के दौरान हथियार और गोला बारूद मौके पर ही छोड़कर भाग गए। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादी की पहचान नियाज़ उर्फ ज़ीशान के रूप में हुई है। हुसैन ने कहा कि यह आतंकी पंजाब प्रांत के अटक जिले के हाज़रो इलाके में पाकिस्तानी तालिबान समूह तहरीक-ए-तालिबान से जुड़ा था। उन्होने बताया कि नियाज़ का संबंध प्रतिबंधित आतंकी समूह लश्कर-ए-झांगवी से भी था। हुसैन ने कहा कि नियाज़ क्षेत्र में कई हमलो के सिलसिले में वांछित था जिनमें दो दर्जन से ज्यादा लोगो की मौत हो हुई। उसके सिर पर 40,000 डॉलर का इनाम था। उन्होने कहा कि नियाज़ 2015 मे एक आत्मघाती हमले की योजना बनाने मे शामिल था जिसमे पंजाब प्रांत के तत्कालीन गृह मंत्री शूजा खानज़ादा, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा अन्य लोगो की मौत हो गई थी।

### एस्ट्राजेनेका टीका लगाना फिर से शुरू करेगा दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह 30 साल से 60 साल तक के सभी पात्र लोगो को एस्ट्राजेनेक का कोविड-19 टीका लगाना फिर से शुरू करेगा। एस्ट्राजेनेक का टीका लगाने से कथित तौर पर रक्त के थक्के जमने की खबरो के बाद दक्षिण कोरिया ने यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी की समीक्षा के परिणाम आने तक 60 साल या इससे कम आयु के लोगों को यह टीका लगाने पर रोक लगा दी थी। कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने रविवार को बताया कि वह सोमवार से एस्ट्राजेनेका टीके का इस्तेमाल पुनः आरंभ करेगा। उसने उन अध्ययनो का हवाला दिया जिनमें कहा गया है कि टीके के लाभ उसके दुष्प्रभावों से अधिक है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 30 साल या उससे कम आयु के लोगो को यह टीका नही लगाया जाएगा, क्योकि ब्रितानी प्राधिकारियों ने उन्हे वैकल्पिक टीका लगाए जाने की सिफारिश की है। दक्षिण कोरिया में हाल के दिनो में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े है। देश मे संक्रमण के 677 नए मामले रविवार को सामने आने के बाद संक्रमितो की कुल संख्या बढ़कर।,09,559 हो गई और इस वायरस के कारण।,768 लोगो की मौत हो चुकी है।

### अमेरिका-फिलीपीन के रक्षा मंत्रियों ने चीनी नौकाओं की तैनाती पर चिंता जताई

**अमेरिकी सैन्य विमान से।** दक्षिण चीन सागर मे फिलीपीन के पास हाल मे बीजिंग द्वारा मिलिशिया नौकाएं तैनात किए जाने पर अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अपने फिलीपीनी समकक्ष के साथ शनिवार को चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय यात्रा के तहत वाशिंगटन से इजराइल जा रहे ऑस्टिन ने विमान से ही फिलीपीन के रक्षा मंत्री डेल्फिन लॉरेंजाना को फोन किया। पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने कहा कि ऑस्टिन और लॉरेंजाना ने दक्षिण चीन सागर मे स्थिति और व्हिटसुन रीफ पर चीनी नौकाओ के एकत्र होने पर चर्चा की। फिलीपीन ने चीन के कदम की आलोचना की है। बहरहाल, चीन ने कहा है कि उसकी नौकाएं मछली पकड़ने के लिए वहां तैनात हैं। किर्बी ने कहा कि फोन पर हुई बातचीत मे ऑस्टिन ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए लॉरेंजाना के समक्ष कई कदमों का प्रस्ताव रखा जिसमे दक्षिण चीन सागर मे खतरो के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी शामिल है। उन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि अमेरिका का विमानवाहक जहाज यूएसएस थ्योडोर रूजवेल्ट और इसका लड़ाकू समूह दक्षिण चीन सागर मे तैनात है।



कोपनहनगन में काले लिबास पहनकर कोविड 19 गाइडलाइन के विरुद्ध प्रदर्शन करते लोग

# टीकाकरण की रफ्तार तेज करने के लिए संघर्ष कर रहा है पाकिस्तान

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तानी अधिकारी** कोविड रोधी टीकाकरण को तेज करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों पर काबू करने के लिए प्रतिबंधों को बढ़ा रहे हैं। पाकिस्तान में रविवार को कोरोना वायरस के 5,050 नए मामले सामने हुए जिसके बाद मुल्क में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 7,21,018 पहुंच गए हैं। वहीं मृतक संख्या बढ़कर 15,443 हो गई। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, कोविड-19 से निपटने वाली देश की शीर्ष संस्था राष्ट्रीय कमान एवं संचालन केंद्र (एनसीओसी) ने शनिवार को एक बैठक में संक्रमण के प्रसार को धीमा करने के लिए सोमवार तक बाजारों को बंद करने और परिवहन पर पाबंदी बढ़ाने का फैसला किया है। एनसीओसी में रमज़ान के आगामी महीने के दौरान टीकाकरण अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में शिरकत करने वालों को बताया गया कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह के बाद देश में पर्याप्त मात्रा में टीके पहुंच सकते है। एनसीओसी ने फैसला किया कि रमज़ान के दौरान भी टीकाकरण केंद्र खुले रहेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने के आग्रह पर डॉन को बताया कि पाकिस्तान को अप्रैल के एक पखवाड़े के बाद चीन के कैनसाइनो बायो टीके की 30 लाख खुराकें मिलेंगी।उन्होंने बताया, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की यात्रा के दौरान इस हफ्ते रूस के टीके की (खरीद को लेकर) भी चर्चा की गई। सभी को कोविड रोधी टीके के समान वितरण को लेकर शुरू की गई अंतरराष्ट्रीय पहल कोविड वैक्सीन ग्लोबल एक्सेस (कोवैक्स) से पाकिस्तान को मार्च के अंत तक एस्ट्राजेनेका टीके की करीब 17 लाख खुराकें मिलनी थीं लेकिन कोवैक्स ने सरकार को बाद में बताया कि ए खुराकें 30 जून तक दी जाएंगी।

# फ्लोरिडा, लूसियाना और मिसीसिपी में भयावह तूफान से आयी तबाही

**एपी।** पनामा सिटी (अमेरिका)

**अमेरिका के** दक्षिणी राज्यों में शनिवार तड़के भीषण तूफान आया जिससे लूसियाना राज्य में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और मिसीसिपी में बिजली के तार तथा पेड़ टूटकर गिर गए। इससे फ्लोरिडा में भी भारी तबाही हुई है। सैंट लैंड्री पेरिश के प्रमुख जेसी बेलार्ड ने लूसियाना के पाल्मेटो में सुबह आए तूफान से एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की। उन्होंने केएलएफवाई-टीवी को बताया कि तूफान की चपेट में आने से 27 साल के जोस एंटोनियो की मौत हो गई। बेलार्ड ने यह भी कहा कि सात घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भेजा गया है। मिसीसिपी में बिजली के तार टूटने और पेड़ गिरने की खबर है लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फ्लोरिड के पनामा सिटी बीच पर तूफान के प्रकोप से एक घर और एक सुविधा केंद्र ढह गया। अधिकारियों ने फेसबुक पर यह जानकारी दी। पनामा सिटी न्यूज हेराल्ड की एक तस्वीर में सुविधा केंद्र की दीवारें और छत गिरी हुई दिखाई दीं। हालांकि इसका काउंटर और अन्य सामान सुरक्षित नजर आया। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बे काउंटी में पड़ने वाला यह शहर 2018 में तूफान मिखाइल से बुरी तरह प्रभावित हुआ था।कुछ समाचार संस्थानों द्वारा साझा की गईं तस्वीरों में अलाबामा के ऑरेंज बीच में कारों के शीशे टूटे हुई दिखाई दिए। तूफान के साथ लूसियाना और मिसीसिपी के बड़े हिस्से में बारिश भी हुई।बेलार्ड ने कहा कि लूसियाना में तलाश और बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार यह ईएफ3 श्रेणी का तूफान था जिसके साथ 209 किलोमीटर से लेकर 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाएं चलीं। कुछ जगहों पर बाढ़ आने की भी सूचना है।

# अमेरिका में तीन बच्चों के मृत पाए जाने के बाद मां को किया गया गिरफ्तार

**,एपी।** लॉस एंजिलिस (अमेरिका)

**लॉस एंजिलिस** के एक अपार्टमेंट में पांच वर्ष से कम आयु के तीन बच्चों के मृत पाए जाने के मामले में उनकी मां को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। लिलियाना कारिलो (30) को लॉस एंजिलिस के उत्तर में करीब 322 किलोमीटर दूर तुलारे काउंटी में शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। लॉस एंजिलिस के पुलिस लेफ्टिनेंट राउल जोवेल ने बताया कि बच्चों की दादी जब अपने काम से घर लौटी, तो उन्होंने अपार्टमेंट में बच्चों के शव देखे, जबकि बच्चों की मां लापता थी। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने ट्वीट किया कि बच्चे पांच साल से कम आयु के प्रतीत होते हैं। एक पुलिस प्रवक्ता ने शुरुआत में बताया था कि बच्चों की आयु तीन साल से कम प्रतीत होती है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों की मौत चाकू से हमला किए जाने के कारण हुई, लेकिन इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जोवेल ने कहा कि जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि बच्चों की हत्या क्यों की गई।उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग को जानकारी मिली थी कि कारिलो अपनी कार से जा रहा थी और उसका बेकर्सफील्ड इलाके में किसी से झगड़ा हुआ। उसने अपनी कार छोड़ दी तथा किसी और की कार छीनने के बाद उसमें सवार होकर चली गई।कारिलो को बेकर्सफील्ड से करीब 160 किलोमीटर उत्तर में तुलारे काउंटी के पोंडेरोसा इलाके में हिरासत में लिया गया।जोवेल ने कहा कि मामले में फिलहाल यह महिला संदिग्ध है, लेकिन अन्य लोगों की संलिप्तता की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## चंदा एकत्र करने के कार्यक्रम में रिपब्लिकन पार्टी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे ट्रंप

**पाम बीच (अमेरिका)।** नया राजनीतिक दल बनाने का संकेत दे चुके अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यहां रिपब्लिकन पार्टी के लिए चंदा एकत्र करने के कार्यक्रम में जीओपी (ग्रैंड ओल्ड पार्टी) को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे। रिपब्लिकन पार्टी को जीओपी भी कहा जाता है। द एसोसिएटिड प्रेस को मिले ट्रंप के तैयार भाषण के अनुसार ट्रंप यहां फ्लोरिडा के मार-ओ-लागो रिसॉर्ट में बंद कमरे में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में रिपब्लिकन पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे। ट्रंप ऐसे समय में यह संदेश देंगे, जब रिपब्लिकन अधिकारी पार्टी की राजनीति में ट्रंप के जारी नेतृत्व, पार्टी के लिए चंदा एकत्र करने की उनकी प्रतिबद्धता और 2024 के लिए उनकी योजनाओं को लेकर जीओपी के भीतर जारी कलह को ज्यादा तवज्जो नहीं देने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप के तैयार भाषण में लिखा हैं, हम यहां रिपब्लिकन पार्टी के भविष्य पर बात करने के लिए आज रात एकत्र हुए हैं। हम इस बात पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए हैं कि हमें हमारे उम्मीदवारों को जीत की राह पर अग्रसर करने के लिए क्या करना चाहिए। उनके भाषण में लिखा है, मुझे इस बात का पूरा भरोसा है कि 2022 में हम प्रतिनिधि सभा में जीत हासिल करेंगे और सीनेट पर फिर पर दबदबा बनाएंगे तथा इसके बाद 2024 में कोई रिपब्लिकन उम्मीदवार ही व्हाइट हाउस जीतेगा। इस कार्यक्रम के बावजूद पार्टी को लेकर ट्रंप की प्रतिबद्धता के बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने साल की शुरुआत में नया राजनीतिक दल बनाने की संभावना जताई थी और करीब एक महीने पहले उनकी राजनीतिक कार्य समिति ने रिपब्लिनक नेशनल कमेटी एवं अन्य को पत्र लिखकर कहा था कि वे चंदा एकत्र करने के लिए ट्रंप के नाम या तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं करें।



# बनें वैश्विक खिलाड़ी

**प्रोफेसर बीएन मिश्रा का कहना है कि एक अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय विकास एमबीए एक कैरियर बदलने वाला कार्यक्रम है जो वैश्विक मोर्चे पर व्यक्ति को पदोन्नति के अनेक अवसर प्रदान कर सकता है**

**देशों** में व्यवसाय विकसित करने वाली वैश्विक कंपनियों ने एक विविध और प्रतिस्पर्धी कार्यबल बनाया है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यवसाय चला सकता है। एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार विकास एमबीए प्रोग्राम से स्नातक होना एक कैरियर-बदलने वाली घटना है जो वैश्विक मोर्चे पर व्यक्ति को पदोन्नति के अवसरों में काफी वृद्धि कर सकती है।

आज, हर व्यवसाय का विस्तार होने जा रहा है। यह प्रतिस्पर्धा का दौर है और हर कोई पैसा कमाने की तकनीक अपनाने की कोशिश कर रहा है। जो कंपनियां किसी विदेशी देश में अपने व्यवसाय का विस्तार और स्थापना करने का लक्ष्य रखती हैं, उन्हें ऐसे उम्मीदवारों की आवश्यकता होती है जो अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्यों से निपटने के लिए प्रशिक्षित होते हैं और उन अवधारणाओं और सिद्धांतों के जानकार होते हैं जो व्यवसाय की स्थापना के लिए सहायक हो सकते हैं।

यहां छात्रों को योग्यताएं विकसित करने के लिए इंटरनेशनल बिजनेस लॉ एंड एथिक्स, स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग, इंटरकल्चरल मैनेजमेंट एंड इंटरनेशनल नेगोशिएशन, इनोवेशन मैनेजमेंट, इंटरनेशनल पार्टनरशिप और मर्जर एंड एक्विजिशन, एडवांस्ड बिजनेस प्लानिंग, बिजनेस प्लान जूरी प्रेजेंटेशन, इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स एंड माइक्रो मार्केट्स के बारे में पढ़ाया जाता है।

## भूमिका और जिम्मेदारियां

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विकास प्रबंधक विस्तार करने वाले जादूगर हैं जो कंपनियों के संपत्तियों पर अधिकतम मुनाफा कमाने हेतु नए कार्यक्षेत्रों में दाखिल होने की सफल रणनीतियां तैयार करते हैं। वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार विकास गतिविधियों के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रत्येक देश के लिए व्यक्तिगत व्यवसाय योजनाएं विकसित करते हैं। वे बिक्री और बाजार विकास गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अभियान विकसित करते हैं।

व्यवसाय को उपयुक्त प्रगति प्रदान करने के लिए व्यावसायिक रणनीतियों का विश्लेषण करने और उसके लिए सुधार योजनाएं विकसित करने में सहायता करते हैं। वे सभी विकास प्रक्रियाओं का प्रबंधन करते हैं और सरकारी नीतियों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। अवसरों की पहचान करने और उसी को बढ़ाने के लिए रणनीतिक योजनाएं विकसित करने के लिए व्यवसायों की सहायता करते हैं। ग्राहक/ ग्राहक संचार का प्रबंधन करते हैं और सभी के साथ एक प्रभावी संबंध बनाए रखते हैं। व्यवसाय विकास के लिए विभिन्न आकर्षक विधियों को तैयार व कार्यान्वित करते हैं। प्रतियोगी योजनाओं और प्रबंधन में उत्पादों व सेवाओं के प्रभाव की समीक्षा करते हैं। निदेशक के साथ समस्त संपर्क बनाए रखते हैं। बाजार के रुझानों का मूल्यांकन करते हैं और उत्पाद विकास के लिए उचित सहायता प्रदान करते हैं।

> **यह प्रतिस्पर्धा का युग है। जो कंपनियां किसी विदेशी देश में व्यवसाय का विस्तार और स्थापना करने का लक्ष्य रखती हैं, उन्हें ऐसे उम्मीदवारों की आवश्यकता होती है जो अंतरराष्ट्रीय परिदृश्यों से निपटने के लिए प्रशिक्षित हों और उन्हें अवधारणाओं और सिद्धांतों के बारे में ज्ञान हो जो व्यवसाय की स्थापना में मदद कर सकते हैं।**

## आवश्यक योग्यता

विश्लेषणात्मक व नेतृत्व योग्यताएं, रचनात्मकता, व्यवसाय विकास, बाजार अनुसंधान, परिगमन, नए ग्राहक, बिक्री लक्ष्य, विस्तार योजना, अंतर-सांस्कृतिक क्षमता अत्यंत अनिवार्य हैं।

## संभावना - क्षेत्र

इस डिग्री को पूरा करने के बाद, आप कहीं भी विभिन्न उद्यमों या कंपनियों में शामिल हो सकते हैं। वैश्विक कंपनियों के अलावा, जो अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। उदाहरण के लिए, एयरलाइंस और चेन रेस्तरां, अंतरराष्ट्रीय व्यापार एमबीए प्रोग्राम के स्नातक अक्सर गैर-लाभकारी संगठनों, सरकारी एजेंसियों और बैंकों के भीतर रोजगार पाते हैं।

## पात्रता

छात्र के पास किसी भी विषय में न्यूनतम तीन साल की स्नातक की डिग्री होनी चाहिए और अर्हता परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक अर्जित होने चाहिए। आप बीटेक / बीएआरसी, मेडिकल, आर्ट्स, मानविकी और विज्ञान में यूजी डिग्री पूरा करने के बाद इस कोर्स में शामिल हो सकते हैं। आवेदक को प्रवेश परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार में सफल होना होगा। इस कोर्स के लिए आवेदन करने की कोई आयु सीमा नहीं है।

## पारिश्रमिक

इस क्षेत्र में आकर्षक वेतन पाने का अच्छा अवसर है। एक प्रतिष्ठित संस्थान से लेकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विकास में स्नातकोत्तर प्रारंभिक वेतन की सीमा 5 लाख से 8 लाख प्रति वर्ष हो सकती है और पदनाम व्यवसाय विकास प्रबंधक के रूप में होगा।

**- लेखक बीर टिकेन्द्रजीत युनिवर्सिटी, मणिपुर के चांसलर हैं।**

# हर छात्र को करनी चाहिए यूपीएससी की तैयारी

**रोहित जैन का कहना हैं कि यूपीएससी की तैयारी करना स्नातकों के लिए सबसे अच्छी बात हो सकती है क्योंकि अनुशासन, विस्तृत ज्ञान और विश्लेषणात्मक कौशल जिन्हें व्यक्ति सीखता है वे अत्यंत उपयोगी हैं।**



रोहित जैन, सह संस्थापक यू फाबेर

आज देश में सर्वोत्तम नौकरी कौन सी है? तो निस्संदेह यदि हम मतदान करें, तो सिविल सेवा स्पष्ट विजेता के रूप में सामने आएगी। यूपीएससी परीक्षा को देश की सबसे कठिन परीक्षा माना जाता है, और इसमें सफल होना कोई मजाक नहीं है। इसमें सघन प्रतियोगिता और विशाल पाठ्यक्रम प्रस्तावित होने के कारण इसे यह प्रतिष्ठा मिली है। फिर भी, हम यूपीएससी की तैयारी के लिए देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को कतारबद्ध होते क्यों नहीं देखते हैं। यूपीएससी कुछ चुनिंदा लोगों के लिए ही प्राथमिकता क्यों है?

यूपीएससी की तैयारी करना हमारे युवा स्नातकों के लिए सबसे अच्छी बात हो सकती है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति जो अनुशासन,विस्तृत ज्ञान और विश्लेषणात्मक कौशल सीखता है, वो किसी भी पेशे में उपयोगी है। केवल आवश्यकता इस बात की है कि इस परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को दृढ़प्रतिज्ञ, ध्यान केंद्रित, और उच्च ऊर्जावान होना पड़ता है यदि वे परीक्षा को पास करना चाहते हैं। कोई भी 21 वर्षीय स्नातक यूपीएससी परीक्षा के लिए पात्र है। जो छात्र डिग्री की पढ़ाई करने के दौरान यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू कर देते हैं उन्हें समय प्रबंधन में उचित सबक मिलता है। उन्हें उन कक्षाओं व पाठ्यक्रमों के साथ अपनी तैयारी का समन्वय बनाना होगा जिसमें उन्होंने दाखिला लिया है और उन्हें उचित समय-सारिणी का पालन करना होगा। यह आदत अंततः उन्हें अपने पेशेवर करियर में मदद करेगी, चाहे वे जिस भी क्षेत्र को चुनें। जिन उम्मीदवारों का चयन किया जाता है, वे देश के सबसे प्रतिभाशाली और होशियार व्यक्तियों में से होते हैं। यूपीएससी परीक्षा के लिए हर साल पांच फीसदी स्नातक भी आवेदन नहीं करते हैं। क्यों? देश में सबसे अच्छा काम बहुसंख्य स्नातक के लिए आकर्षक क्यों नहीं है? यदि हर एक छात्र परीक्षा के लिए उपस्थित होना शुरू कर देता है, तो निश्चित रूप से प्रतिभा की मात्रा में वृद्धि होगी और यह राष्ट्र के लिएफायदेमंद होगा। प्रमुख चिंता यह कि कॉलेज के छात्रों को लगता है कि यूपीएससी की तैयारी के साथ-साथ नियमित पढ़ाई कैसे प्रबंधित करें? और इस दुविधा में फंसकर, अधिकांश छात्र एक दिन सिविल सेवक बनने के अपने सपने को त्याग देते हैं।

आज किसी भी छात्र के सामने चुनौती अलग है। व्हाट्सएप, यूट्यूब और गूगल की दुनिया में, कोई व्यक्ति सूचना और सामग्री का भरोसेमंद और संक्षिप्त स्रोत कैसे पा सकता है। मुफ्त सामग्री का लाभ उठाने का लालच अनेक लोगों का कीमती समय बर्बाद करता है। इन प्रारंभिक वर्षों को बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए।

जीवन में जल्दी परीक्षा की तैयारी शुरू करने पर, जो लाभ मिल सकते हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए, हम यूपीएससी पाठशाला में भी अलग-अलग पाठ्यक्रम लेकर आए हैं, जिनका उद्देश्य उचित मार्गदर्शन के साथ शुरुआती शुरुआत करने वालों की मदद करना है। इस प्लेटफॉर्म का लचीलापन छात्रों के लिए यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ उनकी नियमित कॉलेज दिनचर्या को भी आसान बनाता है। प्रत्येक व्यक्ति जो वर्तमान में किसी भी विश्वविद्यालय में नामांकित है, को यूपीएससी परीक्षा में सफल होने का लक्ष्य रखना चाहिए क्योंकि परीक्षा की तैयारी के लिए इससे बेहतर समय नहीं होगा। आवेदक कोआर्थिक लाभ और मन की शांति परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्राप्त होगी और देश की सेवा करना उसके वर्तमान में किए गए प्रयासों से मेल खाएगा। यह कहना सही नहीं होगा कि यूपीएससी परीक्षाओं में भाग लेना छात्रों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए क्योंकि डिग्री का पीछा करना सही न हो सकता क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति को वह करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए जो वह करना चाहता है या चाहती है। लेकिन प्रत्येक छात्र को इस बात से अवगत कराया जाना चाहिए कि सिविल सेवा भी एक आकर्षक विकल्प है, यह मानते हुए कि प्रत्येक पेशा समाज में बदलाव लाने का मौका नहीं देगा।

## स्कॉलरशिप



दवेरीजोन इंडिया ने प्रोग्रामिंग और डेटा साइंस में बीएससी करने के लिए मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप प्रोग्राम, वी प्रोवाइड राइट ओपरचुनिटी टू पावर इलेबल्ड लर्निंग, की शुरूआत करने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मद्रास के साथ सहयोग किया है।

इसका उद्देश्य उन मेधावी छात्रों का समर्थन करना है जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 1 लाख से कम है। इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम के माध्यम से, चुनिंदा छात्रों को चार शैक्षणिक शर्तों के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त होगी।

इससे शिक्षार्थियों को आयु, स्थान या शैक्षणिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना आईआईटी मद्रास से स्नातक की डिग्री /डिप्लोमा हासिल करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, छात्रवृत्ति मेधावी महिला छात्रों और छात्रों को प्राथमिकता देगी।

कार्यक्रम की अधिक जानकारी के लिए कृपया https://onlinedegree.iitm.ac.in पर देखें।

द क्वीन युनिवर्सिटी, बेलफास्ट अकादमिक सत्र 2021- 2022 के लिए अपने अंडरग्रेजुएट अवार्ड हेतु आवेदन आमंत्रित करती है।

**राष्ट्रीयता :** अंतर्राष्ट्रीय छात्र (भारतीय) इसमें आवेदन कर सकते हैं।

**स्कालरशिप धनराशि :** 2500 से 3000 पौंड

**योग्यता :** छात्रों को स्व-वित्त पोषित होना चाहिए (अध्ययन के पहले वर्ष के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है, और इसे नामांकन पर सकल शिक्षण शुल्क से घटा दिया जाता है), यदि आप किसी बाहरी प्रायोजन निकाय, जैसे कि किसी चैरिटी, निजी संगठन, या सरकार से धन प्राप्त करते हैं, तो आप पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। छात्र अर्ली-बर्ड पुरस्कार रियायत के साथ संयोजन में अपने पुरस्कार का उपयोग कर सकते हैं।


**सहायक दस्तावेज :** आवेदकों को एक प्रतिलेख, फोटोग्राफ सिफारिश -पत्र, एक बायोडाटा, पासपोर्ट की फोटोकॉपी और पिछली सभी आवश्यक अंकतालिकाएं प्रस्तुत करनी होंगी।

**भाषा शर्तें :** छात्रों को यूके में अध्ययन करने के लिए अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट दक्षता होनी आवश्यक है।

**आवेदन कैसे करें :** प्रायोजन के लिए पात्रता हेतु , छात्रों को क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट में स्नातक की डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश लेना आवश्यक है। नामांकित होने के बाद, उम्मीदवारों का स्वचालित रूप से स्कालरशिप के लिए मूल्यांकन किया जाएगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2021 है।

# कोरोना काल में हाइब्रिड लर्निंग मॉडल का कमाल



**कोविड** -19 महामारी के प्रकोप के साथ, विश्व स्तर पर स्कूलों को बंद करना तथा अप्रत्याशित परिवर्तन का सामना करना पड़ा है। जैसा कि के -12 शिक्षण संस्थान कोर्स को पढ़ाने के रचनात्मक तरीकों की तलाश करते हैं, हाइब्रिड लर्निंग मॉडल इस अवसर पर उभर कर सामने आए हैं और सुदूर रहकर आकर्षक, जानकारीपूर्ण और प्रासंगिक शिक्षण का निर्माण करने के एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरे हैं। यहां तक कि वे पुरानी परिचित कक्षा संरचना की ओर संभावित वापसी के लिए तैयार करते हैं।

हाइब्रिड लर्निंग एक आभासी शिक्षण परिवेश है जहां वेब-आधारित प्लेटफॉर्म शिक्षकों और छात्रों के बीच ज्ञान के हस्तांतरण को सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन सामग्री व डिजिटल डिलीवरी चैनलों का उपयोग करते हैं। उन्नत हाइब्रिड लर्निंग प्रोग्राम में डिजिटल अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन गतिविधियाँ, और आवधिक मूल्यांकन शामिल हैं।

## संभावनाएं

यह देशव्यापी तालाबंदी के दौरान था कि हाइब्रिड लर्निंग मॉडल को पहले यह सुनिश्चित करने के लिए अपनाया गया था कि छात्रों की शिक्षा में बाधा न आए। एक बार जब स्कूलों को सभी दूरस्थ अनुदेशात्मक तरीकों से आभासी और ऑफलाइन कक्षाओं के मिश्रण में परिवर्तित कर दिया गया, तो शिक्षक ऑनलाइन और प्रत्यक्ष दोनों माध्यमों को अपनाने में सक्षम थे। नतीजतन, हाइब्रिड लर्निंग मॉडल अब छात्र की पहुंच में विभिन्न समाधान पहुंचाने में मदद कर रहा है।

एक तकनीक-सक्षम कक्षा को कई भागीदारों की आवश्यकता होती है जो एक प्रभावी मिश्रित शिक्षण वातावरण बनाने के लिए साथ मिलकर काम करते हैं। यह उन उपयोगकर्ताओं की विभिन्न श्रेणियों को जोड़ती है जिनके पास अपेक्षाओं के विभिन्न समूह हैं। छात्रों को एक मंच पर सभी संसाधनों, निर्देशों और दिशानिर्देशों को खोजने और किसी भी संदेह की स्थिति में अपने प्रशिक्षकों तक पहुंचने में सक्षम होने की की आवश्यकता होती है।

इसी तरह, शिक्षकों को एक आभासी मंच की आवश्यकता होती है जहाँ वे अपने छात्रों को देख सकते हैं और उनसे बातचीत कर सकते हैं, अपने नोट्स और अन्य अध्ययन सामग्री उनके साथ साझा कर सकते हैं और छात्र के प्रदर्शन का आंकलन कर सकते हैं।

तकनीकी स्टाफ को एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की आवश्यकता होती है जिसे संचालित करना आसान हो और जो एक बार सेट हो जाने पर आसानी से चल सके। स्कूल प्रशासन को कार्यक्रम की जांच करने और छात्र की फीस जमा करने के लिए दृश्यता और लचीलेपन की आवश्यकता होती है। यहां तक कि माता-पिता को भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की आवश्यकता होती है ताकि वे सहज हो सकें व वे अपने बकाए का भुगतान करने के साथ-साथ अपने बच्चे की सीखने की प्रक्रिया पर नजर रख सकें।

## माइंड इट

अत्यंत आसान और बिना किसी भौगोलिक सीमाओं वाले अनेक लाभ प्रदान करने के कारण के-12 में हाइब्रिड लर्निंग को आने वाले समय में भारी लाभ के रूप में देखा जा सकता है।

चूंकि शिक्षक कहीं से भी डेटा एक्सेस कर सकते हैं, वे छात्रों को मशीनों द्वारा संचालित अनेक सांसारिक कार्यों जैसे ग्रेडिंग और आकलन के साथ अधिक प्रभावी ढंग से निर्देश दे सकते हैं। हाइब्रिड शिक्षण भी शिक्षकों को खुद को निखारने व पुनर्कौशल हासिल करने के अवसर प्रदान करता है ताकि वे तकनीक को संभालने में माहिर हो जाएं।

हाइब्रिड शिक्षा अधिक रोजगार भी उत्पन्न करेगी क्योंकि शिक्षा उद्योग के भीतर कुशल शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों की मांग में वृद्धि होगी। इसके अलावा, के-12 छात्रों को वैश्विक प्रदर्शन के साथ मिलकर उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण से अवगत कराया जाएगा।शिक्षण के इस रूप में रचनात्मकता को बढ़ाने और व्यक्तिगत सबक प्रदान करने की बहुत अधिक क्षमता है जो बदले में युवा छात्रों के लिए सीखना अधिक सार्थक बना देगा। शिक्षकों को इस बात पर विचार करना होगा कि हाइब्रिड ढांचे में प्रत्यक्ष शिक्षण के बरक्स ऑनलाइन सीखने के लिए किस तरह की गतिविधियाँ सबसे उपयुक्त होंगी।सामग्री वितरण ऑनलाइन किया जा सकता है, लेकिन शिक्षकों को छात्र कौशल पर वैसा ही ध्यान केंद्रित करना होगा जो वे ऑफलाइन कक्षाओं में प्रदर्शित करते हैं, क्योंकि इस पहलू पर आभासी सत्र में अन्य छात्रों के साथ एक समकालिक पाठ में ध्यान नहीं दिया जा सकता है।

वर्तमान समय में अधिक साहसी शिक्षा व्यवस्थाओं का आह्वान किया गया है जो नई तकनीकों के लिए चुस्त और अनुकूल हैं। जिस तरह शिक्षक व संस्थान आवश्यक समायोजन और अपेक्षित निवेश करते हैं, वे इस चुनौतीपूर्ण समय को कल के लिए एक बेहतर शिक्षा प्रणाली बनाने हेतु एक अनुकूल अवसर के रूप में उपयोग कर सकते हैं।

**- लेखक योगेश मक्कड़, कपडेक के संस्थापक हैं।**